दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ बुधवार 05 मार्च 2025 ■ वर्ष-02 ■ अंक-127 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अतः विचार ही महत्वपूर्ण हैं।
-साईं बाबा




## 'वनतारा' में शेरों के बीच नमो शावकों को किया दुलार

### गुजरात में वन्यजीव बचाव केंद्र का किया उद्घाटन

- वनतारा में 2,000 प्रजातियों के जानवर
- वन्यजीव अस्पताल का दौरा भी पीएम ने किया



**एजेंसी ■ अहमदाबाद**

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। यह वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र है। वनतारा 2000 से अधिक प्रजातियों और 1.5 लाख से ज्यादा बचाए गए लुप्तप्राय और संकटग्रस्त जानवरों का घर है। मोदी ने सेंटर में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कई प्रजातियों के उन जानवरों को करीब से देखा, जिन्हें यहां लाकर उनकी जिंदगी को फिर से आबाद किया गया है। यहां उन्होंने एशियाई शेर के बच्चों, सफेद शेर के बच्चे, तेंदुए के बच्चे जो एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति है, कैराकल के बच्चे सहित विभिन्न प्रजातियों के साथ समय बिताया और उन्हें खाना खिलाया। जिस सफेद शेर के बच्चे को बड़े प्यार से खाना खिलाया, वो इसी सेंटर में पैदा हुआ था। उसकी मां को बचाकर इलाज के लिए 'वनतारा' लाया गया था। पीएम मोदी ने कई खूंखार जानवरों को भी करीब से देखा। सफेद शेर और हिम तेंदुए के साथ आमने-सामने बैठे।

**मोहन कैबिनेट की लगी मुहर: सालाना 17 करोड़ रुपए होंगे खर्च**

# महाकाल मंदिर में होगी 488 होमगार्ड वालंटियर की भर्ती

- दूसरे अनुपूरक बजट को मिली मंजूरी, अब विधानसभा में किया जाएगा पेश
- प्लानिंग एरिया के बाहर भी प्रोजेक्ट तय कर सकेंगी निर्माण एजेंसियां
- प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलेगा
- नगर और ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 66 में संशोधन करने का निर्णय

- पोषण भी-पढ़ाई भी प्रशिक्षण के लिए 30 करोड़ 56 लाख की स्वीकृति
- राजस्व भू-अभिलेखों के डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख
- छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के तीन वनमंडलों को पुनर्गठित किए जाने का निर्णय

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश में अब कोई भी शासकीय विभाग प्लानिंग एरिया के बाहर भी प्रोजेक्ट तैयार कर सकेगा और राज्य सरकार को प्रस्ताव देगा, जिसे सरकार अनुमति देगी। ऐसे प्रोजेक्ट की कम से कम लागत 500 करोड़ होनी चाहिए। मोहन सरकार ने नगर और ग्राम निवेश से संबंधित विधेयक को भी मंजूरी दे दी है, जिसे विधानसभा में लाया जाएगा। इसके साथ ही उज्जैन महाकाल मंदिर में होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के 488 पद स्वीकृत करने की मंजूरी दी गई। इस पर सालाना 17 करोड़ रुपए का व्यय आएगा। एक वर्ष के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके अलावा,द्वितीय अनुपूरक बजट का भी अनुमोदन किया गया। यह 15000 करोड़ से अधिक होगा। 16 वें वित्त आयोग के समक्ष प्रदेश की वित्तीय स्थिति और 2026 से 2031 तक के लिए केंद्र से प्राप्त की जाने वाली राशि के संबंध में प्रस्तुतीकरण छह मार्च को होगा। इसमें सभी मंत्री उपस्थित रहेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। किसानों से गेहूं 2600 रुपए क्विंटल की दर से खरीदने के निर्णय को कैबिनेट ने स्वीकृति दी। 80 लाख मीट्रिक टन गेंहू के उपार्जन पर 1,400 करोड़ राज्य के कोष से व्यय किया जाएगा। धान पर 4000 रुपए हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि देने को भी मंजूरी दी गई। सरकार 480 करोड़ व्यय करेगी। 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। 30 मार्च को गुड़ी पड़वा मनाया जाएगा, जिसे सरकार हिंदू नव संवत्सर के रूप में भव्य तरीके से आयोजित करेगी।

**मोहन का अभिनंदन...**



मंगलवार को कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ अन्य मंत्रियों ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सफल और उपलब्धि पूर्ण आयोजन के लिए अभिनंदन किया।

### भूमि का रिकॉर्ड डिजिटाइज होगा

कैबिनेट बैठक में 138.41 करोड़ की लागत से किसानों की भूमि का रिकॉर्ड डिजिटाइज करने की परियोजना को मंजूरी दी गई। डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। पांढुर्णा जिले में नया जिला कार्यालय स्थापित करने और नए वन मंडल का गठन करने के निर्णय के तहत दक्षिण छिंदवाड़ा वनमंडल समाप्त कर दिया जाएगा और पूर्व और पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडलों का पुनर्गठन किया जाएगा। एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की संगठनात्मक संरचना में बदलाव करने पर चर्चा की गई।

### रिटायर तहसीलदार की पेंशन होगी जब्त!

आबकारी विभाग के सेवानिवृत्त उपायुक्त विनोद रघुवंशी और ओपी शर्मा को आपराधिक मामलों में तीन साल की सजा होने के कारण उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य लाभ जब्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई। आरके कटारे (सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी) की पेंशन स्थायी रूप से समाप्त करने पर विचार किया गया। रिटायर तहसीलदार नन्हेलाल वर्मा की पूरी पेंशन जब्त करने पर चर्चा हुई।

### संस्कार देने की देंगे ट्रेनिंग

भारत सरकार के सक्षम आंगनबाड़ी और मिशन पोषण 2.0 के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वे बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी दे सकें। इसके आयोजन के लिए 30 करोड़ 56 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी।

### इलाज पर खर्च की मंजूरी

कैबिनेट में कुछ कर्मचारियों और उनके परिजनों के राज्य से बाहर कराए गए इलाज पर खर्च की कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। जनजातीय कार्य विभाग की सहायक शिक्षक अधीक्षक जिला रीवा-3.30 लाख। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मिठूलाल चर्मकार पशु परिचारक, जिला अनूपपुर। अमित जोटे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बैतूल। ईश्वरदास चंदेलकर (रिटायर्ड उप वन क्षेत्रपाल) की पत्नी का इलाज गैर-मान्यता प्राप्त अस्पताल में कराने पर 2.27 लाख की प्रतिपूर्ति पर विचार किया गया। भगवानदीन पांडेय सहायक शिक्षक, हटवा खास जिला सीधी।

## सर्बिया की संसद में स्मोक ग्रेनेड से हमला

**बेलग्रेड।** यूरोपीय देश सर्बिया की संसद में मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने स्मोक ग्रेनेड फेंके। विपक्ष ने यह प्रदर्शन सरकार की नीतियों के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में किया। सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी की अगुआई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने जैसे ही सत्र के एजेंडे को मंजूरी दी, कुछ विपक्षी नेता अपनी कुर्सी से उठकर स्पीकर की कुर्सी की तरफ दौड़ पड़े। उन्होंने सदन में स्मोक ग्रेनेड फेंक दिया, जिससे सदन में काला धुआं भर गया। इस दौरान उनकी सिक्योरिटी गाड्र्स से हाथापाई भी हुई। इस हमले में दो सांसद घायल हो गए हैं, जिनमें से एक सांसद की हालत गंभीर है। स्पीकर एना ब्रनाबिक ने कहा कि संसद अपना काम करना जारी रखेगी।

**दो सांसद घायल, एक की हालत गंभीर**

**सरकार के एजेंडे से नाराज सांसदों ने किया बवाल**

## सुप्रीम टिप्पणी! राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम

### अनदेखी से प्राइवेट अस्पतालों को मिला बढ़ावा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इस रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्यूपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच इस पर सुनवाई की। केंद्र ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो।



### अस्पतालों को करो कंट्रोल

बेंच ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें। राज्य सरकारें प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों से अस्पताल के दुकानों से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल रही हैं।

### अहम टिप्पणी

44 राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे प्रदेश के लोगों के लिए सही मेडिकल सुविधा की व्यवस्था करें। कुछ राज्य सरकारें जरूरी मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने में सफल नहीं रही हैं। निजी अस्पताल मनमानी कर रहे हैं।
–सूर्यकांत, जस्टिस, सुप्रीम कोर्ट

## आतंकी अब्दुल रहमान दस दिन की रिमांड पर

### राम मंदिर पर हमले की रच रहा था साजिश



**नई दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर पर आतंकी साजिश करने वाला गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को अदालत में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे 10 दिन के रिमांड पर भेजने की मंजूरी दी। पलवल एसटीएफ ने आरोपी के रिमांड की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ संयुक्त रूप से आरोपी से पूछताछ करेंगी। जांच एजेंसियां आतंकी नेटवर्क और हमले की साजिश से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हैं। अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और इसके संपर्कों की गहन जांच की जा रही है। गौरतलब है कि दो मार्च को गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी कनेक्शन के संदेह में अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया था।

# हिसाब बराबर

## भारत की विराट विजय से फाइनल में हम

### सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया

- कोहली और मोहम्मद शमी का दिखा जलवा
- चैम्पियंस ट्रॉफी से एक कदम दूर टीम इंडिया
- केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई
- 74वीं विराट फिफ्टी पूरी



**दुबई।** टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। विराट कोहली ने 84 रन की बेहद अहम पारी खेली। दुबई में खेले गए सेमीफाइनल में कोहली ने रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं। उन्होंने अय्यर के साथ 91, अक्षर के साथ 44 और राहुल के साथ 47 रन जोड़े। इन्हीं पार्टनरशिप ने रन चेज को आसान बनाया। आखिर में पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर जीत दिलाई।

| रन | बॉल | चौके | |
|---|---|---|---|
| 84 | 98 | 05 | विराट कोहली |

## महाराष्ट्र के मंत्री मुंडे का इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले में एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक और मंत्री धनंजय मुंडे ने इस्तीफा सौंप दिया है। जिसे तत्काल सीएम ने स्वीकार भी कर लिया। दरअसल, देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे से इस्तीफा मांगा था। उन्होंने इसके लिए अजित पवार और पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल से भी बातचीत की थी। मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री थे। आरोप है कि बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड का हाथ है। एसआईटी ने कराड़ को हत्या का मास्टरमाइंड बताया है। हत्या से जुड़ी तस्वीरें अब सामने आई हैं। इसमें आरोपी लाठी-डंडों से सरपंच को पीटते दिख रहे हैं। इसके बाद उन्होंने सरपंच के कपड़े उतारे, उन पर पेशाब की।



**सरपंच हत्याकांडः आरोपी मुंडे का करीबी**

**सीएम फडणवीस ने किया मंजूर**

## सेबी की पूर्व प्रमुख पर नहीं दर्ज होगी एफआईआर

**मुंबई।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी। बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है।



**आह्वान** विद्या भारती के प्रशिक्षण शिविर में संघ प्रमुख भागवत ने कहा-हमें बनानी होगी मानवीय नीति, तकनीक में जो अच्छा, उसे स्वीकारना और गलत को छोड़ना होगा

# विश्व भारत की ओर देख रहा है, उसे मानवता की दिशा देनी होगी

- शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा
- सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों से समाज में परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए
- भारत ने सदैव सत्य के मार्ग पर चलते हुए अपने मूल्यों को बनाए रखा और यह आज भी उतना ही प्रासंगिक

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को भोपाल में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर भोपाल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी अहम भूमिका निभाती है। विश्व भारत की ओर देख रहा है उसे मानवता की दिशा देनी होगी। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए जरूरी है कि हम अपने कार्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। परिवर्तन जरूरी है, क्योंकि संसार स्वयं परिवर्तनशील है, लेकिन यह अधिक महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए। इस अवसर पर संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव, महामंत्री अवनीश भटनागर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा, इच्छाई को स्वीकार बढ़ना होगा आगे
- हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी, भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया



### आज कई विकृतियां उभर रहीं...

संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक बदलावों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की आवश्यकता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तब भारत ही वह ध्रुव तारा है जो सही दिशा प्रदान कर सकता है। इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने उल्लेख किया कि विद्या भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों का वैश्विक स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है।

### अच्छे को स्वीकार कर आगे बढ़ें

भागवत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी विद्या भारती की व्यापकता को स्वीकार किया है। यह प्रमाणित करता है कि संघ और उसके सहयोगी संगठनों का कार्य केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वैश्विक महत्व भी है। आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा।

### सब में मैं हूं, मुझमें सब...

भागवत ने कहा कि आज समाज में नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना जरूरी है। हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए। आने वाले समय में भारत को एक आदर्श समाज मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना होगा, जो संपूर्ण विश्व को शांति और समरसता की ओर ले जाने में सक्षम हो। हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। सब में मैं हूं, मुझमें सब हैं।

sattasudharbpl@gmail.com | satta_sudhar | facebook.com/satta.sudhar.7 | www.sattasudhar.in
पांच राज्यों से एक साथ प्रकाशित

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया जनजातीय समाज के लिए बड़ा एलान

# सरकार भगोरिया समेत अन्य जनजातीय उत्सव बड़े स्तर पर मनाएगी

### कलाकारों के खातों में राशि ट्रांसफर करने की भी घोषणा की

सत्ता सुधार ■ भोपाल



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को जनजातीय समाज के लिए बड़ी घोषणा की। उन्होंने भोपाल में आयोजित जनजातीय देव लोक महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि अब सरकार भी भगोरिया समेत अन्य उत्सव बड़े स्तर पर पर मनाएगी। इस कार्यक्रम में जनजातीय समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर सीएम ने मुख्यमंत्री आवास को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह आवास अब जनता का घर है। हमारे जनजातीय समाज में गोंडी भाषा, कोरकू भाषा, भीली भाषा, भिलाला भाषा सहित कई भाषाएं हैं। इन भाषाओं की आवाज आत्मा से आती है। हमें भले ही इन भाषाओं के शब्द नहीं आते, लेकिन इनमें से प्रेम का रस टपकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए अभी कोई चुनाव का समय नहीं है, लेकिन मैं इस प्रेम की गंगा और परंपरा-संस्कृति के आनंद में खुद और आपसभी को डुबकी लगवाना चाहता हूं। हमारे सभी तीज-त्योहार अहम हैं। इन त्योहारों को मनाने का आनंद ही अलग है। इनमें भी जनजातीय महोत्सवों का अपना आनंद है। हमारे यहां भगोरिया का भी विशेष महत्व है। यह हमें जीवन की खुशियों का अहसास कराता है। हमने देवी-देवता नहीं देखे, लेकिन जनजातीय समाज को देखते हैं तो सारे देवी-देवताओं को नमन करने की इच्छा हो जाती है। जनजातीय समाज भोला-भाला समाज है। उसे जो मिल गया-जैसा मिल गया, आनंद के साथ ग्रहण करता है। जनजातीय समाज दोस्ती में जान भी दे सकता है। जनजातीय जिस तरह से परंपराएं निभाते हैं वो पूरे देश के लिए गौरव की बात है।

सीएम ने कहा कि जब कभी देश का खराब समय आया, जब भी देश के सामने कोई चुनौती आई, तो बाकी लोग भले ही दब गए होंगे, डर गए होंगे, लेकिन हमारा जनजातीय समाज नहीं डरा और चुनौतियों का छाती ठोंक कर मुकाबला किया। भगवान बिरसामुंडा, मामा टंट्याभील ने अंग्रेजों को वो धूल चटाई कि उन्हें अपनी औकात पता चल गई। हमने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया। रानी दुर्गावती ने जीवन में जो युद्ध लड़ा, वो जीता। गोंडवाना की इस रानी ने 51 युद्ध लड़े और अच्छे-अच्छों को पानी पिलाया। 52वें युद्ध में जब उन्होंने देखा कि युद्ध हार जाऊंगी तो किसी के शरीर छूने से पहले ही अपने प्राण त्याग दिए। हम सभी को उनके बलिदान को याद रखने की जरूरत है। हमारे जनजातीय समाज ने अपने जन्म को सफल कर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जनजातीय समाज के लिए बहुत काम किया। उन्होंने हर छोटी-छोटी जगहों पर भी सड़कें बनाने का काम किया है। हम शक्ति का केंद्र निचले स्तर पर बनाएंगे। सभी देवी-देवताओं के स्थानों को अच्छे से अच्छा बनाएंगे। अब राज्य सरकार भगोरिया जैसे स्थानीय उत्सवों को राजकीय स्तर पर मनाएगी। इसकी शुरुआत भगोरिया उत्सव से ही होगी। हमारी सरकार ने ढाई लाख वन अधिकार पत्र वितरित किए हैं। सभी खेतों में पानी पहुंचाएंगे। बिजली की व्यवस्था करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने हैदराबाद निवासी डॉ. कीर्ति को कराया एयर लिफ्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने प्रयागराग महाकुंभ से लौटते समय सतना अमरपाटन में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हैदराबाद की डॉ. कीर्ति पामो को एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आभार माना है। उल्लेखनीय है घायल डॉ. कीर्ति का इलाज सतना के एक अस्पताल में चल रहा था। परिजनों की मांग पर राज्य मंत्री बागरी ने रामपुर बघेलान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव से परिजनों की भेंट कराई और डॉ. कीर्ती को बेहतर इलाज के लिए उनके शहर हैदराबाद एयरलिफ्ट करने में सहायता का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराग महाकुंभ से लौट रहीं डॉ. कीर्ति को तत्काल सतना से हैदराबाद एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए।

### भारत की पहचान दूध-दही से

आने वाले 3 साल में सभी किसानों को सोलर पंप दिए जाएंगे। किसान खुद की बनाई बिजली से ही खेती और बागवानी कर पाएंगे। जनजातीय किसान अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच सकेंगे। गेहूं उत्पादक किसानों को अब 2600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से उपार्जन का लाभ देंगे। धान उत्पादन किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सरकार दूध उत्पादन पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस भी प्रदान करेगी। भारत की पहचान दूध-दही से है। सरकार सहकारिता के माध्यम से दूध खरीदेगी। बच्चों की शिक्षा, गांव-गांव तक पक्की सड़क, सरकारी बसों का संचालन शुरू किया जा रहा है।

### वित्तीय सहायता के चेक किए वितरित

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पधारे हर जनजातीय कलाकार के बैंक खाते में 5-5 हजार रुपए डालने की घोषणा करता हूं। इसी प्रकार 946 जनजातीय कलाकारों के खाते में 46 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर की जाएगी। 3000 रुपये के मान से प्रति पेसा ग्राम सभा को राशि डालेंगे। इस तरह 3 करोड़ 47 लाख रुपए की राशि से ग्राम सभाएं अपने-अपने देवस्थानों का विकास कर पाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैसा ग्राम सभा को 3-3 हजार रुपए वित्तीय सहायता के लिए चेक भी वितरित किए।

### नर्मदा बेसिन से जुड़े सभी प्रोजेक्ट्स में गति लाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा बेसिन से जुड़े प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन में और तेजी लाई जाए। जिससे कि सभी क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी किसानों के खेतों में टेल एंड तक पानी पहुंचाने की समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कम्पनी की कार्य-प्रणाली और भविष्य की योजनाओं पर विमर्श किया, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

---

## ब्रीफ न्यूज

### राजधानी के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से बनाएं जाएंगे द्वार

**भोपाल।** आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सभी प्रमुख मार्गों के नाम महापुरुषों के नाम से होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कि भोपाल समेत मध्यप्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि गौरवशाली अतीत को जन-जन तक पहुंचाते हुए, राजधानी के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाएं जाएंगे। सीएम ने ऐलान किया कि राजा भोज, विक्रमादित्य समेत अनेक महापुरुषों के नाम के द्वार बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा-भोपाल समेत मध्यप्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि गौरवशाली अतीत को जन-जन तक पहुंचाते हुए, राजधानी के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनाएं जाएंगे।

### अर्जुन सिंह की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**भोपाल।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की 14वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को भेल के ठेका श्रमिकों ने उन्हें याद किया। श्रमिकों ने सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह के पुत्र अजय सिंह सहित भेल के श्रमिक और सैकड़ों लोग शामिल हुए। अर्जुन सिंह केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल भी रह चुके थे। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह ने अपने कार्यकाल में गरीबों के लिए महत्वपूर्ण काम किए। उन्होंने गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली कनेक्शन और पट्टे दिलवाए। इन कार्यों के लिए उन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता था। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह चौहान, प्रवीण सक्सेना, भेल श्रमिक नेता दीपक गुप्ता, अनोखी मानसिंह पटेल और राहुल सिंह राठौर भी शामिल हुए।

---

## स्वच्छ पेय जल और स्वास्थ्य की आधारशिला : डिप्टी सीएम शुक्ल

### हर घर में उचित मात्रा और गुणवत्ता पूर्ण जल आपूर्ति करें

सत्ता सुधार ■ भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वच्छ पेय जल अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। इससे जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण होता है, साथ ही अस्पतालों पर भी दबाव कम होता है। उप मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ऐसे क्षेत्र जहां कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां मॉनिटरिंग करके, प्रत्येक घर में उचित मात्रा और गुणवत्ता पूर्ण जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा एवं मऊगंज जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि, एमडी जल निगम केवीएस चौधरी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री ने कंदेला सामुदायिक योजना के अंतर्गत ग्राम सगरा, इटौरा, भाटी, पुरैना, टिकुरी, अजगरहा, नवागांव, लक्ष्मणपुर लौवा, कपुरी, सनौरा, कुशहा आदि में गांवों की जलापूर्ति की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत 32 एकल नल-जल योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने टमस सामुदायिक योजना में 20 जल टंकियों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। शुक्ल ने कहा कि योजनाओं की प्रभावी निगरानी कर समय-सीमा में कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाये।

## पशुपालन मंत्री ने वितरित किए पशुपालन एवं डेयरी उद्योग के लिए ऋण

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल सेंट्रल द्वारा मंगलवार को एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, श्री लखन पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने पशुपालन एवं डेयरी उद्योग के लिए विभिन्न हितग्राहियों को ऋण वितरित किए। बैंक द्वारा कुल 255 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिनमें 30 करोड़ रुपए के ऋण पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में प्रदान किए गए।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

बैंक के कार्यकारी निदेशक संजय रुद्रा द्वारा बैंक की योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में टेक्नोफाइबर इंडस्ट्रीज अनिल अग्रवाल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अरुण कुमार सुरसला, उप अंचल प्रमुख, प्रांजल बाजपेयी, ग्राहकगण, भोपाल स्थित शाखाओं के प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय कार्यालय, अंचल कार्यालय के सदस्य उपस्थित थे।

## राजघाट जल विद्युत गृह ने बिजली उत्पादन कर बनाया रिकार्ड

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के स्टॉफ को दी बधाई



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 45 मेगावाट क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह ने 26 वर्ष के इतिहास में प्रथम बार लगातार तीन वर्ष 100 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया है। राजघाट जल विद्युत गृह ने वर्ष 2022-23 में 125.6 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 104.55 मिलियन यूनिट और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 101 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों की कुल स्थापित क्षमता 915 मेगावाट है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने राजघाट जल विद्युत गृह के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। राजघाट जल विद्युत गृह अशोक नगर में बेतवा नदी पर स्थित है। इस विद्युत गृह में उत्पादित होने वाली बिजली में मध्यप्रदेश का अंश लगभग 60 फीसदी है और शेष बिजली उत्तर प्रदेश को प्रदाय होती है। राजघाट जल विद्युत उत्पादन ने 26 वर्ष के इतिहास में वर्ष 2005-06 में सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।

**पूर्व क्षेत्र कंपनी को मिला हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड:** भारत सरकार, द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली मे लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश की लगभग 70 डिस्कॉम, 28 ट्रांसमिशन कंपनी तथा 25 जनरेशन कंपनी ने भाग लिया। इसमें से म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के स्टॉफ को बधाई दी।

## सांची के स्तूप मप्र में स्थापत्यकला का अद्भुत शिल्पकारी का नमूना: डॉ. पनगढ़िया

### 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष ने किया सांची और उदयगिरि का भ्रमण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने सांची स्तूप की भव्यता और कलात्मक उत्कृष्टता को देखकर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सांची के स्तूप प्रदेश में स्थापत्यकला का अद्भुत नमूना है। यह ऐतिहासिक स्थल तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महान सम्राट अशोक द्वारा निर्मित कराया गया था और बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण केंद्रों में से एक है। सांची के स्तूप अपनी उत्कृष्ट स्थापत्य शैली और अद्भुत शिल्पकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां मौजूद तोरण द्वार और जटिल नक्काशीदार स्तंभ बौद्ध जातक कथाओं और घटनाओं को दर्शाते हैं। मंगलवार को 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. सौम्य कांति घोष एवं डॉ. मनोज पांडा ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल



सांची स्तूप और ऐतिहासिक उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचय प्राप्त किया और भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर को नजदीक से देखा। इसके पूर्व वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव ने भोपाल आगमन पर आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से सांची स्तूप के इतिहास को एक रोचक कहानी के माध्यम से जाना। बौद्ध धर्म के विकास, सम्राट अशोक की धम्म नीति और सांची के ऐतिहासिक महत्व की गहरी जानकारी प्राप्त हुई।

आयोग के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों ने उदयगिरि गुफाओं का भी भ्रमण किया। गुप्तकालीन इन गुफाओं में भगवान विष्णु और अन्य देवी-देवताओं की अद्भुत मूर्तियां उकेरी गई हैं, जो प्राचीन भारतीय कला और धर्म का अनुपम उदाहरण हैं। उदयगिरि की 20 गुफाओं में विशेष रूप से वाराह अवतार की विशाल प्रतिमा, जिसमें भगवान विष्णु पृथ्वी को समुद्र से निकालते हुए दिखाए गए हैं, ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वित्त आयोग के सदस्यों ने कहा कि सांची और उदयगिरि जैसे ऐतिहासिक स्थल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। इन स्थलों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी के लिए 1431 पद स्वीकृत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी की संगठनात्मक संरचना में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रस्ताव में कम्पनी के लिये 1431 नवीन नियमित पद सृजित करने का अनुमोदन किया गया है। स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिये ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया है। तोमर ने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से कम्पनी के कार्यों में गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 में ट्रांसमिशन कम्पनी की कुल क्षमता 35 हजार मेगावॉट थी और अब 80 हजार मेगावॉट से अधिक हो गयी है। इसके बावजूद पदों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई थी।कम्पनी द्वारा नियमित तौर पर सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना करते समय समकक्ष पद पर उस समय कार्यरत संविदा कार्मिकों की संख्या घटाकर, शेष रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी।

## जीआईएस की सफलता पर मंत्री उइके व मंत्री भूरिया ने सीएम को दी बधाई



**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके एवं महिला बाल विकास निर्मला भूरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की अभूतपूर्व सफलता के लिए शॉल, श्रीफल और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर बधाई दी। मंत्री उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रभावी नेतृत्व में प्रदेश निवेश और उद्योगों के लिए एक आदर्श केंद्र बनकर उभर रहा है। जीआईएस के सफल आयोजन से देश-विदेश के निवेशकों का मध्यप्रदेश पर विश्वास और मजबूत हुआ है। इससे राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिक विस्तार और आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

---

**डेवलपमेंट** | मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना, जीआईएस में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसियों के साथ हुए एमओयू

# युवाओं और उद्योगों के बीच की दूरी होगी कम, रोजगार के अवसर होंगे सृजित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-भोपाल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड-शो के परिणामस्वरूप, मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना। साथ ही कुशल मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाला आदर्श स्थान पर बन गया है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और स्किल डेवलपमेंट को आपस में जोड़ते हुए 'इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स' तैयार करने की दिशा में कई रणनीतिक साझेदारियां की हैं। इससे लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

जीआईएस-भोपाल में कौशल विभाग ने कई देशी-विदेशी एजेंसियों के साथ एमओयू किये। ये एजेंसियां आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए एडवांस ट्रेड्स एवं विधाओं का कौशल प्रशिक्षण देंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेशकों को कुशल वर्क फोर्स मिलेगा। जीआईएस में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 8 एमओयू साइन किये गये।



इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सहयोग से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इससे इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन जैसे ट्रेड्स में कुशल युवाओं की मांग पूरी होगी। इसी प्रकार, जीआईजेड और सिमेंस इंडिया की साझेदारी आईटी प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री-रेडी ग्रीन स्किल्स प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में सतत् और समावेशी व्यावसायिक कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। साइन्टेक टेक्नोलॉजीज और अपनाटाइम टेक प्रालि के साथ मिलकर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और अपस्किलिंग की पहल की जा रही है। इससे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिभा को विकसित किया जा सकेगा। यह कंपनी अपने डिजिटल भर्ती प्लेटफॉर्म से प्रदेश के युवाओं को संभावित नियोक्ताओं से जोड़ेगी, इससे रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल और व्यापक होगी।

ग्वालियर के सरकारी डिविजनल आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मार्तंडक सोलर एनर्जी प्रालि द्वारा प्रशिक्षित एवं प्रायोजित किया जाएगा। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की मांग के बीच संतुलन स्थापित होगा। उन्नति फाउंडेशन स्वयम पोर्टल के माध्यम से रोजगार उन्मुख ऑनलाइन पाठ्यक्रम, साइकोमेट्रिक विश्लेषण और कैरियर गाइडेंस प्रदान कर रही है, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी। प्रदेश के युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए वन वर्ल्ड एलायंस जापान के सहयोग से जापानी भाषा और आवश्यक कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे जापान में भी रोजगार के लिए तैयार हो सकेंगे। मध्यप्रदेश में ग्रीन स्किल्स और इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स को बढ़ावा देने के लिए बहुपक्षीय सहयोग जीआईएस-भोपाल के प्रभावी परिणामों के रूप में, मध्यप्रदेश में कौशल विकास और रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग स्थापित किए गए हैं। इंडस्ट्री-फोकस्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण साझेदारियों को मूर्त रूप दिया गया है।

### ग्रीन एनर्जी सेक्टर में सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग

इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स (जीआईजेड) और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने सिमुलेशन-बेस्ड वोकेशनल ट्रेनिंग फॉर ग्रीन एनर्जी जॉब्स (ग्रीन स्किल्स) परियोजना के तहत प्रदेश में इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उन्नत करने के लिए एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क और कौशल विकास निदेशालय के साथ समझौता किया है। जीआईजेड और सिमेंस इंडिया के सहयोग से, मध्यप्रदेश में आईटी प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री-प्रासंगिक ग्रीन स्किल्स से लैस करने, जेंडर समावेशन को बढ़ावा देने और वर्क-रेडीनेस को सशक्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यह सहयोग प्रदेश में सतत और समावेशी व्यावसायिक कार्यक्रमों को मजबूत करेगा।

# विधायक के पत्र को भी अधिकारी नहीं दे रहे महत्व, दरदर की ठोकर खा रही महिला

## स्मार्ट मीटर लगने के बाद 35 हजार रुपए हो गया बिजली बिल, 5 किलो आटा लेकर कर रही गुर्जरबसर

सत्ता सुधार ■ सागर

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से लगाया जा रहा है स्मार्ट मीटर हमेशा से ही जांच के दायरे में रहे हैं लेकिन विभाग द्वारा बार-बार भरोसा दिलाया जा रहा है कि जो मीटर लगाए जा रहे हैं वह सही है, लेकिन जब एक गरीब परिवार के घर स्मार्ट मीटर लगाया गया तो पूरा मामला सामने आया। जानकारी देते हुए नंदिनी अहिरवार ने बताया कि उनके यहां पहले 200 रुपए से लेकर 500 रुपए तक बिजली बिल आता था लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से 14000 रुपए से बिजली बिल चालू हुआ और कुछ माह में 35692 पर पहुंच गया वह प्रति माह बिजली का बिल भारती रहती थी लेकिन जैसे ही इतना अधिक बिल आया तो महिला घबरा गई और बिल नहीं भर पाई इसके बाद विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिया।महिला ने कई बार विद्युत विभाग के चक्कर भी लगाए लेकिन कोई फायदा नहीं निकला इसके बाद परेशान होकर महिला विधायक शैलेंद्र जैन के यहां पहुंची और विधायक शैलेंद्र जैन ने भी विद्युत विभाग कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा कि कुंजीलाल अहिरवार पिता मुन्नालाल अहिरवार, निवासी संत रविदास वार्ड सागर (उपभोक्ता सर्विस क्र. 1407015454) को माह जुलाई 2024 से लगातार 407, 333, 352, 371, 330, 341 यूनिट का भारी भरकम बिल दिया जा रहा है एवं ठंड के मौसम में भी इस प्रकार की खपत यूनिट का बिल दिया गया है। एक माह में इतनी अधिक खपत यूनिट का बिल दिया जाना गंभीर त्रुटिपूर्ण है। इनका छोटा सा परिवार है, दैनिक मजदूरी से बमुश्किल परिवार का भरण-पोषण होता है। इन्हें बकाया बिल राशि रू. 35,692.00 जारी किया गया है, जिसे नहीं भर पाने के कारण इनका विद्युत कनेक्शन भी विच्छेद कर दिया गया है, जो न्यायसंगत एवं उचित प्रतीत नहीं होता है।विधायक ने अधिकारी से कहा कि कुंजीलाल अहिरवार के विद्युत बिल की विधिवत जाँच करवाकर खपत अनुसार सही बिल जारी कराने एवं शीघ्र विद्युत कनेक्शन जुड़वाने का कष्ट करें।



### विधायक का पत्र लेकर पहुंची महिला, अधिकारियों ने कहा बिजली बिल तो भरना ही होगा

कुंजीलाल अहिरवार के घर से आई महिला नंदिनी अहिरवार जब विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंची तो विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बिल तो भरना ही होगा महिला ने विधायक जी के पत्र को भी दिखाया लेकिन अधिकारियों ने कोई महत्व नहीं दी इसके बाद महिला ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बहुत गरीब परिवार की है 5 किलो राशन लेकर अपना गुजारा करती है वह बिल भरने में सक्षम नहीं है और रोते हुए महिला ने कहा कि वह ऐसी स्थिति में कुछ भी अनुचित कदम उठा सकती है।

**इनका कहना है**

विधायक जी का पत्र आज आया था मैंने देखा है विद्युत उपभोक्ता द्वारा ई रिक्शा चार्ज किया जाता रहा है जिसके कारण इतना अधिक बिल आया है।

अजीत चौहान कार्यपालन अभियंता
विद्युत विभाग सागर

# किसानों ने भारतीय किसान संघ का 46वां स्थापना दिवस मनाया



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

मंगलवार को नवीन कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ ने अपना 46 वा स्थापना दिवस मनाया गया। उन्होंने संघ की खुरई इकाई ने भगवान बलराम की पूजा अर्चना की और मजदूर नेता दत्तोपंतजी ठेंगडी को याद किया। संघ के सदस्यों ने कहा कि भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा में हुई थी संघ द्वारा लगातार किसानों के हित में अनेकों कार्य किए गए हैं। साथ ही संघ आज भी किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष रहीस सिंह बिलैया, पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रेम नारायण मूडरी, वरिष्ठ किसान नेता मूरत सिंह पिपरिया,देवेंद्र सिंह मुडरी, वीरेंद्र सिंह बरोदिया ,महेश सिंह खैरा वर्तमान तहसील अध्यक्ष अनिरुद्ध ठाकुर धांगर, मंत्री राघवेंद्र सिंह मड़ना, सह मंत्री सुरेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह नगदा, कुलदीप ठाकुर बिलैया, रिंकू सिंह सिलौधा, संतोष सिंह झारई सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# स्थानीय संपादक संजय गुप्ता की सूचना पर 100 सेवा की मदद से गुम हुए बच्चे को परिजन को सौंपा



**सागर।** बस स्टैंड के पास तिराहे पर लगभग ढाई घंटे तक अपने माता-पिता का इंतजार कर रहा एक छोटा बच्चा रोते हुए खड़ा हुआ था। जैसे ही दैनिक सत्ता सुधार समाचार पत्र के स्थानीय संपादक संजय गुप्ता ने उस बच्चों को देखा और उससे पूछा कि क्यों रो रहे हो जिसके बाद उसने बताया कि वह बंडा के पास का है मम्मी पापा नहीं मिल रहे। जिसके बाद बच्चे को बिठाया एवं प्यार से बात की और इसके बाद 100 सेवा पर फोन कर सूचना दी जिसके बाद 100 सेवा ने आकर 5 साल के बच्चे से बातचीत की तो उसने अपने पते की जानकारी दी, जिसके बाद 100 सेवा द्वारा आसपास जानकारी लगाई गई जो बच्चे की परिजन भी उसे ढूंढ रहे थे।100 सेवा ने बच्चे को उसकी बहन के लिए सुपुर्द किया। 100 सेवा में सराहनीय कार्य करने वालों में हेड कांस्टेबल संजीव रैकवार एवं पायलट शरद ढ़ेकला रहे।

# कार्यपालन अभियंता ने नवागत एस.ई का किया स्वागत




**सागर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचकर नवागत अधीक्षण अभियंता श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर का पदभार ग्रहण करने पर स्वागत करते हुए शुभकामनाए दी। इस अवसर पर प्रशांत सिंह कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता संजय रघुवंशी ,आर पशटारिया ,राम विवेक गौतम , सहायक अभियंता सीएस पटेल, पवन रावत, रिंकू मैना आदि उपस्थित थे।

# लाईनमेनों का हर स्तर पर योगदान सराहनीयः देवेन्द्र कुमार



## लाईनमैन विद्युत मंडल में नींव के पत्थर की तरह है जो दिखाई नही देते- श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर

सत्ता सुधार ■ सागर

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्रान्तर्गत समस्त फ्रंट लाईन टीम (विद्युत लाईन कार्मिक) को 04 मार्च 2025 को ''लाईनमैन दिवस'' पर मकरोनिया स्थित सभागार मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रोत्साहन स्वरूप पुष्पहार से स्वागत करते हुए उपहार (मोमेन्टो) एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुरूष्कृत लाईनमैनो मे मुख्य रूप से रमेश राज रहली, वाशिद खान सागर, महेश कुमार मिश्रा एस.टी.एम./ टी.एस.जी., मोतीलाल पटेल नगर संभाग, धनीराम दुबे बंडा, धनराज अहिरवार बीना, करन सिंह कुर्मी खुरई, गंगाराम मेहरा एम.टी. डिवीजन, सुरेन्द्र सिंह चावला सिविल,धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता भंडार,अशोक कुमार पाण्डेय विजलेंस एवं रामलाल विजलेंस शामिल है। मुख्य अतिथि देवेन्द्र कुमार मुख्य अभियंता (सा.क्षे.) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लाईनमेनो का हर स्तर पर योगदान सराहनीय है। चाहे कोरोनाकाल हो, मौसम खराब हो कभी भी ऐसी स्थिति उत्पन्न नही होने देते कि बिजली न हो लाईनमैनो का सदैव ध्येय रहता है।उद्योग,कारखाने, कृषि, कॉमर्शियल क्षेत्र बिजली के कारण मे प्रभावित न हो साथ ही घरेलू विद्युत आपूर्ति अनवरत बनी रहे, वे 24 घंटे अपने स्वयं के परिवार की चिंता न करते हुए देश की सेवा मे तत्पर रहते है। चाहे सर्वे हो,राजस्व वसूली हो हर कार्य जी-जान से करते है उन्होने कहा कि आपको सुरक्षा उपकरणो के साथ ही काम करना है कोई जल्दबाजी न करे।

उन्होने कहा अधिकारी हर एक-दो माह के अंतराल से सुरक्षा उपकरणो की जॉच करे। कार्यक्रम के आरंभ मे मुख्य अभियंता श्री कुमार ने प्रबंधक संचालक के सन्देश का वाचन किया। अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर ने संबोधित करते हुए कहा कि लाईनमैन विद्युत मंडल में नींव के पत्थर की तरह है जो दिखाई नही देते है, वे अपने प्रयासो से लगातार विद्युत सप्लाई बनाए रखते है,ताकि उपभोक्ताओ को अनवरत बिजली प्राप्त हो। कार्यक्रम के आरंभ मे उन्होने लाईनमैनो को सुरक्षा-शपथ दिलाई।कार्यक्रम को कार्यपालन अभियंता अजीत चौहान,एम.के.रौतेल, वीरेन्द्र परते, श्रीमति शांति परते ने भी संबोधित किया। संचालन जिनेश जैन द्वारा किया गया एवं आभार सहायक अभियंता अजय नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता प्रशांत सिंह, एच.आर मनीष कुमार, नवीन मालवीय, मुकेश मंडलोई, महासंघ के किशोरीलाल रैकवार, पवन रावत, रामविवेक गौतम, शिवकुमार पटैल, अमोल सिंह ठाकुर, नवीन जैन, डी.पी. प्रजापति, मनोज जैन, अर्चना गुप्ता, संगीता,रजनी, नीरज खरे, आर.के.जैन, विनय नामदेव, नंदराम, यशवंत,नारायण,राजाराम,राजपाल,अमित,ज्ञानेश,संदीप,जयदीप सहित बडी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर लाईनमैनो द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यो की फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

### एक महिला के साथ जातिगत अपमान करते हुए मारपीट की

**खुरई(सागर)।** नगर में तहसील परिसर स्थित एसडीएम कोर्ट के सामने तीन लोगों ने एक महिला के साथ जाति सूचक अपमान करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी मोहिनी पति मनीष अहिरवार उम्र 28 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि में एसडीएम कोर्ट में किसी काम से गई थी। वहां सनमान सिंह, जगत सिंह और अनिल राजपूत आ गए जिनसे पुरानी बुराई चल रही है। सनमान ने पुरानी बुराई पर से जातिगत अपमान करते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। मेने गालियां देने से मना किया तो लात घुसो से मारपीट करने लगा। इसके अलावा मेरे भाई आकाश और मां मीराबाई से जगत सिंह और अनिल ने मारपीट की। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ़ मारपीट, जातिसूचक अपमान सहित धाराओं में मामला दर्ज किया।

### अनिवार्य है फार्मर रजिस्ट्री

**सागर।** किसानों को डिजिटल पहचान देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक किसान को डिजिटल आईडी/स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। जो भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगा।

# खुरई के अम्बेडकर वार्ड में दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## गुस्साए परिजनों ने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम लगाया

### पुलिस के आश्वाशन के बाद चक्का जाम खोला गया



सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)

शहर के अम्बेडकर वार्ड में एक ही दिन में दो लोगों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।एक मृतक के परिजनों ने नेशनल हाईवे पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। उन्होंने कुछ लोगों पर आरोप भी लगाए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और परिजनों को उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया। जिसके बाद जाम खोला गया।




मिली जानकारी अनुसार मृतक के भाई भारत पिता लखन लाल अहिरवार ने बताया कि हम मजदूरी करते हैं। मंगलवार की सुबह सभी अपने अपने काम पर जा रहे थे छोटे भाई नरेंद्र अहिरवार उम्र 26 साल से कहा खाना खा कर काम कर चले जाना। फिर घर से फोन आया कि नरेंद्र कमरे के अंदर है गेट नहीं खोल रहा। घर पहुंचकर गेट तोड़ा तो नरेंद्र सीलिंग के कुंडे पर लटका हुआ था। पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारा और सिविल अस्पताल लेकर गए। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक का कुछ लोगों से विवाद हुआ था वह आए दिन परेशान करते थे। सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा जहां गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया और मौत के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग की। चक्का जाम की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा ने परिजनों की बात को सुना और उचित कार्यवाही करने की मांग की। उसके बाद जाम खोला गया और मृतक का अंतिम संस्कार के लिए अर्थी रवाना हुई। दूसरा मामला भी अंबेडकर वार्ड का है जहां मृतक नरेंद्र अहिरवार की अर्थी के लिए पास में ही रहने वाले राजेंद्र पिता परम लाल अहिरवार उम्र 33 साल श्यमशान घाट नशेनी लेने गया था। दोपहर करीब 2 बजे मकान की दूसरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने बताया कि में मंडी में मजदूरी करने गया था। फोन आया कि राजेंद्र ने फांसी लगा कर जान दे दी।

**सांसद संवाद** समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश दिए

# सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

सत्ता सुधार ■ सागर



सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने आज सांसद संवाद केंद्र में बैठकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पत्र भी प्रेषित किए।सांसद संवाद केंद्र में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डॉ. वानखेड़े ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

नागरिकों ने ज्ञापन के माध्यम से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिनमें प्रमुख रूप से लिंक रोड के निर्माण को लेकर वहां के स्थानीय निवासियों ने ज्ञापन दिया। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने शुल्क पोर्टल खुलवाने की मांग की, क्योंकि कई छात्राएं निर्धारित समय में पोर्टल न खुलने के कारण फीस जमा करने से वंचित रह गई है, इस विषय पर सांसद वानखेड़े ने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में शिक्षा मंत्री से चर्चा कर शीघ्र समाधान करवाएंगी। प्रदीप राजौरिया एवं उनके साथ आए अन्य सदस्यों ने डॉ. वानखेड़े को अंतरसंसदीय संघ के उच्च स्तरीय सलाहकार समिति में भारत की ओर से एक मात्र सदस्य बनाने पर पुष्पमाला व साल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा, नागरिकों ने नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को भी उठाया।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एड. हरिराम सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नामदेव, उमेशसिंह केवलारी, निकेश गुप्ता, मनीष नेमा, रोशन कुर्मी, हरिओम केशरवानी, अशोक तिवारी, संतोष सिंह ठाकुर, राधेश्याम कुर्मी, विजय जडिया, रूपेश जडिया, अमरप्रताप सिंह, मानसिंह रघुवंशी, बालकृष्ण तिवारी, अजय श्रीवास्तव, उषा राय बीना, सोनाली राय, आशालता सिलाकारी, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# लक्ष्य अनुसार शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें

**सागर।** डीसीसी की मंगलवार को हुई बैठक में बैंकों को शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही बैंकों से पात्रता पूरी करने वाले इच्छुक सभी लाभार्थियों को लाभ देने के भी निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर कार्यालय में हुई यह बैठक जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने आजीविका मिशन, सी सी एल प्रगति , पीएमएफएई, केसीसी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों को शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कर सभी योग्य लाभान्वितों को ससमय ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोजगार- स्वरोजगार की दिशा में आगे आकर आवेदन करने वाले व्यक्तियों के आवेदन पर संवेदनशील होकर विचार करें। नियमानुसार लोगों को अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें ताकि रोजगार-स्वरोजगार की दिशा में लोग आगे बढ़ें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य योजना के तहत लंबित कार्यों को पूर्ण करें। किसी भी परिस्थिति में बिना किसी ठोस कारण अनावश्यक आवेदन रिजेक्ट न करने तथा बैंक में आए लोगों से सहयोगात्मक व्यवहार कर विभिन्न योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## प्रभारी डॉ. समीर टंडन कमीशन के फेर में कर रहे मरीजों की जान के साथ खिलवाड़

# हाल- ए- उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दसवीं पास फार्मासिस्ट बन बांट रहा दवा



■ गोविन्द सारस्वत, मो. 7000535960

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

एक ओर जहां शासन- प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के बड़े- बड़े दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर शहर से मात्र 20 किलोमीटर दूर उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के हाल इस तरह से बेहाल बने हुए हैं, कि यहां दसवीं पास व्यक्ति बाहरी व्यक्ति फार्मासिस्ट बनकर दवा बांट रहा है। ऐसा नहीं है कि यह सब कुछ चोरी- छुपे हो रहा हो, बल्कि यहां के प्रभारी डॉ. समीर टंडन द्वारा कमीशन के फेर में इस तरह से मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर लापरवाही सामने आई है, यहां बने दवा वितरण केंद्र में कोई योग्य फार्मासिस्ट द्वारा दवा नहीं बांटी जाती है, बल्कि केंद्र प्रभारी डॉ. समीर टंडन ने अपनी मर्जी से इस दवा स्टोर में लोकल के दसवीं पास व्यक्ति को बैठा रखा है, जो आने वाले मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाएं देता है। यहां बताना गौरतलब होगा कि निजी मेडिकल स्टोर्स पर भी फार्मासिस्ट ही दवा दे सकता है, किंतु उटीला स्वास्थ्य केंद्र में कोई नियम- कायदा नहीं चलता है। पर्याप्त जानकारी के अभाव में यदि किसी मरीज की गलत दवा खाने से हालत बिगड़ गई, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। इस संबंध में सटीक सूचना मिलने पर बीते रोज दैनिक सत्तासुधार संवाददाता जब मौके पर भौतिक सत्यापन करने



पहुंचे, तो दवा वितरण केंद्र में केदार बाथम नामक व्यक्ति बैठा हुआ था, जो आने वाले मरीजों के पर्चे देखते हुए उन्हें दवाएं दे रहा था। जबकि वह इस डिस्पेंसरी में पोस्टेड ही नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है, कि आखिर किसकी अनुमति से उसे इस जिम्मेदारी भरी सीट पर बैठाया गया है।

### सपोर्टिंग स्टाफ ले रहा मरीजों के ब्लड सेंपल

उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इस तरह से अनियमितताएं बरती जा रही हैं कि यहां बनी लैब में कोई डिग्रीधारी लैब अटेंडेंट द्वारा मरीजों के ब्लड सेंपल नहीं लिए जाते हैं, बल्कि यह कार्य यहां पोस्टेड सपोर्टिंग स्टाफ सुनील करता है। सूत्रों के मुताबिक सुनील हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों के सेंपल लेकर उन्हें ग्वालियर की निजी पैथोलॉजी लैब में टेस्ट करवाने के लिए पहुंचाता है, इसके एवज में उसे मोटा कमीशन मिलता है, जिसे वह व प्रभारी डॉ. समीर टंडन



आपस में बांट लेते हैं।

### बाहरी दवा बेच कर रहे कमाई

उटीला प्रायमरी हेल्थ सेंटर से जुड़े सूत्र बताते हैं, कि यहां के प्रभारी डॉ. समीर टंडन द्वारा अपने जिस गुर्गे को फार्मासिस्ट बनाकर बैठाया गया है, उसके जरिए बाहरी दवाओं की बिक्री करवाकर कमाई की जा रही है। स्थानीय मरीज भी इस बात की पुष्टि कर रहे हैं।

### पूर्व में अवैध रूप से चला रहे थे क्लीनिक

डॉ. समीर टंडन द्वारा कुछ समय पूर्व उटीला में ही अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था, जिसमें सरकारी अस्पताल के तमाम संसाधनों का उपयोग करते हुए क्लीनिक को नर्सिंग होम का स्वरूप प्रदान किया गया था। हालांकि जैसे ही दैनिक सत्तासुधार द्वारा इस गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया गया, वैसे ही डॉ. टंडन ने आनन- फानन में इस क्लीनिक को खाली कर दिया।



**इनका कहना है**

निर्धारित योग्यता के बिना दवाओं का वितरण करना सरासर गलत है, सरकारी हॉस्पिटल में तो यह और भी गंभीर मामला है, लेकिन हम सिर्फ उन्हीं मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई कर सकते हैं, जिन्हें हमारे विभाग द्वारा लायसेंस प्रदान किए जाते हैं। शासकीय संस्थान हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं।

अनुभूति शर्मा
ड्रग इंस्पेक्टर

उटीला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट की नियुक्ति है, यदि किसी प्रायवेट व्यक्ति द्वारा वहां दवा वितरित की जा रही हैं, तो यह गंभीर मामला है, इसकी जांच करवाएंगे तथा जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. सचिन श्रीवास्तव
सीएमएचओ, ग्वालियर



# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

### क्षेत्रीय कार्यालयों पर भी सुनी गई समस्याएं

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता के साथ संतुष्टिपूर्ण करें। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त विजय राज, अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 14 लवकुश विहार कॉलोनी सेवानगर के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए बताया कि कॉलोनी के आम रास्ते पर भवन निर्माण किए जाने से निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आवेदकों ने उचित कार्रवाई के संबंध में, वार्ड 01 लक्ष्मीपुरम कॉलोनी बहोडापुर के समस्त कॉलोनी वासियों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि लक्ष्मीपुरम कॉलोनी में सीवर का पानी सडक पर फैल रहा है।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील- केसली जिला सागर (म.प्र.)**

केसली दिनांक 03/03/2025
क्रमांक/4053/री-1/2025
रा.प्र.कं. 0015/अ-20(3)/2024-25
ग्राम डोमा, प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. केसली
तहसील केसली जिला सागर (म.प्र.)

**// इश्तहार //**

एतद् आम इश्तहार के जरियें ग्रामवासी ग्राम डोमा प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. व तहसील केसली जिला सागर की जनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में प्राचार्य, शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सागर (म0प्र0) द्वारा नवीन आई टी आई भवन निर्माण हेतु मौजा मदनपुर प.ह.नं. 21 डोमा रा.नि.मं. केसली तहसील केसली स्थित भूमि ख.नं. 86/1 रकवा 4.29 हे0 में से रकवा 4.29 है0 भूमि आवंटित किया जाना आवेदित हुआ है। प्राप्त आवेदन के परिप्रेक्ष्य में आवेदित भूमि की स्थल जॉच करातें हुए आवंटन हेतु उपलब्धता व उपयुक्तता का परीक्षण, स्थल जांच का संयुक्त पंचनामा, नजरी नक्शा, पटवारी नक्शे में प्रस्तावित स्थल का लाल स्याही से चिन्हांकन, मिसल बंदोवस्त में प्रश्नगत भूमि की दर्ज अवस्थिति व स्थानीय निकाय व संयुक्त संचालक, ग्राम तथा नगर निवेश से अभिमत प्राप्त करतें हुए म0प्र0 नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में वर्णित नियम प्रावधानों एवं कार्यालय कलेक्टर महोदय, जिला सागर के पत्र कमांक- 446/ रीडर-नजूल / 2024 सागर, दिनांक 30.08.2024 में वर्णित निर्देश अनुदेशों का पूर्णतः पालन एवं आरसीएमएस पोर्टल पर उपलब्ध भू-आवंटन मॉड्यूल का प्रयोग करते हुए विहित प्रक्रिया के अनुपालन में कार्यवाही पूर्ण कर भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव, स्पष्ट अभिमत सहित यथाशीघ्र दिये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/03/25 के पूर्व स्वंय अथवा अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। म्याद अवधि पश्चात् आपत्तिकर्ता की आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी।

इश्तहार आज दिनांक 03.03.2025 में मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी एवं उद्घोषित किया गया।

**तहसीलदार**
**केसली जिला सागर**


# अचलेश्वर की दान पेटी से निकले 7 लाख 43 हजार रुपए

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर न्यास पर शिवरात्रि के बाद मंगलवार को 18-19 दान पेटियां खोली गईं जिसमें से 7 लाख 43 हजार 321 रुपए निकले। पेटियों का खुलना सुबह 10 बजे शुरू हुआ जो शाम को चार बजे पूरा हुआ। इस गिनती में 20 लोगों की सेवाएं ली गईं। पैसे को पीएनबी बैंक में जमा करा दिया गया है। इसी के साथ कई पत्र भी निकले हैं।



### यह निकले पत्र

- कक्षा 12 की छात्रा रितु अरोरा ने पत्र में लिखा है कि भोले बाबा मेरे सारे पेपर अच्छे जाएं, अनुशासन का निबंध आ जाए और 90 प्रतिशत अंक प्राप्त हों।
- एक भक्त ने लिखा कि मैं आपके सामने झोली फैलाकर कहती हूं कि मुझे त्रिशांक परिहार पति के रूप में प्राप्त हो। आप त्रिशांक की गलतियों को माफ कर दें। मेरा संपूर्ण भविष्य अब आपकी शरण में है।
- है भोलेनाथ में तिरूपति बालाजी महाराज गया था। वहां मुझे 108 रुपए मिले थे। यह रुपए मैं आपको अर्पित करता हूं।
- ईसीएस स्कूल विक्की फैक्ट्री की एक छात्रा ने लिखा है कि 10वीं सीबीएसई में मेरे 90 प्रतिशत अंक आ जाएं। साथ ही इस छात्रा ने अपना रोल नंबर और सेंटर भी लिखा है।

### पेटी में से निकले रुपए

- दान पेटी में से 500 के 504, 200 के 217, 100 के 1681, 50 के 1918, 20 के 3317, 10 के 6038, 5 के 75, 2 के 12, 01 के 02 निकले। इसी के साथ 56800 रुपए रेजगारी भी निकली है।

### सीए इंटरमीडिएट का रिजल्ट 20 और फाउंडेशन का 19 प्रतिशत रहा

**ग्वालियर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा जनवरी माह में आयोजित सीए इंटरमीडिएट एवं फाउंडेशन की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें सीए इंटरमीडिएट का रिजल्ट 20 और फाउंडेशन का 19 प्रतिशत रहा। सीए इंटरमीडिएट की बात करें तो शहर से कुल 351 स्टूडेंट्स परीक्षा में बैठे जिसमे से कुल 70 विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई। ग्रुप के हिसाब से देखें तो सीए इंटरमीडिएट में 157 विद्यार्थियों ने केवल पहले ग्रुप की परीक्षा दी थी जिसमें से 22 विद्यार्थी पास हुए वहीं 74 विद्यार्थी ने केवल दूसरे ग्रुप की परीक्षाएं दी थी जिसमे से 28 विद्यार्थी पास हुए।

## स्त्री शक्ति मंच की द्वितीय मीटिंग हुई

**ग्वालियर।** स्त्री शक्ति मंच की द्वितीय मीटिंग निजी होटल में रखी गई। संस्थापक हनी शर्मा ने सभी बोर्ड मेंबर से महिला दिवस एवं आगामी कार्यक्रम पर बोर्ड मेंबर की राय ली। अध्यक्ष प्रीती सोनी ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि महिला दिवस पर हम उन महिलाओं का सम्मान करना चाहते हैं, जो हमारे घर में हेल्पिंग हैंड का कार्य करती है। जिनकी वजह से हम बाहर समाज में अपना समय दे पाते हैं। मीटिंग में पिछले माह जो भी कार्य किए गए हैं, उन पर चर्चा की और आगामी माह में क्या कार्य किए जाने हैं, उस पर विचार किया गया। उस पर सभी बोर्ड मेंबर ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। मीटिंग के उपरांत उपाध्यक्ष निधि मिश्रा का जन्मदिन सभी के साथ केक काटकर मनाया गया। निधि मिश्रा ने अपने जन्मदिवस पर एक निर्धन बच्ची की एक वर्ष की स्कूल फीस के लिए 3600 रूपये का अनुदान की घोषणा भी की।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग, बैतूल म.प्र.**
Web site : www.mp.gov.in/pwdmp Email:eepwdbetul@mp.nic.in

**नीलामी सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि लोक निर्माण विभाग उपसंभाग मुलताई के अन्तर्गत निम्नलिखित जीर्ण–शीर्ण (कण्डम) भवनो की समस्त सामग्रियों **"जहाँ है जैसी है"** की स्थिति के आधार पर खुली नीलामी 12/03/2025 दिन बुधवार को समय 12.00 से आयोजित की गई है।

इच्छुक व्यक्ति अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग मुलताई के कार्यालय प्रांगण में दिनांक 11/03/2025 दिन मंगलवार दोपहर समय 11.00 बजे से 1.00 बजे तक बोलीकर्ता आवश्यक रूप से निर्धारित अमानति राशि जो की राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर./डी.डी. जो कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. भ./स. संभाग बैतूल के नाम से देय हो, बोलीकर्ता को अपनी पहचान हेतु आधारकार्ड की प्रति के साथ जमा की जाकर बोली लगाने हेतु उपस्थित हो सकते है। नीलामी की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0 | नीलामी की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | आपसेट प्राईज रूपये | अमानत राशि रूपये | स्थान जहाँ सामग्री उपलब्ध है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड मुलताई के अन्तर्गत पुराना प्राथमिक शाला, उभारिया का जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवन | 7,660.00 | 800.00 | शास. प्राथमिक शाला, उभारिया |
| 2 | विकास खण्ड आमला के अन्तर्गत शास. प्राथमिक शाला, सेमरियाखुर्द का जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवन | 14,332.00 | 1,400.00 | शास. प्राथमिक शाला, सेमरियाखुर्द, |
| 3 | विकास खण्ड आमला के अन्तर्गत शास. पुराना प्राथमिक शाला, बेलमण्डई का जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवन | 3,110.00 | 300.00 | शास. प्राथमिक शाला, बेलमण्डई |
| 4 | विकास खण्ड आमला के अन्तर्गत पुराना प्राथमिक शाला, भवन रतेड़ाकलां का जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवन | 19,554.00 | 2000.00 | शास. प्राथमिक शाला, रतेडाकलां |

शेष नियम एवम् शर्ते अनुविभागीय अधिकारी, लो.नि.वि. उपसंभाग मुलताई में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

सहपत्रः—शून्य ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग,बैतूल

G-23767/24


## जेसीआई ग्वालियर प्रेरणा ने ट्रैफिक पुलिस मैन व थाना प्रभारी का किया सम्मान




सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

जेसीआई ग्वालियर प्रेरणा संस्था द्वारा चंद्रवदनी नाका झांसी रोड पर सेल्यूट द साइलेंट स्टार के अन्तर्गत ट्रैफिक पुलिस मैन एवं थाना प्रभारी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस उपधीक्षक अजीत सिंह चौहान, टी.आई. सुधाकर सिंह तोमर, टी.आई. सुनील सिकरवार, सूबेदार राधावल्लभ गुर्जर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जोन वाइस प्रेसिडेंट वंशीका रजवाड़े, जोन डायरेक्टर कम्युनिटी एंड डेवलपमेंट स्वाती जैन, संस्था संरक्षक जेसी शीतल गर्ग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सभी ट्रैफिक पुलिसमैन को स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं फूलमाला भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पधाधिकारियों द्वारा विशेष रूप से सराहना की गई कि समाज के प्रति यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होना चाहिए जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिलता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्याएं अध्यक्ष जेसी प्रज्ञा शर्मा ने की और आभार मानसेवी सचिव जेसी शिखा शर्मा ने ज्ञापित किया।


**न्यायालय तहसीलदार सागर ग्रामीण जिला सागर**

क्रमांक / 40 /री.तह. ग्रामीण/2025
सागर दिनांक 03/03/2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता ग्राम श्यामपुरा पटवारी हल्का नंबर 40 तहसील सागर को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सागर द्वारा ग्राम श्यामपुरा पटवारी हल्का नंबर 40 तहसील सागर की भूमि खसरा नंबर 32 रकवा 30.52 हे. भूमि सानोधा -2 बंडा समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन हेतु टंकी निर्माण बाबत आवंटन किये जाने का आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 19/03/2025 को प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/03/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सागर ग्रामीण**
**सागर दिनांक 03/03/2025**

**न्यायालय तहसीलदार सागर ग्रामीण जिला सागर**

क्रमांक /41/री.तह. ग्रामीण/2025
सागर दिनांक 03/03/2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता ग्राम बाछलोन पटवारी हल्का नंबर 39 तहसील सागर को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सागर द्वारा ग्राम बाछलोन पटवारी हल्का नंबर 39 तहसील सागर की भूमि खसरा नंबर 66/1/1 रकवा 8.57 हे. भूमि सानोधा -2 बंडा समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन हेतु टंकी निर्माण बाबत आवंटन किये जाने का आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 19/03/2025 को प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

इश्तहार इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 03/03/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सागर ग्रामीण**
**सागर दिनांक 03/03/2025**


### हिंदी नाटक दिग्दर्शक की हुई प्रभावशाली प्रस्तुति

**ग्वालियर।** हंगरी स्टोन्स कला महोत्सव 2025 के अंतर्गत कला समूह द्वारा चार दिवसीय महोत्सव के समापन में आर्टिस्ट्स कंबाइन द्वारा झांसी रोड़ स्थित कला समूह ने हिंदी नाटक दिग्दर्शक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नाटक का लेखन प्रियम जानी द्वारा किया गया और निर्देशन की बागडोर रोहित जैन ने संभाली। मंच पर कलाकारों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों को थिएटर और सिनेमा के बीच संघर्ष, समर्पण और विचारधारा की गहरी बहस में उलझाए रखा। यह नाटक एक थिएटर निर्देशक के जीवन, विचारों, भावनाओं और रंगमंच के प्रति उसके अटूट समर्पण को दर्शाता है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग कमांक–1**
**शेड क–7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क–126, 127/वलेलि/2024–25 — भोपाल, दि–03.03.2025

**/// निविदा सूचना ///**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क. | निविदा सूचना क. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 126 | 2025_PWDRB_406403 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क–1 भोपाल राजभवन सेक्शन के अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, लघुमूल एवं डिपाजिट कार्य। | रू. 52,00,000.00 (रू. बावन लाख मात्र) | रू. 52000.00 |
| 2. | 127 | 2025_PWDRB_406404 | लोनिवि. नगर उपसंभाग क–1 भोपाल राजभवन सेक्शन के अन्तर्गत शासकीय भवनों में रंगाई, पुताई, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य। | रू. 51,00,000.00 (रू. इक्यावन लाख मात्र) | रू. 51000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र कय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 18.03.2025 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क–1
भोपाल
दूरभाष–0755–2777485

G-23800/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग**
**भोपाल (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 23/व.ले.लि./2024–25 — भोपाल, दिनांक 28.02.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि |
| 1 | 2025_PWDRB_405995_1 | उपसंभाग क्रं–2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत 45 बंगलो के ई–टाइप शासकीय आवास गृहों में लघुमूल गौड़/ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_405996_1 | उपसंभाग क्रं–2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.–9 एवं 10 के शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/डिपाजिट कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_405997_1 | उपसंभाग क्रं–2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.–24 के शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एस.आर./अनुरक्षण/डिपाजिट कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 45.00 | 50000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_405998_1 | उपसंभाग क्रं–2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों में सीवेज लाईन बदलने का कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 5 | 2025_PWDRB_405999_1 | उपसंभाग क्रं–1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत 74 बंगला स्थित शासकीय बंगला क्रं. डी–19 में लघुमूल गौण कार्य। | द्वितीय आमंत्रण | 19.97 | 39940.00 |
| | | योगः– | | 179.97 | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 18.03.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग ला.नि.वि.
भोपाल (म.प्र.)

G-23784/24

## ब्रीफ न्यूज

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का एक्सेस नहीं कर पाएंगे 16 साल तक के बच्चे

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में अब 16 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का एक्सेस नहीं कर पाएंगे। दरअसल इसका उद्देश्य था कि बच्चे आपत्तिजनक कंटेंट से दूर रहें। अब ऐपल की तरफ से भी ऐसा ही टूल लाया गया है। इसकी मदद से भी बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने में मदद मिलेगी। यूजर प्राइवेसी के साथ छेड़छाड़ किए बिना ही ये सिक्योरिटी ऑन हो जाएगी। ऐपल ने कहा कि इसके बाद बच्चों के माता-पिता को पूरा एक्सेस दिया जाएगा और वह अपने हिसाब से बच्चों का अकाउंट मैनेज कर सकते हैं। यानी उनके लिए मैनेज करना आसान होने वाला है कि बच्चे ऑनलाइन क्या देखें साथ ही उनके पास क्या कंटेंट प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही इसमें बच्चों के पैरेंट्स तय कर पाएंगे कि वह कौन-सी ऐप आईफोन में इंस्टॉल कर सकते हैं और क्या ऐप वह एक्सेस नहीं कर सकते हैं। यानी फोन का पूरा कंट्रोल बच्चों के हाथ में नहीं बल्कि उनके पैरेंट्स के हाथ में होगा।

### जिस नाटो के लिए यूक्रेन और रूस के बीच पंगा हुआ अब उसी का अस्तित्व संकट में

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन सालों से जंग चल रही है। दोनो ही देशों पर इस युद्ध का बहुत बुरा प्रभाव हुआ है। यूक्रेन कांक्रीट का जंगल बन गया तो रूस को भी भारी नुकसान हुआ है। ये युद्ध सिर्फ इसलिए हुआ था कि यूक्रेन नाटो का सदस्य बनना चाहता था और रुस ये बिलकुल नहीं चाहता था कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता मिले। ऐसे में यूक्रेन को सदस्यता तो नहीं मिली बल्कि जंग लड़ना पड़ी। अब यह नाटो रहेगा या खत्म हो जाएगा इसको लेकर आशंकाएं व्यक्त की जाने लगीं हैं। अरबपति एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र और नाटो से अमेरिका के अलग होने के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए कहा कि अमेरिका को इन संगठनों से बाहर निकल जाना चाहिए। इससे न केवल नाटो के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं, बल्कि यूक्रेन के लिए भी बड़ा झटका साबित हो सकता है, जो इस गठबंधन में शामिल होने की लगातार कोशिश कर रहा है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट को रीट्वीट करते हुए लिखा मैं सहमत हूं।

### अमेरिका में फिर लगी आग, दो राज्यों में मचा हाड़कंप,

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में अब एक और आग लग गई है जो तबाही मचा रही है। लपटें जंगलों में पेड़ों से ऊपर उठ रही हैं। आग को लेकर हड़कंप इतना ज्यादा है कि लोग जान बचाकर भागने को मजबूर हो रहे हैं। उत्तरी और दक्षिण कैरोलिना राज्यों में रविवार को सूखे मौसम और तेज हवाओं के बीच जंगल की आग ने भीषण तबाही मचाई। कई इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सर्विस ने इस क्षेत्र में आग के खतरों को लेकर चेतावनी जारी की है, क्योंकि सूखे पेड़-पौधों और कम नमी के कारण आग तेजी से फैल रही है। पिछले महीने कैलिफोर्निया में एक भीषण आग देखने को मिली थी। दक्षिण कैरोलिना के गवर्नर हेनरी मैकमास्टर ने रविवार को जंगल की आग से निपटने के लिए देश में आपातकाल की घोषणा की।



बोलीविया में हुए एक हादसे में दुर्घटनाग्रस्त हुई एक बस को देखकर राहत व बचाव का काम करते हुए लोग।

## कंफर्ट स्टेशनों में महिलाओं के साथ की जाती थी क्रूरता

**टोक्यो।** जापानी सेना द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कंफर्ट वूमन की व्यवस्था एक अत्यंत क्रूर और अमानवीय कृत्य था। कंफर्ट वूमन जापानी सैनिकों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए बाध्य थीं। युद्ध के दौरान यह प्रथा कोरिया, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, वियतनाम और अन्य प्रशांत द्वीपों तक फैल गई।


इस घिनौनी प्रथा की शुरुआत 1932 में चीन-जापान युद्ध के दौरान हुई, जब जापानी सेना ने अपनी छावनियों में सैनिकों के लिए कंफर्ट स्टेशन स्थापित किए। हजारों महिलाओं को जबरन भर्ती किया गया, जिनमें से अधिकतर गरीब परिवारों से थीं। इन्हें या तो धोखे से नौकरी के झूठे वादे देकर फंसाया गया या फिर अपहरण कर लिया गया। खासतौर पर कोरिया, चीन और मलय क्षेत्रों की लड़कियों को 'कम्फर्ट गर्ल्स' के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। कंफर्ट स्टेशनों में महिलाओं के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी जाती थीं। उन्हें प्रतिदिन कई सैनिकों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जाता था। उनकी कोई स्वतंत्रता नहीं थी और कई बार उन्हें प्रताड़ित कर मारा भी जाता था। असुरक्षित यौन संबंधों के कारण वे गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाती थीं और कई बार जबरन गर्भपात करवाया जाता था। भागने की कोशिश करने वाली महिलाओं को भयानक दंड दिया जाता था, जिसमें उन्हें बेरहमी से पीटा या मार दिया जाता था।

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जाने की होड़, भारत पहले ही रच चुका है इतिहास

### नासा के डॉ फॉक्स ने कहा- चंद्रमा विज्ञान के लिए एक अविश्वसनीय जगह

**एजेंसी ■ फ्लोरिड**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जाने की होड़ लगी है, जहां स्थायी रूप से छायादार लुनार क्रेटरों में बर्फ हो सकती है। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव भविष्य के क्रूड आर्टेमिस मिशनों और रोबोटिक खोजों के लिए रहस्यों से भरा डेस्टिनेशन है, लेकिन ब्लू घोस्ट और इसके साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स का उद्देश्य कहीं और उतरना था, ऐसा नासा के साइंस मिशन डायरेक्टोरेट के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. निकोला फॉक्स ने कहा।



बता दें कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने का कारनामा भारत कर चुका है। अगस्त 2023 में चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है। डॉ फॉक्स ने कहा कि चंद्रमा विज्ञान के लिए एक अविश्वसनीय जगह है। हम हर बार एक ही जगह नहीं जाना चाहते क्योंकि हम चंद्रमा के बारे में ज्यादा जानना चाहते हैं। यह छुट्टी पर जाने जैसा है। आप हर बार एक ही जगह नहीं जाना चाहेंगे। जैसे ही हम अंतरिक्ष यात्रियों को वापस भेजने की तैयारी कर रहे हैं, हम यह तय करना चाहते हैं कि हम सभी चांद के सभी क्षेत्रों को समझें, और अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा के लिए इसका अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन हम यह भी देख रहे हैं कि सबसे दिलचस्प क्षेत्र कहां और कौन सा है। उन्होंने बताया कि ब्लू घोस्ट पर सवार 10 इंस्ट्रूमेंट्स एक सूट की तरह हैं, जो उस क्षेत्र के लिए पूरी तरह से चुने गए हैं जहां हम जा रहे हैं। ब्लू घोस्ट मिशन एक प्राचीन ज्वालामुखीय फीचर के पास उतरा जिसे मॉन्स लाट्रेल कहा जाता है, जो चंद्रमा के नजर आने वाले चेहरे के सुदूर पूर्वी किनारे पर भूमध्य रेखा के ठीक उत्तर में स्थित है। डॉ फॉक्स ने कहा कि आप जानते हैं कि आपकी डिलीवरी सर्विस, आप वह जगह चुनते हैं जहां आप अपना पैकेज भेजना चाहते हैं, और हमने फायरफ्लाई के साथ यही किया।

फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा के मैरे क्रिसियम क्षेत्र में उतरा। यह मिशन 15 जनवरी, 2025 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ और रविवार को सटीक लैंडिंग के साथ खत्म हुआ। फायरफ्लाई स्पेस, टेक्सास स्थित एक अमेरिकी निजी क्षेत्र की एयरोस्पेस फर्म है, जो अंतरिक्ष वाहनों के डिजाइन, निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से संबंधित है।

नासा के मुताबिक कर्मशियल कंपनी के ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर ने नासा के 10 वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकी डेमो को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर पहुंचा दिया है। नासा के मुताबिक ब्लू घोस्ट के मिशन के दौरान, एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरणों का लक्ष्य चंद्र उपसतह ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी, रेगोलिथ नमूना संग्रह क्षमताओं, ग्लोबल नेविगेशन उपग्रह प्रणाली क्षमताओं, विकिरण सहनशील कंप्यूटिंग और चंद्र धूल शमन विधियों का परीक्षण और प्रदर्शन करना है। कैप्चर किए गए डाटा से धरती पर मनुष्यों को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे यह पता चल सकता है कि अंतरिक्ष का मौसम और अन्य ब्रह्मांडीय ताकतें धरती को कैसे प्रभावित करती हैं।

## अमेरिका ने यूक्रेन की रोकी सैन्य मदद और रुस पर लगे प्रतिबंधों में दी छूट!



**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तीखी बहस के बीच रूस को ट्रंप प्रतिबंधों में छूट देने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि व्हाइट हाउस ने गृह और वित्त विभाग से इस संबंध में ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। विभागों से कहा गया है कि रूस पर लगे प्रतिबंधों में छूट देने की सूची तैयार की जाए। आगामी दिनों में रूस के साथ इन पर अमेरिका चर्चा करेगा। ट्रंप का यह कदम रूस के साथ अमेरिका के संबंधों की बेहतरी की दिशा में होगा। सूत्रों के मुताबिक ऐसे में रूस के अरबपतियों समेत रूसी कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के लिए प्रस्ताव तैयार हो रहा है। इससे पहले अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सैन्य मदद तत्काल प्रभाव से रोक दी है। रूस दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है और अगर इस पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध को हटा लिया गया तो इससे तेल की बढ़ती कीमतें रोकने में मदद मिल सकती है। बता दें कि पिछले साल क्रेमलिन ने बाइडेन सरकार के तहत दोनों देशों के रिश्तों को बेहद खराब बताया था। बाइडेन ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को सैन्य मदद दी थी जबकि रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। मालूम हो कि रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच हाल ही में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन व्हाइट हाउस में जेलेंस्की के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति की तीखी बहस के बाद जेलेंस्की अमेरिका से सीधे ब्रिटेन पहुंचे थे, जहां ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने उनका जोरदार स्वागत किया था। यूक्रेन के समर्थन में ब्रिटेन में यूरोपीय नेताओं की इमरजेंसी बैठक हुई थी।

## भारत पर हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने का दबाव बना रहा इजराइल

### हमास नेताओं की उपस्थिति को लेकर जताई थी चिंता

**एजेंसी ■ तेलअवीव**

इजराइल गाजा पट्टी से हमास को खत्म करने के अपने अभियान को लेकर अब भारत पर दबाव बना रहा है कि वह हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करें। हाल ही में इजराइल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कश्मीर एकजुटता दिवस पर हमास नेताओं की उपस्थिति को लेकर चिंता जताई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह पहली बार था जब हमास के नेता पीओके पहुंचे और उन्हें संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के सदस्यों के साथ देखा गया। इजराइल ने इस मुद्दे पर भारत से बातचीत की है। भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर इजराइल का हमेशा समर्थन किया है और 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमास के हमले की



कड़ी निंदा की थी। हालांकि, भारत ने अब तक हमास को आतंकवादी संगठन के रूप में आधिकारिक रूप से प्रतिबंधित नहीं किया है, जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई देश इसे आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं।

इजराइल ने 2023 में पाकिस्तान-आधारित लश्कर-ए-तैयबा पर प्रतिबंध लगाया था, जो 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। उस समय भारत में इजराइल के राजदूत ने उम्मीद जताई थी कि भारत भी हमास को प्रतिबंध लगाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि इजराइल ने हमास की आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित जानकारी भारतीय सरकार को सौंपी है। भारतीय संसद में भी इस सवाल को उठाया गया है कि क्या भारत हमास पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है। हालांकि, इस पर विदेश मंत्रालय का आधिकारिक बयान है कि किसी संगठन को आतंकवादी घोषित करने का निर्णय 'गैरकानूनी गतिविधियां के तहत संबंधित सरकारी विभागों द्वारा किया जाता है।

भारत आतंकवाद के खिलाफ इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता रहा है, लेकिन उसने फिलिस्तीनी लोगों के साथ अपने संबंध भी बनाए रखे हैं।

### मोहम्मद यूनुस का बड़ा बयानः बांग्लादेश की मजबूरी है भारत से अच्छे संबंध रखना

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के पास भारत से अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है, क्योंकि दोनों देश एक-दूसरे पर काफी निर्भर हैं।

यूनुस, जो पहले भारत को लेकर आक्रामक बयानबाजी करते रहे हैं, अब सुर बदलते नजर आ रहे हैं। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ दुष्प्रचार के कारण भारत-बांग्लादेश के संबंधों में तनाव पैदा हुआ है, लेकिन बांग्लादेश अब इन गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। यूनुस का यह बयान 3-4 अप्रैल को थाईलैंड में होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से पहले आया है। इस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है।




रियो डिय जिनेरो में सांभा स्कूल के कलाकार एक कार्निवल में पारंपरिक नृत्य पेश करते हुए।

**ऑपरेशन** कई छोटे समूह इन दोनों देशों के खिलाफ एकजुट हुए

# चीन और पाक की नाक में दम करने तैयार हो गई बलूच नेशनल आर्मी

**एजेंसी ■ लाहौर**

वर्तमान में पाकिस्तान की हालात खराब है। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों के जनाजे ना उठते हों। बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान में, टीटीपी ने खैबर के इलाके में आंतक मचा रहा है। अब पाक की मुसीबत का एक और चेहरा तैयार हो गया है। इसका नाम है बलूच नेशनल आर्मी। बलूचिस्तान और सिंध प्रांत में सक्रिय छोटे बड़ों ग्रुप अब एक साथ आ खड़े हो गए है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिब्रेशन फ्रंट, बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स



(बीआरजी), और सिंधु देश क्रांतिकारी सेना (एसआरए) ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ एक साथ ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी में है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक तीन दिन तक चली एक बैठक में नई रणनीति बनाई और इस फ्रंट को नया नाम दिया गया 'बलूच नेशनल आर्मी'।

पहली बार बलूच उग्रवादी संगठनों ने मिलकर एक संगठन बनाया है। इसका मकसद है पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लिए आजादी की लड़ाई एक साथ लड़ना। पाकिस्तान के साथ चीन का बलूचिस्तान में संसाधनों का शोषण को रोकना है। बलूच राजी आज़ोई संगठन (बीआरएएस) की एक बड़ी बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद बयान जारी किया गया। इसमें एस संगठन के फ्यूचर प्लान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक का मकसद था सभी बलूच विद्रोही संगठनों को एक मंच पर लाना। बैठक में फैसला लिया गया कि पाकिस्तान और चीन के खिलाफ ऑपरेशन को ज्यादा घातक किया जाएगा। मॉर्डर्न मिलेट्री वॉरफेयर के तहत गुरिल्ला ऑपरेशनों को अंजाम दिया जाएगा। बीआरएएस नई तकनीक के इस्तमाल से जंग लड़ने को अंजाम देने जा रहे हैं। बलूचिस्तान के सभी महत्वपूर्ण सड़कों को ब्लॉक कर पाकिस्तानी सेना के लॉजिस्टिक और अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाई जाएगी। बलूच नागरिकों और संसाधनों के खिलाफ पाक और चीन का खौफनाक चेहरा अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक ले जाने की योजना तैयार की गई।

बैठक में तय हुआ हैं कि बीआरएएस जल्द ही बलूच नेशनल आर्मी का रूप लेगा। अलग अलग संगठनों के कार्यकर्ताओं और लीडर को एक इंटीग्रेटेड मिलिट्री स्ट्रकचर में लाया जाएगा। सभी इलाकों में जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिससे बलूच रेजिसटेंट फोर्स को इंटीग्रेट कर के जल्द से जल्द नए तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सके। बीआरएएस अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संस्थाओं, मानवाधिकार संगठनों और दुनिया की तमाम बड़े ताकतवर देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने पर खास ध्यान देगी।

## रूस का हवाई आतंक जारी, हमें और चाहिए मदद : जेलेंस्की

**एजेंसी ■ कीव**

राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन सामान्य और सुरक्षित जीवन के लिए लड़ रहा है, जिसका वह हकदार है। हम चाहते हैं कि यह युद्ध समाप्त हो। लेकिन रूस ऐसा नहीं चाहता। उन्होंने दावा किया कि रूस का हवाई आतंक जारी है। जेलेंस्की ने कहा, पिछले सप्ताह में शहरों को नष्ट करने और लोगों को मारने के लिए यूक्रेन पर 1,050 से अधिक ड्रोन, लगभग 1,300 हवाई बम और 20 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, जो लोग बातचीत चाहते हैं, वे जानबूझकर बैलिस्टिक मिसाइलों से नागरिकों पर हमला नहीं करते। रूस को अपने हमले रोकने के लिए मजबूर करने के लिए, हमें दुनिया से अधिक सामूहिक ताकत की आवश्यकता है। जेलेंस्की ने कहा कि हमारी वायु रक्षा को मजबूत करना, हमारी सेना का समर्थन करना, और प्रभावी सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करना जो रूसी आक्रमण की वापसी को असंभव बना दे - यही वो चीज है जिस पर हमें ध्यान केंद्रित करना चाहिए। न्याय की जीत होनी चाहिए। हम एकता की शक्ति में विश्वास करते हैं, और हम निश्चित रूप से स्थायी शांति बहाल करेंगे। इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति तीन व्यस्त दिनों के बाद सोमवार को कीव वापस आ गए।

# यूरोपीय देशों ने दी यूक्रेन को 40000 करोड़ की मदद

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों सारे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बने हुए हैं। ट्रंप जिस तरह से अमेरिका की नीतियों और यूरोपीय देशों की उपेक्षा करते हुए अपने व्यापारिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं, उसके कारण अमेरिका और यूरोप के देशों में ट्रंप के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है। जिसका व्यापक असर अमेरिका के राज्यों और यूरोपीय देशों के बीच दिखना शुरू हो गया है। ट्रंप ने जिस तरह का व्यवहार यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ किया है, उसे यूरोप और नाटो देशों ने पसंद नहीं किया। अमेरिका से जेलेंसकी के लंदन लौटने के बाद ब्रिटेन में 27 देशों के प्रतिनिधि यूक्रेन के समर्थन में होने वाली बैठक में शामिल हुए। सभी देशों ने मिलकर युद्धग्रस्त यूक्रेन की सहायता करने के लिए 40000 करोड़ रुपए की तुरंत सहायता यूक्रेन को देने की घोषणा की। यूरोप और नाटो संगठन के देशों में प्रतिबंध के बाद रूस के लगभग 40000 करोड रुपए यूरोपीय देशों के पास जमा थे। उस पैसे को तुरंत यूक्रेन को मदद के रूप में देने का फैसला यूरोप के देशों ने किया। इसे एक ऐतिहासिक फैसला माना जा सकता है। यूरोप को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसा निर्णय लेना पड़ा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए जिस तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफा शर्तें यूक्रेन के ऊपर लाद रहे थे, नाटो देशों को शांतिवार्ता में शामिल नहीं कर रहे थे, उसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया अंतरराष्ट्रीय जगत में देखने को मिली है। यूरोप के देश चाहते हैं, शांति प्रयासों में अमेरिका के साथ यूरोप के देशों को भी शामिल किया जाए। लंदन समिट में यूरोप के 44 देश के 24 नेता व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए थे। जो इस बात को पुख्ता करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा रूस और यूक्रेन के बीच में जो शांति स्थापित करने की कोशिश की जा रही है, उसके लिए जो शांति प्रस्ताव तैयार कर गुंडागर्दी की जा रही है, वह उसका विरोध करते हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री ने यहां तक कह दिया, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों को हम अमेरिका के भरोसे नहीं छोड़ सकते हैं। 14 करोड़ रुसी, 50 करोड़ यूरोपीय नागरिकों पर जबरदस्ती नहीं कर सकते हैं। यूरोप के 44 देशों ने एकमत से प्रस्ताव पास किया है। वह रूस और अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं करेंगे। अपनी लड़ाई खुद लड़ने में



सक्षम हैं। यूरोप के देशों में रूस से ज्यादा गुस्सा अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर है। अमेरिका यूक्रेन और नाटो देशों के साथ जो समझौता हुआ था, उस समझौते से अमेरिका मुकर रहा है। जिसके कारण अब यूरोप के देश संगठित होकर यूक्रेन के साथ खड़े हो गए हैं। वैश्विक स्तर पर जो घटना देखने को मिल रही है।

# यौन अत्याचारों के बढ़ने की त्रासदी पर लगाम लगे



▪ ललित गर्ग

**यौन शोषण दुनिया के लिए बड़ी समस्या है, जो दुनिया भर में है। हालांकि कुछ देशों में महिलाएं अधिक असुरक्षित एवं यौन उत्पीड़न, शोषण एवं हिंसा की शिकार हैं, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों शामिल हैं, भारत की स्थिति भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं कहीं जा सकती। वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए इन क्षेत्रों की तस्करी वाली महिलाओं को आम तौर पर तथाकथित विकसित दुनिया के देशों में ले जाया जाता है।**

महिलाओं को इसी त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिये ही दुनियाभर में 4 मार्च को यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। दुनियाभर में महिलाओं और बच्चों के साथ रोजाना कई प्रकार के यौन शोषण के मामले सामने आते रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर दिन औसतन आठ महिलाएं, लड़कियां और अक्सर युवा लड़कों का यौन शोषण किया जाता है। यौन उत्पीड़न किसी भी प्रकार का अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन पक्ष के लिए अनुरोध, यौन प्रकृति का मौखिक या शारीरिक आचरण या इशारा, या यौन प्रकृति का कोई अन्य व्यवहार है, जिसकी उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है या जिसे किसी अन्य के लिए अपमान या अपमान का कारण माना जा सकता है, जब ऐसा आचरण काम में बाधा डालता है, जो सहायता कर्मियों द्वारा साथी सहायता कर्मियों के विरुद्ध किया जाता है। यूनिसेफ ऐसे सभी प्रकार के यौन दुराचार, यौन उत्पीडन, अत्याचार और यौन हिंसा से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के बीच अंतर करता है। यौन शोषण एक यौन प्रकृति का वास्तविक या धमकी भरा शारीरिक अतिक्रमण है, चाहे बलपूर्वक या असमान या बलपूर्वक परिस्थितियों में, सहायता कार्यकर्ताओं द्वारा उन बच्चों और परिवारों के खिलाफ किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

यौन उत्पीड़न समाज में हर जगह पसरा है, कार्यस्थल, शैक्षणिक संस्थान और घर से लेकर धार्मिक स्थलों में महिलाएं एवं बालिकाएं असुरक्षित है। ग्रामीण इलाकों में 26 प्रतिशत महिलाएं, शहरी इलाकों में 21 प्रतिशत और उपनगरीय इलाकों में 18 प्रतिशत महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार होती हैं। जो महिलाएं अपनी आय का मुख्य स्रोत टिप पर निर्भर रहती हैं, उनके यौन उत्पीड़न की संभावना दोगुनी होती है। कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30 प्रतिशत, शारीरिक



रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है। यह दिवस देश एवं दुनिया में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के मामलों पर लगाम लगाने के लिये जागरूकता की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य यौन शोषण और वेश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को बचाकर उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते यौन अत्याचारों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते हुए तमाम तरह के विकास के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। भारत के लिये निश्चित रूप से यह चिंताजनक है और हमारी विकास-नीतियों पर सवाल भी उठाती है। बड़ा सवाल तो तब खड़ा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के मुताबिक 2016 में ही देश भर में करीब एक लाख बच्चे यौन अपराधों के शिकार हुए। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाएं यौन शोषण का शिकार हो रही है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिकओ को भोग्या समझने की विकृत मानसिकता।

बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्टू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उनके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी यौन उत्पीड़न एवं हिंसक की त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस का यह अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

# विलंब के कारण न्याय से वंचितः न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या

भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों का मुद्दा एक बड़ी चुनौती है, जिसने न्याय प्रणाली को गहराई से प्रभावित किया है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या न्याय प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई वर्तमान प्रणाली की प्रभावशीलता और दक्षता पर गंभीर सवाल उठाती है। ऐसी देरी का कानूनी ढांचे पर हानिकारक और व्यापक प्रभाव पड़ता है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय की पहुँच में बाधा डाल सकती हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को नुक़सान होता है। जैसे-जैसे मामले लंबित होते हैं, कानूनी प्रणाली में जनता का भरोसा कम होता जाता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता को लेकर निराशा और संदेह पैदा होता है। नतीजतन, लोग विवादों को निपटाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर सकते हैं। यह लंबित मामला देरी का एक चक्र बनाता है, जिससे अदालतों के लिए नए मामलों को निपटाना मुश्किल हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः अनसुलझे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है। देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, लंबित मामलों का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को ख़त्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को ख़त्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को ख़त्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।



प्रियंका सौरभ

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेज़ी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

## राजकाज



### 2028 तक राज्यसभा में उपस्थिति दर्ज कराएंगे केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के सांसद संजीव अरोड़ा का राज्यसभा का कार्यकाल 2028 तक का है। वह अपना इस्तीफा देकर अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेज रहे हैं। अगले 3 साल तक अरविंद केजरीवाल को कोई चिंता नहीं रहेगी। वह खुलकर राज्यसभा के सदस्य बनकर मोदी के खिलाफ आर पार की लड़ाई लडेंगे। अरोड़ा ने मंत्री पद की शपथ लेने की शर्त पर सांसद पद से इस्तीफा देना स्वीकार किया है। केजरीवाल ने कारोबारी सांसद अशोक मित्तल से इस्तीफा देने को कहा था। उन्होंने बलिदान करने से मना कर दिया। सीट खरीद कर वह राज्यसभा पहुंचे थे। उनका अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के साथ कोई भावात्मक लगाव नहीं है।

### योगी आदित्यनाथ और गुजरात की लाबी

महाकुंभ समाप्त होने के बाद ही उत्तर प्रदेश की राजनीति में परिवर्तन की बात सामने आने लगी है। जल्द ही उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार होगा। संगठन का चुनाव पूरा किया जाएगा। मंत्री बनने के लिए विधायकों में होड़ शुरू हो गई है। 75 साल पूरे कर चुके मंत्रियों और संगठन के पदाधिकारियों को मार्गदर्शक मंडल में भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के पद पर किसी ब्राह्मण को बिठाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें दिल्ली की कितनी चलेगी, कितनी योगी आदित्यनाथ की चलेगी। इसको लेकर संशय बना हुआ है। महाकुंभ के बाद योगी हिंदू हृदय सम्राट हो गए हैं। उन्होंने मोदी को पीछे छोड़ दिया है।

### भागवत नितीश बाबू और चंद्रबाबू नायडू गैर सनातनी हिन्दू

भाजपा के अधिकृत ट्विटर हैंडल से जो लोग महाकुंभ का स्नान करने नहीं गए थे। उन्हें गैर सनातनी हिंदू बताकर हमला किया जा रहा है।राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा को ईसाई बताकर उन पर हमला किया गया। इसके बाद सोशल मीडिया में हंगामा मच गया। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश बाबू, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और संघ प्रमुख मोहन भागवत भी महाकुंभ का स्नान करने नहीं पहुंचे। सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, क्या यह गैर सनातनी हिंदू है। 2013 के कुंभ में भाजपा के नेता डुबकी लगाने नहीं पहुंचे थे। उस समय वह क्या थे। 2013 का कुंभ जब हुआ था तब अखिलेश मुख्यमंत्री थे। उसे समय वह समाजवादी पार्टी का कुंभ था। इस बार योगी मुख्यमंत्री हैं, तो भाजपा का कुंभ हो गया।

### मोदी नाम की जाप से निवेशकों को 90 लाख करोड़ का नुकसान

भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है। 5 महीने में निवेशकों के 90 लाख करोड रुपए शेयर बाजार में डूब गए हैं। उसके बाद भी गोदी मीडिया से शेयर बाजार और निवेशक गायब हैं। वित्त मंत्री चुप्पी साध कर बैठी हुई है।रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शशिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव बन गए हैं। सेबी प्रमुख निर्मला पद छोड़कर चली गई हैं। प्रधानमंत्री गुजरात चले गए हैं।निवेशक हैरान और परेशान हैं।

## फीचर



# अधिक वजन की महिलाओं को फायब्रॉइड का खतरा

**अधिक वजन वाली महिलाओं को फायब्रॉइड (गांठ) का खतरा बना रहता है। शुरुआत में रोग के लक्षण नहीं दिखते। मुख्य रूप से लक्षण फायब्रॉइड के आकार, संख्या या वह गर्भाशय की किस दीवार पर है इसपर निर्भर करता है।**

गर्भाशय की मांसपेशियों में वृद्धि होकर गांठ का रूप ले लेना यूट्रस फायब्रॉइड की समस्या है। ज्यादातर मामलों में ये गांठें कैंसर की नहीं होती हैं पर कुछ मामलों में ये कैंसर में बदल सकती हैं। सोनोग्राफी से इसके आकार व जगह का पता चलता हैं। जगह के अनुसार माहवारी अधिक या इस दौरान रक्त के ज्यादा थक्के निकलना जैसे समस्या होती है। खून की कमी से थकान व कमजोरी रहती है। यूरिन संबंधी परेशानी भी हो सकती है।

हार्मोन्स में गड़बड़ी फायब्रॉइड की मुख्य वजह है। विशेषकर अधिक वजन, अधिक उम्र, गर्भनिरोधक दवाएं लेने व गर्भवती महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन ज्यादा स्त्रावित होने से फायब्रॉइड बनने लगाता है। गंभीर स्थिति में किडनी में सूजन आ जाती है।


40 से अधिक उम्र की जो महिलाएं बच्चा चाहती हैं उनमें इस गांठ को निकाल देते हैं। वहीं, अधिक उम्र में यूट्रस को पूरी तरह से बाहर निकालना एक विकल्प है। आयुर्वेद में लक्षणों के साथ गांठ के आकार को बढने से रोकने पर इलाज होता है। इसके लिए रोगी को जौ का दलिया, सत्तू व रोटी, शाली चावल घी संग खीर बनाकर, गुलाब की पंखुडियां या धागामिश्री खाने को देते हैं। शोधन चिकित्सा में वमन, विरेचन कराते हैं। इमरजेंसी में जब महिला को सामान्य से अधिक ब्लीडिंग हो तो हेमामिलिस, कार्बोनेज दवा अन्य लक्षण, रोगी की स्थिति व गांठ की जगह देखकर देते हैं।

गर्भधारण के अलावा जिनकी फैलोपियन ट्यूब के नजदीक, ग्रीवा के मुंह पर यदि फायब्रॉइड हैं तो इंफर्टिलिटी का खतरा रहता है। गर्भावस्था के साथ यदि फायब्रॉइड हों तो गर्भपात होने की आशंका रहती है।

## प्रेरणा

# विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं।



जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया।

## अपनी बात



केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है।



अखिलेश यादव ने कहा कि आज जो लोग युवाओं को यह सलाह दे रहे हैं, उन्हें दिल पर हाथ रखकर सोचना चाहिए कि वह खुद युवा थे तो क्यों नहीं किया। उनका मानना है कि मनोरंजन और फ़िल्म उद्योग भी अरबों रुपए इकोनॉमी में जोड़ता है और लोगों को रिफ़्रेश्ड, रिवाइव्ड और री-एनर्जाइज़्ड फ़ील कराता है। अखिलेश यादव ने कहा, वर्क और लाइफ़ का बैलेंस ही मानसिक रूप से एक स्वस्थ वातावरण बना सकता है।

## ब्रीफ न्यूज

### चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी के लिये ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**गुना।** ई- उपार्जन के पोर्टल पर गेहूँ के साथ-साथ चना मसूर एवं सरसों फसलों का पंजीयन 20 फरवरी से शुरू हो गया है, जो 10 मार्च तक किया जाना प्रस्तावित है। सभी किसान भाई 10 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन का कार्य जिले के 35 केंद्रो (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां) एवं एमपी किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते है।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास गुना अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5,650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5,950 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का समर्थन मूल्य 6,700 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे, यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराना होगा।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने अपार आईडी न बनाने वाले स्कूलों पर की कार्यवाही

**गुना।** लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के निर्देशों का पालन न करने वाले संस्था प्रधानों के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसौदिया ने कठोर कार्यवाही करते हुए दो संस्था प्रभारियों को निलंबित, एक को सेवा समाप्ति का नोटिस और चार संस्था प्रभारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिसौदिया द्वारा जारी आदेशानुसार प्राथमिक शिक्षक मनोज राठौर प्रावि हथियाबड विकासखण्ड गुना और ब्रजेश किशोर किरार सहायक शिक्षक प्रावि खड़ेला विकासखण्ड बमोरी को निलंबित किया गया। इसी प्रकार बलबीर यादव गुरुजी प्रावि सेमराखेड़ा को अपार आईडी का कार्य प्रारम्भ न करने के कारण सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। अपार आईडी निर्माण में लापरवाही बरतने पर मदरसा एमएस मेमोरिया गुना, मदरसा दीनी दारुल उलूम गुना, मन स्पेशल स्कूल गुना और सरस्वती शिशु मंदिर चांचौड़ा के संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए।

### प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**गुना।** जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय लेवल पर पदक जीता है। शिवपुरी में 20वी मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय यूथ बालक बालिका एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में गत दिवस आयोजित हुई। जिसमें गुना जिले की प्रगति सोलंकी ने खेल एथलेटिक्स इवेंट हेप्टाथलॉन में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया गया। वहीं गुना के ही मोहित गोलियां ने 100 मीटर में तीसरा स्थान और 200 मीटर में दूसरा स्थान हासिल किया गया। कोच अरविंद लोधी ने बताया कि हार जीत जीवन का हिस्सा है पर हमें लगातार प्रतियोगिता में भाग लेते रहना चाहिए।

# आउटसोर्स वाहन चालक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गुना




नगरपालिका गुना के आउटसोर्स वाहन चालक कर्मचारियों ने सीटू के नेतृत्व में रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान सहित अन्य मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व रैली कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद सभा में परिवर्तित हुई। जिसमें सीटू के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, सुरेंद्र सैनी, महेश सैनी, जहूर खान, जिला महासचिव गिरीश कश्यप, मनोज मेर, राज्य समिति सदस्य जहूर खान और कल्याण सिंह लोधी ने कर्मचारियों को संबोधित किया।

डॉ. विष्णु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि आउटसोर्स कंपनी कर्मचारियों को 7 तारीख तक वेतन नहीं देती, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मुख्य नियोक्ता कार्यालय प्रमुख की बनती है, चाहे वह नगरपालिका हो, बैंक हो, विद्युत मंडल हो या कोई अन्य सरकारी विभाग। उन्होंने बताया कि श्रम कानूनों के अनुसार समय पर वेतन न देने पर आउटसोर्स कंपनी अथवा मुख्य नियोक्ता पर भारी पेनल्टी सहित भुगतान का दायित्व बनता है। उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका गुना में आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। न केवल न्यूनतम वेतन अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम और बोनस अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा है, बल्कि कर्मचारियों को आकस्मिक, अर्जित, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों के अवकाश भी नहीं दिए जा रहे हैं। साथ ही, पिछले दो महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। सभा के बाद यूनियन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वेतन भुगतान की मांग की। कलेक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित सीएमओ तेज सिंह यादव को दो दिनों के भीतर वेतन भुगतान की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। रैली और प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के अध्यक्ष कान्हा मालवीय, उपाध्यक्ष संजीव पथरोल, महासचिव भानु शाक्यवार, सचिव खलिकुर्रहमान, कोषाध्यक्ष कप्तान सिंह अहिरवार सहित कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार करोसिया, आबिद खान, सतीश निदानिया, भरत जाटव, दिलीप नकवाल, मनोज मेर और गणेश मेर ने किया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएँ

## मौके पर ही कई मामलों का किया निराकरण

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने विभिन्न आवेदकों से चर्चा कर उनसे संबंधित समस्याओं के आवेदन लिए, साथ ही उनके समुचित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनसुनवाई के दौरान अनुकंपा नियुक्ति, राशन कार्ड, पेंशन, कब्जा दिलाने, स्वास्थ्य सुविधा सहित विभिन्न मुद्दों पर नागरिकों द्वारा अपने आवेदन दिए गये। इस दौरान विभिन्न आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित 213 आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिनके निर्धारित समयावधि में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।



### आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क की सुविधा

कलेक्टर श्री कन्याल ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई में स्वास्थ्य शिविर एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में ज जनसुनवाई कक्ष के बाहर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण केंप, प्रधानमंत्री शहरी आवास एवं आधार कार्ड हेल्प डेस्क लगाकर आमजनों को आधार कार्ड बनाने की सुविधा उपलब्ध करायी गई। आज स्वास्थ्य शिविर में 12 लोगों का परीक्षण किया गया। इसी प्रकार नेत्र परीक्षण शिविर में 10, आधार कार्ड में 40 से अधिक लोगों को टोकन वितरित कर आधार कार्ड बनाये गये तथा प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत 22 आवेदन प्राप्त हुए।

### रेडक्रास के माध्यम से प्रदान की गई आर्थिक सहायता

जनसुनवाई के दौरान आवेदक ब्रजमोहन चौरसिया निवासी गुना द्वारा अपने इलाज के संबंध में आर्थिक सहायता की मांग की गई। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी गंभीर है। कलेक्टर द्वारा आवेदक श्री ब्रजमोहन चौरसिया के आवेदन पर विचार करते हुए रेडक्रास के माध्यम से दस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान एडीएम अखिलेश जैन, जिपं सीईओ अभिषेक दुबे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर जिया फातिमा एवं मंजूषा खत्री सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घुमंतू समाज का जिला सामाजिक सम्मेलन 9 मार्च को



**गुना।** घुमंतू समाज को शिक्षा, स्वास्थ, स्वरोजगार, सामाजिक सम्मान एवं शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का इन्हें लाभ मिले इस उद्देश्य से गुना जिले में 9 मार्च को घुमंतू समाज का विराट सामाजिक सम्मेलन का आयोजन स्थान जलसा गार्डन, गायत्री मंदिर के सामने गुना में होने जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर घुमंतू समाज मध्य भारत प्रांत प्रमुख लखन विश्वकर्मा द्वारा गुना जिले में रह रहे घुमंतू समाज के बीच बैठकें कर उन्हे सम्मेलन हेतु आमंत्रित किया जा रहा। सम्मेलन के मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि इसी के तहत सोमवार को घुमंतू समाज मध्य भारत प्रांत के गुना विभाग द्वारा घुमक्कड़ जातियां के जिला सामाजिक सम्मेलन हेतु मध्य भारत प्रांत के प्रमुख लखन विश्वकर्मा, विभाग सहसंयोजक गिरधारी लाल सेन एवं एडवोकेट, देवेंद्र पलिया सहित अन्य जनों ने हड्डी मिल, विनायक खेड़ी, सौजना चक, बरखेड़ा हाट, सरखो, बनवीर खेड़ी एवं आरोन सहित घुमंतू समाज के ढेरों पहुंचकर बैठक ली और उन्हें पीले चावल एवं कार्यक्रम का पत्रक देकर जिला सामाजिकता सम्मेलन 9 मार्च को जलसा गार्डन गुना में शामिल होने आमंत्रित किया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई 2025 तक निर्धारित

सत्ता सुधार ■ गुना

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की अवधि ग्वालियर संभाग अंतर्गत गुना जिले में 15 मार्च से 5 मई नियत की गई है। समर्थन मूल्य की दर रु.2425 प्रति क्विंटल नियत की गई है तथा म.प्र.स्टेट सिविल सप्लाईज कोपर्पोरेशन को उपार्जन एजेंसी नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने प्राथमिक तौर पर 24 केन्द्रों के निर्धारण कर ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रदर्शित करने हेतु उपार्जन केन्द्र का निर्धारण किये गये हैं। जिससे किसानों के स्लॉट बुक का कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा। जारी आदेशानुसार विकासखण्ड गुना अंतर्गत गेहूं उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मर्या. म्याना के लिये उपार्जन केन्द्र का स्थल गोदाम क्र. 19 बिलोनिया निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति गेहूं मर्या. नानाखेड़ी के लिये गोदाम नानाखेडी, सेवा सहकारी समिति मर्या. करोंद के लिये समिति स्तर खेल परिसर बरखेडागिर्द उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बमोरी अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बमोरी के लिये सहज वेयरहाउस भौरा, सेवा सहकारी समिति मर्या. परवाह के लिये आदिशक्ति वेयरहाउस भौरा, सेवा सहकारी समिति कॉलोनी के लिये स्टॉकअप वेयरहाउस ग्राम मुहालकालोनी उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किया गया है। विकासखण्ड आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. सालय के लिये समिति स्तर, सेवा सहकारी समिति सालय-2 के लिये गोपाल सिंह वेयरहाउस पनवाडी रोड ग्राम बरोद, विपणन सहकारी समिति आरोन के लिये मुस्कान वेयरहाउस ग्राम रामपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या. मूडराखुर्द के लिये प्रेमवेयर हाऊस ग्राम रामपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या. खामखेड़ा के लिये श्रीनाथ वेयर हाऊस खामखेड़ा, सेवा सहकारी समिति मर्या. पनवाडीहाट के लिये मुस्कान वेयर हाऊस ग्राम रामपुर, सेवा सहकारी समिति खजूरी के लिये समिति स्तर तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. शहरोक के लिये सत्या वेयर हाऊस ग्राम गेहूंखेड़ी उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किये गये हैं। विकासखण्ड राधौगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था धरनावदा के लिये समिति स्तर, सेवा सहकारी समिति गावरी के लिये देवांशी वेयर हाउस तथा सेवा सहकारी समिति संस्था रामनगर के लिये राम वेयर हाउस ग्राम रामनगर उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किये गये हैं। मधुसूदनगढ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. बरोद के लिये गोदाम मधुसूदनगढ, सेवा सहकारी समिति उकावद के लिये देवकृपा वेयर हाऊस ग्राम लेंगनगर, सेवा सहकारी समिति नसीरपुर के लिये शिव लोज्स्टिक्स ग्राम नसीरपुर तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगरमोतीपुर के लिये गुलमोहर वेयर हाऊस गुना व्यावरा बायपास रोड़ उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किये गये हैं। विकासखण्ड चांचौड़ा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. पैंची के लिये समिति स्तर पैंची तथा मार्केटिंग बीनागंज के लिये समिति स्तर/ मण्डी परिसर तथा कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कुंभराज के लिये शासकीय गोदाम उपार्जन केन्द्र स्थल निर्धारित किये गये हैं।

## अपनी खोई हुई राजनीति चमका रहे है दिग्विजय और जयवर्धन सिंहः भाजपा

सत्ता सुधार ■ गुना



भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान पर कहा कि जनजाति समाज के महानायकों के नाम पर भोली भाली समाज में भ्रम फैलाकर आप अपनी खोई हुई राजनीति चमका रहे हैं। श्री सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस सरकार में 10 साल मुख्यमंत्री रहते आपने जनजाति समाज की कितनी चिंता की ओर इस क्षेत्र में कितनी प्रतिमाएं लगवाई। जब इस क्षेत्र में आपका जनाधार गिरने लगा तो आपको जनजाति समाज के महानायकों की याद आई जो निंदा जनक है। यह तथ्य सबके सामने है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओर मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार के समय में ही जनजाति समाज के महा नायकों को उचित सम्मान मिला है। चाहे भगवान बिरसा मुंडा जी की जन्म जयंती पर आदिवासी दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाना ओर सार्वजनिक अवकाश दिवस घोषित करना। इसी के साथ ही महानायकों के नाम पर चौराहा के नामकरण एवं भोपाल में रानी कमला पति के नाम पर रेलवे स्टेशन का नाम रखा ओर उसका उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया गया। आदिवासी समाज को पैसा एक्ट भी भाजपा सरकार ने दिया। ओर इस समाज के विकास और कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं प्रदान की।

आदिवासी समाज को भावनात्वम ओर राजनीतिक शोषण कर उनका सिर्फ ओर सिर्फ वोट बैंक समझा है। आज जब हमारा आदिवासी समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा है और सरकार कि सभी लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा हे तो आप उस समाज को भ्रमित करने के लिए अपनी छोटी मानसिकता का प्रदर्शन कर रहे है।

## बिजली बैकअप की समस्या अस्पताल शिफ्टिंग में देरी

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में डीईआईसी, आईपीएचएल लैब, एमआरसी और पीआईसीयू सेक्शन की शिफ्टिंग का काम जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने हाल ही में अस्पताल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थानांतरण प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, बिजली बैकअप की समस्या के कारण शिफ्टिंग कार्य में देरी हो रही है।

सिविल सर्जन डॉ. वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि डीईआईसी पहले ही नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो चुका है, केवल थोड़ा सामान बचा है। कल एमआरसी को भी शिफ्ट कर दिया जाएगा। पैथोलॉजी और लैब के उपकरणों को पहले ही स्थानांतरित किया जा चुका है, लेकिन बिजली बैकअप न होने के कारण बाकी इकाइयों की शिफ्टिंग में रुकावट आ रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में इंजीनियरों से चर्चा की गई है, और जनरेटर से बैकअप देने का कार्य जारी है। जैसे ही यह समस्या हल होगी, बची हुई इकाइयों को तुरंत स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

### कलेक्शन सेंटर रहेगा पुरानी बिल्डिंग में

मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्शन सेंटर को पुरानी बिल्डिंग में ही संचालित किया जाएगा। इससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च तक अस्पताल की सभी इकाइयों की शिफ्टिंग प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, ताकि मरीजों को नवीन भवन में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

## अवैध देशी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**गुना।** जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा अवैध देशी पिस्टल के साथ एक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम को जिले के फतेहगढ़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि फतेहगढ़ के झिरी रोड पर पत्थर के कोट के पास एक लडका अपनी कमर में एक पिस्टल खुरसे हुए घूम रहा है। इस सूचना के मिलते ही पुलिस की एक टीम द्वारा तत्काल झिरी रोड पर मुखबिर की बताई जगह पर जाकर देखा तो वहां पर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये का व्यक्ति खड़ा मिला। जिसे पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम अमर पुत्र हरिप्रसाद जाटव निवासी ठेकेदार कॉलोनी, फतेहगढ, जिला गुना का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक देशी पिस्टल खुरसी हुई मिली। जिसकी मैग्जीन में एक राउण्ड लगा हुआ एवं एक राउण्ड उसकी पेंट की जेब से भी मिला। जिन्हें पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लेकर उस व्यक्ति से पिस्टल का लायसेंस मांगे जाने पर उसने अपने पास कोई लायसेंस नहीं होना बताया। जिससे आरोपी अमर जाटव का यह कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होने से पुलिस द्वारा आरोपी से बरामद हुई अवैध देशी पिस्टल एवं दो जिंदा राउण्ड विधिवत् जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## मोटर दुर्घटना के प्रकरणों में लगभग 80 लाख अवार्ड राशि पारित करने बीमा कंपनी के साथ बनी सहमति

सत्ता सुधार ■ गुना

इस वर्ष 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमिताभ मिश्र की अध्यक्षता में ऑरियन्टल इंश्योरेंन्स कंपनी लिमिटेड एवं यूनाईटेड इंश्योरेंन्स कंपनी लिमिटेड के साथ वर्चुअल रूप से समस्त सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं इंश्योरेंन्स कपंनी के अधिवक्तागण एवं आवेदकों के अधिवक्तागणों के साथ प्रीसिटिंग बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के वीडियों कांफ्रेंस कक्ष मे आयोजित की गई।



उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना श्री अमिताभ मिश्र द्वारा स्वयं वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से यूनाईटेड इंश्योरेस कंपनी लिमिटेड के लीगल ऑफिसर तथा रीजनल मैंनेजर के साथ विभिन्न न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना संबंधी प्रकरणों में चर्चा की गयी। जिसमें से 04 प्रकरणों में सहमति बनी। जिसमें लगभग 80 लाख रूपये की अवार्ड राशि पर आवेदक व बीमा कंपनी के अधिकारीगण सहमत हुए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री मिश्र द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि बीमा कंपनी भौतिक रूप से या वर्चुअल माध्यम से दिन प्रतिदिन होने वाली बैठकों में आवश्यक रूप से उपस्थित रहें ताकि मोटर दुर्घटना संबंधी प्रकरणों में अधिक से अधिक निराकरण नेशनल लोक अदालत में संभव हो सके। बैठक में संदीप श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश, जिला न्यायाधीश ओमप्रकाश रघुवंशी, राघवेन्द्र भारद्वाज, कविता वर्मा, आरिफ खान पटेल, आशीष प्रताप सिंह, वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं जिला चिकित्सालय से डॉ. आर.आर. माथुर उपस्थित रहे।

**बैठक** पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श कर चर्चा की गई

# एकल अभियान मध्य भारत सम्भाग अंचल गुना की मासिक बैठक हुई संपन्न

सत्ता सुधार ■ गुना

एकल अभियान मध्य भारत सम्भाग अंचल गुना की मासिक बैठक मंगलवार को अंचल कार्यालय गुना में सम्पन्न हुई। बैठक में पिछले माह के कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी करणीय कार्य की योजना बनाई गई।

बैठक में अंचल अध्यक्ष मदन सोनी, कोषाध्यक्ष विकास जैन, अंचल अभियान प्रमुख नारायण सिंह मीना, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख पप्पु सिंह नायक, अंचल कार्यालय प्रमुख विजय सिंह मंचासीन रहे। अंचल कोषाध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि समीक्षा बैठक में गुना, अशोकनगर, शिवपुरी एवं राजगढ़ जिले के 14 संचो से संच प्रमुख एवं समस्त संच व्यास मुख्य




रूप से उपस्थित रहे। इसी के साथ श्री हरि कथा बनवासी विकास ट्रस्ट सूरत महिला समिति द्वारा अंचल गुना के संच व्यास दीदी कौशल्या तमर, व्यास सोनू नायक, संच व्यास जितेंद्र बंजारा की कथा से प्रभावित होकर उनको उपहार भेजा गया। जिनको एकल कार्यालय पर ससम्मान अंचल समिति द्वारा प्रदान किया गया। इसी के साथ ही 5 मार्च से टेकरी मंदिर हाल में लगने वाले एकल के पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श कर चर्चा की गई। साथ ही होली मिलन कार्यक्रम, 8 मार्च को सभी विद्यालय ग्रामों पर महिला दिवस मनाया जाएगा जिसकी कार्ययोजना बनाई गई।

## फिर फंसे निवेशक, चिट फंड कंपनी करोड़ों लेकर फरार

**गुना।** शहर में एक बार फिर चिट फंड कंपनी द्वारा लोगों से मोटे मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि एलजेसीसी कंपनी की गुना शाखा में एजेंटों के माध्यम से निवेशकों से रकम एकत्र की जा रही थी। सुनील नरवरिया, कमल सिंह जाट, संतोष कुमार ओझा सहित एक अन्य व्यक्ति इस काम में शामिल थे, जो अब फरार हैं। इन लोगों ने खेड़ापति कॉलोनी सहित शहर के अन्य इलाकों में लोगों को निवेश करने के लिए प्रेरित किया था। निवेशकों को कम समय में दोगुना मुनाफा मिलने का भरोसा दिया गया, जिससे सैकड़ों लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी इस कंपनी में लगा दी।पीड़ितों ने जनसुनवाई के दौरान बैनर पर एजेंटों की तस्वीरें लगाकर उनकी पहचान सार्वजनिक की और प्रशासन से एफआईआर दर्ज करने के साथ-साथ उनकी गाढ़ी कमाई वापस दिलाने की मांग की। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि चिट फंड कंपनियों के झांसे में आकर मोटे मुनाफे का सपना देखना आज भी लोगों के लिए भारी पड़ रहा है।

मानव समाज को अन्धकार से प्रकाश की ओर लाने वाले महापुरुष भगवान महावीर का जन्म ईसा से 599 वर्ष पूर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी तिथि को बिहार में लिच्छिवी वंश के महाराज 'श्री सिद्धार्थ' और माता 'त्रिशिला देवी' के यहां हुआ था। जिस कारण इस दिन जैन श्रद्धालु इस पावन दिवस को 'महावीर जयन्ती' के रूप में परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास और श्रद्धाभक्ति पूर्वक मनाते हैं। बचपन में भगवान महावीर का नाम वर्धमान था। जैन धर्मियों का मानना है कि वर्धमान ने कठोर तप द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए। उनका यह कठिन तप पराक्रम के सामान माना गया, जिस कारण उनको महावीर कहा गया और उनके अनुयायी जैन कहलाए।



# महावीर स्वामी
## ईश्वर का अद्भुत अवतार

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतीत होते हैं। कहने को तो वे एक राजा के परिवार में पैदा हुए थे। उनके घर-परिवार में ऐश्वर्य, धन-संपदा की कोई कमी नहीं थी। जिसका वे मनचाहा उपभोग भी कर सकते थे। परंतु युवावस्था में कदम रखते ही उन्होंने संसार की माया-मोह, सुख-ऐश्वर्य और राज्य को छोड़कर दिल दहला देने वाली यातनाओं को सहन किया और सारी सुविधाओं को त्याग कर वे नंगे पैर पैदल यात्रा करते रहे।

### पिता ने दिया वर्द्धमान का नाम

जन्मोत्सव के बाद ज्योतिषों द्वारा चक्रवर्ति राजा बनने की घोषणा करने के बाद उनके कई किस्से इस बात को सच साबित करते पाए गए। उनके जन्म से पूर्व ही कुंडलपुर के वैभव और संपन्नता की ख्याति दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती गई। अतः महाराजा सिद्धार्थ ने उनका जन्म नाम 'वर्द्धमान' रख दिया। चौबीस घंटे लगने वाली दर्शनार्थियों की भीड़ ने राज-पाट की सारी मयार्दाएँ ढहा दी। इस प्रकार वर्द्धमान ने लोगों में यह संदेश प्रेरित किया कि उनके घर के द्वार सभी के लिए हमेशा खुले रहेंगे। वर्द्धमान ने यह सिद्ध कर दिखाया।

### वीर नाम की प्राप्ति

जैसे-जैसे महावीर बड़े होते जा रहे थे वैसे-वैसे उनके गुणों में बढ़ोतरी हो रही थी। एक बार जब सुमेरू पर्वत पर देवराज इंद्र उनका जलाभिषेक कर रहे थे। तब कहीं बालक बह न जाए इस बात से भयभीत होकर इंद्रदेव ने उनका अभिषेक रुकवा दिया। इंद्र के मन की बात भाँप कर उन्होंने अपने अँगूठे के द्वारा सुमेरू पर्वत को दबा कर कंपायमान कर दिया। यह देखकर देवराज इंद्र ने उनकी शक्ति का अनुमान लगाकर उन्हें 'वीर' के नाम से संबोधित करना शुरू कर दिया।

### दो मुनियों ने दिया भेंट सन्मति का नाम

बाल्यकाल में महावीर महल के आँगन में खेल रहे थे। तभी आकाशमार्ग से संजय मुनि और विजय मुनि का निकलना हुआ। दोनों इस बात की तोड़ निकालने में लगे थे कि सत्य और असत्य क्या है? उन्होंने जमीन की ओर देखा तो नीचे महल के प्राँगण में खेल रहे दिव्य शक्तियुक्त अद्भुत बालक को देखकर वे नीचे आएँ और सत्य के साक्षात दर्शन करके उनके मन की शंकाओं का समाधान हो गया है। इन दो मुनियों ने उन्हें 'सन्मति' का नाम दिया और खुद भी उन्हें उसी नाम से पुकारने लगे।

### पराक्रम की चर्चा ने बनाया अतिवीर

युवावस्था में लुका-छिपी के खेल के दौरान कुछ साथियों को एक बड़ा फनधारी साँप दिखाई दिया। जिसे देखकर सभी साथी डर से काँपने लगे, कुछ वहाँ से भाग गए। लेकिन वर्द्धमान महावीर वहाँ से हिले तक नहीं। उनकी शूर-वीरता देखकर साँप उनके पास आया तो महावीर तुरंत साँप के फन पर जा बैठे। उनके वजन से घबराकर साँप बने संगमदेव ने तत्काल सुंदर देव का रूप धारण किया और उनके सामने उपस्थित हो गए। उन्होंने वर्द्धमान से कहा- स्वर्ग लोक में आपके पराक्रम की चर्चा सुनकर ही मैं आपकी परीक्षा लेने आया था। आप मुझे क्षमा करें। आप तो वीरों के भी वीर 'अतिवीर' है। इन चारों नामों को सुशोभित करने वाले महावीर स्वामी ने संसार में बढ़ती हिंसक सोच, अमानवीयता को शांत करने के लिए अहिंसा के उपदेश प्रसारित किए। उनके उपदेशों को जानने-समझने के लिए कोई विशेष प्रयास की जरूरत नहीं। उन्होंने लोक कल्याण का मार्ग अपने आचार-विचार में लाकर धर्म प्रचारक का कार्य किया।

ऐसे महान चौबीस तीर्थंकरों के अंतिम तीर्थंकर महावीर के जन्मदिवस प्रति वर्ष चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। महावीर जयंती के अवसर पर जैन धर्मावलंबी प्रातः काल प्रभातफेरी निकालते हैं। उसके बाद भव्य जुलूस के साथ पालकी यात्रा निकालने के तत्पश्चात स्वर्ण एवं रजत कलशों से महावीर स्वामी का अभिषेक किया जाता है तथा शिखरों पर ध्वजा चढ़ाई जाती है। जैन समाज द्वारा दिन भर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करके महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। 'जियो और जीने दो' का महान संदेश विश्व भर में फैलाने वाले ऐसे वर्द्धमान महावीर की जय हो। जय महावीर.। जय जिनेंद्र!



# माता त्रिशला के सोलह स्वप्न

**हाथी-** हाथी जिस तरह शत्रु सेना को नष्ट करता है, वैसे ही यह कर्मरूपी शत्रु का नाश करेगा।
**चंद्रमा-** जैसे चंद्रमा शीतलता प्रदान करता है, वैसे ही यह सबके लिए शीतलता व सुरम्यतादायक होगा।
**वृषभ-** वृषभ जैसे भार वहन करता है, वैसे ही यह बालक संयम का भार वहन करेगा।
**केसरी सिंह-** कामरूपी गज को नष्ट करने में केसरी सिंह जैसा बल दिखाएगा।
**लक्ष्मी-** अनंत ज्ञान दर्शन रूप लक्ष्मी को यह बालक प्राप्त करेगा।
**पुष्पमाला-** सुमनमाला की तरह सबको प्रिय कल्याणकारी होगा।
**सूर्य-** मिथ्यात्व के तम को दूर कर र%त्रयी का प्रकाश करेगा।
**कुंभ कलश-** अनेक निधियों का स्वामी होगा।
**दो मछलियाँ-** महाआनंद का दाता, दुखहर्ता
**पद्म सरोवर-** कमलाकार सिंहासन पर बैठकर देशना करेगा।
**क्षीर समुद्र-** सागर जैसी असीम गहराई का वह धारक होगा।
**रत्न जड़ित सिंहासन-** प्रजा का हितचिंतक पुत्र।
**देव विमान-** असंख्य देव-देवियों की पूज्यता प्राप्त करेगा।
**नागों के राजा नागेंद्र का विमान-** त्रिकालदर्शी पुत्र होगा।
रत्नों का ढ़ेर- **संपूर्ण आत्मगुणों का धारक होगा।**
**धुआँरहित अग्नि-** कर्मों का अंत करके मोक्ष निर्वाण को प्राप्त करेगा।



मंगलम भगवान वीरो, मंगलम गौतमो प्रभु
मंगलम स्थूलिभद्राचार्य, जैन धर्मोस्तु मंगलम

# सभी इन्द्रियों को जीतने के कारण
## जितेन्द्रिय कहलाए स्वामी

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी माने जाते हैं.महावीर का जन्म 599 वर्ष पहले चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में त्रयोदशी तिथि को बिहार में लिच्छिवी वंश के महाराज श्री सिद्धार्थ और माता त्रिशिला रानी देवी के यहां हुआ था.वर्धमान महावीर का जन्म एक क्षत्रिय राजकुमार के रूप में एक राज परिवार में हुआ था. उनका जन्म प्राचीन भारत के वैशाली राज्य के गांव कुंडग्राम में हुआ था. भगवान महावीर कई नामों से जानें जाते हैं जिनमें वर्धमान, महावीर, सन्मति और साहसी आदि मुख्य नाम थे. भगवान महावीर का जन्म एक साधारण बालक के रूप में हुआ था इनकी कड़ी तपस्या की वजह से ही इनका जीवन अनूठा बन गया. ऐसा माना जाता है कि महावीर स्वामी का काफी अन्तर्मुखी स्वभाव के थे.शुरुआत से ही उन्हें संसार के भोगों में कोई रुचि नहीं थी लेकिन माता-पिता की इच्छा की वजह से उन्होंने वसंतपुर के महासामन्त समरवीर की पुत्री यशोदा के साथ परिणय सूत्र में बंध गए और जिससे उनकी एक पुत्री हुई जिसका नाम प्रियदर्शना रखा गया. तीस साल की उम्र में उन्होंने घर-बार छोड़ दिया और कठोर तपस्या की वजह से कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया.महावीर ने पार्श्वनाथ के आरंभ किए तत्वज्ञान को परिभाषित करके जैन दर्शन को स्थाई आधार दिया.महावीर स्वामी ने श्रद्धा एवं विश्वास की वजह से जैन धर्म की फिर से प्रतिष्ठा स्थापित की. उन्होंने 'अहिंसा परमोधर्म' के सिद्धांत और लोक कल्याण का मार्ग अपना कर विश्व को शांति का सन्देश दिया.आधुनिक काल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को अहिंसा के जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए आह्वान किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम और सबसे अधिक जोर महावीर स्वामी ने ही दिया है.इस आदर्श के अनुसार, हमें किसी भी रूप, मनसा-वाचा-कर्मणा, में हिंसा नहीं करनी चाहिए.जैन धर्म की मान्यताओं के मुताबिक वर्द्धमान ने कठोर तप द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर जिन अर्थात विजेता कहलाए. इन्द्रियों को जीतने के कारण वे जितेनद्रिय कहे जाते हैंयह कठिन तप पराक्रम के समान माना गया, इसलिए वे 'महावीर' कहलाए. उन्हें वीर,अतिवीर' और 'सन्मति' भी कहा जाता है. भगवान महावीर ने अपने उपदेशों से इस समाज का कल्याण किया है.उनकी शिक्षाओं में ये बातें प्रमुख थीं कि सत्य का पालन करो, अहिंसा को अपनाओ, जिओ और जीने दो.इसके अलावा उन्होंने पांच महाव्रत, पांच अणुव्रत, पांच समिति तथा छह आवश्यक नियमों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया.जो जैन धर्म के प्रमुख आधार माने गए. पावापुर में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को भगवान महावीर ने आखिरी सांस ली.

# अहिंसा परमोधर्म

वर्तमान युग में महात्मा गाँधी ने सारी मनुष्य जाति को जिस महान आदर्श को अपनाने के लिए अहवाहन किया था, उसके महत्व पर सर्वप्रथम एवं सबसे अधिक जैन तीर्थंकर पार्श्व और महावीर ने ही दिया है। महावीर स्वामी से हमें यह शिक्षा मिलती हैं कि हमें हिंसा किसी भी रूप में नहीं करनी चाहिए। सदा सत्य बोलना चाहिए। निर्बल, निरीह और असहाय व्यक्तियों की ही नहीं बल्कि पशुओं को भी नहीं सताना चाहिए। मनुष्य को मन, वचन , कर्म से शुद्ध होना चाहिए। ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन काल में देशाटन अवश्य करना चाहिए इससे ज्ञानार्जन होता हैं। यह ज्ञानार्जन का सर्वश्रेष्ठ साधन हैं। चोरी कभी नहीं करनी चाहिए। चोरी भी मन , वचन एवम कर्म से होती हैं अथवा किसी एक से भी करना, महापाप हैं। महावीर हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देते हैं। उनकी जयंती के दिन हमें यह प्रतिज्ञा करने चाहिए कि उनकी बताई शिक्षा में से किसी एक शिक्षा को अपनायें। इससे हमारे में नैतिक गुणों का विकास होगा, साथ ही साथ अच्छे कर्म भी होंगे। भगवान महावीर ने दुनिया को बहुत ही अच्छे संदेश दिए। उनका सबसे प्रिय संदेश था अहिंसा के मार्ग पर चलने का। भगवान महावीर के मूल मंत्र 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत पर चलकर ही हम देश, दुनिया को बचा सकते हैं। भगवान महावीर की शिक्षाएं हमें करुणामय एवं निस्वार्थ सादगीपूर्ण जीवन की प्रेरणा देती हैं। यह त्योहार सच्चाई, अहिंसा तथा सौहार्द के प्रति सभी की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का काम करे।



# जैन धर्मग्रंथ का संक्षिप्त परिचय

जैन धर्म ग्रंथ पर आधारित धर्म नहीं है। भगवान महावीर ने सिर्फ प्रवचन ही दिए। उन्होंने कोई ग्रंथ नहीं रचा, लेकिन बाद में उनके गणधरों ने, प्रमुख शिष्यों ने उनके अमृत वचन और प्रवचनों का संग्रह कर लिया। यह संग्रह मूलतः प्राकृत भाषा में है, विशेष रूप से मागधी में।भगवान महावीर से पूर्व के जैन धार्मिक साहित्य को महावीर के शिष्य गौतम ने संकलित किया था जिसे 'पूर्व' माना जाता है। इस तरह चौदह पूर्वों का उल्लेख मिलता है। जैन धर्म के सबसे पुराने आगम ग्रंथ 46 माने जाते हैं। इनका वर्गीकरण इस प्रकार किया गया है। समस्त आगम ग्रंथो को चार भागो मैं बाँटा गया है:- 1. प्रथमानुयोग 2.करनानुयोग 3.चरर्नानुयोग 4. द्रव्यानुयोग।

12 अंगग्रंथ - 1.आचार, 2.सूत्रकृत, 3.स्थान, 4.समवाय 5.भगवती, 6.ज्ञाता धर्मकथा, 7.उपासकदशा, 8. अन्तकृतदशा, 9.अनुत्तर उपपातिकदशा, 10.प्रश्न-व्याकरण, 11.विपाक और 12.दृष्टिवाद। इनमें 11 अंग तो मिलते हैं, बारहवाँ दृष्टिवाद अंग नहीं मिलता।

12 उपांगग्रंथ - 1.औपपातिक, 2.राजप्रश्नीय, 3. जीवाभिगम, 4.प्रज्ञापना, 5.जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति 6.चंद्र प्रज्ञप्ति, 7.सूर्य प्रज्ञप्ति, 8.निरयावली या कल्पिक, 9. कल्पावतसिका, 10.पुष्पिका, 11.पुष्पचूड़ा और 12. वृष्णिदशा।

10 प्रकीर्णग्रंथ - 1.चतुःशरण, 2.संस्तार, 3.आतुर प्रत्याख्यान, 4.भक्तपरिज्ञा, 5.तण्डुल वैतालिक, 6. चंदाविथ्यय, 7.देवेन्द्रस्तव, 8.गणितविद्या, 9. महाप्रत्याख्यान 10.वीरस्तव।

6 छेदग्रंथ - 1.निशीथ, 2.महानिशीथ, 3.व्यवहार, 4. दशशतस्कंध, 5.बृहत्कल्प और 6.पञ्चकल्प।

4 मूलसूत्र - 1.उत्तराध्ययन, 2.आवश्यक, 3. दशवैकालिक और 4.पिण्डनिर्य्युक्ति।

2 स्वतंत्र ग्रंथ - 1.अनुयोग द्वार 2.नन्दी द्वार।

जैन पुराणों का परिचय : जैन परम्परा में 63 शलाका-महापुरुष माने गए हैं। पुराणों में इनकी कथाएँ तथा धर्म का वर्णन आदि है। प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश तथा अन्य देशी भाषाओं में अनेक पुराणों की रचना हुई है। दोनों सम्प्रदायों का पुराण-साहित्य विपुल परिमाण में उपलब्ध है। इनमें भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण सामग्री मिलती है।

मुख्य पुराण हैं - जिनसेन का 'आदिपुराण' और जिनसेन (द्वि.) का 'अरिष्टनेमि' (हरिवंश) पुराण, रविषेण का 'पद्मपुराण' और गुणभद्र का 'उत्तरपुराण'। प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं में भी ये पुराण उपलब्ध हैं। भारत की संस्कृति, परम्परा, दार्शनिक विचार, भाषा, शैली आदि की दृष्टि से ये पुराण बहुत महत्वपूर्ण हैं।

अन्य ग्रंथ - षट्खण्डागम, धवला टीका, महाधवला टीका, कसायपाहुड, जयधवला टीका, समयसार, योगसार प्रवचनसार, पञ्चास्तिकायसार, बारसाणुवेक्खा, आप्तमीमांसा, अष्टशती टीका, अष्टसहस्री टीका, र%करण्ड श्रावकाचार, तत्त्वार्थसूत्र, तत्त्वार्थराजवार्तिक टीका, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक टीका, समाधितन्त्र, इष्टोपदेश, भगवती आराधना, मूलाचार, गोम्मटसार, द्रव्यसग्रह, अकलकग्रन्थत्रयी, लघीयस्त्रयी, न्यायकुमुदचन्द्र टीका, प्रमाणग्रह, न्यायविनिश्चयविवरण, सिद्धिविनिश्चयविवरण, परीक्षामुख, प्रमेयकमलमार्तण्ड टीका, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय भद्रबाहु संहिता आदि।





# रेस 4 में हुई रकुल प्रीत सिंह की एंट्री, सैफ के सामने आएंगी नजर!





फिल्म निर्माता रमेश तौरानी ने पहले पुष्टि की थी कि अभिनेता सैफ अली खान रेस 4 में मुख्य भूमिका में लौटेंगे। अब, पता चला है कि रकुल प्रीत सिंह इस प्रत्याशित थ्रिलर फ्रैंचाइज़ में खान के साथ शामिल हो सकती हैं। हालांकि सूत्र ने पुष्टि नहीं की कि सिंह जिस प्रोजेक्ट में शामिल हुई हैं वह वास्तव में रेस 4 है, लेकिन यह संभावना है कि यह वही हो, क्योंकि खान और तौरानी अभी केवल इसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में ज़्यादा जानकारी गुप्त रखी गई है, लेकिन रेस की दुनिया में सिंह का प्रवेश निश्चित रूप से इसे और भी रोमांचक बनाता है।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सिंह कुछ ऐसा करने के लिए वाकई उत्साहित हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। हालाँकि उन्होंने पिछले कुछ सालों में कई बड़े बजट की फ़िल्मों में काम किया है, लेकिन रेस फ्रैंचाइज़ में प्रवेश करना उनके लिए एक दिलचस्प चुनौती होने जा रही है। सूत्र ने कहा, रकुल रमेश तौरानी के बैनर तले एक रोमांचक नई परियोजना के लिए सैफ अली खान के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मेरे हसबैंड की बीवी की सफलता के बाद, वह स्मार्ट विकल्प चुन रही हैं, और यह फिल्म उनकी गति को और बढ़ाएगी। 34 वर्षीय रकुल ने अतीत में विभिन्न शैलियों में काम किया है। उन्हें रोमांटिक-कॉमेडी शैली पर मजबूत पकड़ के लिए जाना जाता है, और रेस 4 उनके बहुमुखी करियर को और आगे ले जाएगी। हालाँकि, निर्माताओं द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

रेस फैंचाइज़ में सैफ अली खान की वापसी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर रकुल प्रीत सिंह इस फिल्म में शामिल होती हैं, तो स्क्रीन पर एक नई जोड़ी की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों को एक साथ जोड़ा गया है या नहीं। पिछले साल की शुरुआत में, खान के रेस 4 में काम करने की पुष्टि करते हुए, निर्माता रमेश तौरानी ने कहा- सैफ रेस फैंचाइज़ में वापस आएंगे, और हम उन्हें लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने पहली दो फिल्मों में शानदार काम किया है। फिल्म में कई कलाकार होंगे, और हम स्क्रिप्ट और कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। हमने निर्देशक को भी अंतिम रूप नहीं दिया है। हम फिल्म की आधिकारिक घोषणा अगले साल, संभवतः फ्लोर पर जाने से पहले करेंगे। इस बीच, सिंह को आखिरी बार अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था। फिल्म इस महीने की शुरुआत में रिलीज़ हुई थी। रेस 4 उनके करियर में एक शानदार जोड़ होने जा रही है।




## मुश्किल में फंसी धनुष की कुबेर

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। सभी किरदारों के फर्स्ट लुक पहले ही जारी हो चुके हैं। वहीं, इस बीच अब खबर है कि कुबेर अब मुश्किल में फंस चुकी है।

करीमकोंडा नरेंद्र नाम के एक टॉलीवुड निर्माता ने दावा किया है कि उन्होंने नवंबर 2023 में तेलुगु फिल्म निर्माता परिषद के साथ कुबेर शीर्षक पंजीकृत किया था और उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। नरेंद्र ने निर्देशक शेखर कम्मुला पर शीर्षक के उल्लंघन का आरोप लगाया और शीर्षक बदलने या उन्हें हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की। नरेंद्र ने तेलुगु फिल्म चैंबर से हस्तक्षेप करने और न्याय करने का अनुरोध किया है।

### फिल्म की शूटिंग पूरी

वहीं, इन आरोपों पर अब तक कुबेर की टीम, धनुष या नागार्जुन में से किसी ने भी चुप्पी नहीं तोड़ी है। शीर्षक की मुसीबत के बीच शेखर कम्मुला की कुबेर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन की औपचारिकताएं चल रही हैं। फिल्म का टीजर भी पहले ही जारी हो चुका है।


### फिल्म की कहानी

फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं।

### शेखर-धनुष की पहली फिल्म

सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।

## 'क्रेजी' का नहीं बन पा रहा क्रेज




फिल्म 'छावा' लगभग दो हफ्तों से अधिक समय से सिनेमाघरों में टिकी हुई है और अच्छा कलेक्शन कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' भी रिलीज हुई। इस फिल्म की चर्चा रिलीज से पहले काफी हो रही थी। लेकिन पहले दिन फिल्म ने कोई बड़ा कमाल कलेक्शन के मामले में नहीं किया। जानिए, दूसरे दिन फिल्म 'क्रेजी' ने कितना कलेक्शन किया है। फिल्म क्रेजी के दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार यह फिल्म 57 लाख रुपये ही कमा पाई है। जबकि पहले दिन इसने 1 करोड़ रुपये की कमाई का नंबर हासिल कर लिया था। लेकिन जितनी उम्मीद इस फिल्म के मेकर्स को थी, उतना कलेक्शन यह फिल्म नहीं कर पाई। फिल्म की कुल कमाई भी अब तक 1.57 करोड़ रुपये ही है।

### वीकएंड का फायदा नहीं उठा पाई 'क्रेजी'

वीकएंड पर कम कमाई करने वाली फिल्में भी अपने कलेक्शन में बढ़ोतरी कर लेती हैं। लेकिन सोहम शाह की फिल्म ऐसा करती नहीं दिख रही है। इसकी वजह फिल्म 'छावा' है। दरअसल, सिनेमाघरों में दो हफ्ते बाद भी 'छावा' का क्रेज बना हुआ है। यह फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर रही है, 400 करोड़ क्लब में भी शामिल हो चुकी है।

## जिस चीज से प्यार करती हूं, वह कर पा रही हूं



फिल्म दम लगा के हईशा को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।

### फिल्म के हिट और फ्लॉप होने का नहीं था दबाव

एक रिपोर्ट के मुताबिक भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी क्योंकि मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर फ्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जा का इस्तेमाल करती हूं।

### फिल्मों में चुना अलग-अलग किरदार

भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना करियर अपरंपरागत रोल से शुरा किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहतीं। भूमि ने कहा मैं अपने आपको किसी भी सांचे में नहीं रखना चाहती, न मैं वैसा करना चाहती हूं, जो मेरे किसी साथी ने किया है। मैं वह काम करना चाहती हूं जिससे मैं जुड़ती हूं। कुछ मेरे लिए आसान होते हैं, तो कुछ मुश्किल, लेकिन ये सभी मेरी पसंद हैं और मैं इस पर फख्र महसूस करती हूं। भूमि पेडनेकर ने दम लगा के हईशा फिल्म से अपने करिअर की शुरूआत की। इसके बाद वह टॉयलेट; एक प्रेम कथा में नजर आईं। उनकी दूसरी बेहतरीन फिल्मों में सांड की आंख, बाला, बधाई दो और रक्षा बंधन है। हाल ही में वह मेरे हस्बैंड की बीवी में नजर आई थीं। इस फिल्म में भूमि के अलावा रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत ज्यादा कमाल नहीं कर पाई है।



## मृणाल ठाकुर अभिनीत डकैत में हुई अनुराग कश्यप की एंट्री



अदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर की एंट्री के बाद अब अनुराग कश्यप की एंट्री के साथ ही उनके किरदार से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे, जिसका नाम स्वामी है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म से एक और नए किरदार का पहला लुक जारी किया है, जिसे बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप निभाएंगे। इस फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर स्वामी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इंस्पेक्टर स्वामी का पहला लुक शेयर करते हुए निर्माताओं ने पोस्ट को कैप्शन दिया, दीक्षा लो उन्ना पुलिस नन्नु पत्तुकुंटाडु अता.. नन्नु पत्तुकोवलांटे आ देवुडे डिजी रावली इमो.. डकैत में अद्भुत अनुराग कश्यप सर को लेकर बेहद खुश हूं।

### अनुराग की पहली तेलुगु फिल्म है डकैत

फिल्म डकैत से अनुराग कश्यप तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप इससे पहले तमिल फिल्मों में काम कर चुके हैं। इससे पहले, डकैत के कलाकारों में बड़ा बदलाव तब हुआ था, जब किन्हीं वजहों से श्रुति हासन ने मुख्य अभिनेत्री के रूप में इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच लिया था और श्रुति की जगह फिर मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया। 17 दिसंबर, 2024 को डकैत के निर्माताओं ने अदिवी के जन्मदिन के साथ ही मृणाल ठाकुर का पहला लुक जारी किया था। इस पोस्टर में मृणाल के माथे पर चोट लगी है और वह एक कार में बैठी नजर आ रही हैं और उनके हाथ में बंदूक दिखाई दे रही है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, हमारे डकैत अदिवी शेष को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके खास दिन पर, हम उनसे मिलवाते हैं जिसने उन्हें धोखा दिया। उनका प्यार। उनका दुश्मन। मृणाल ठाकुर का फिल्म में स्वागत है।

## सिमर से लेकर शनाया कपूर तक ये स्टार किड्स आएंगे इन फिल्मों में नजर




7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां रिलीज होने वाली है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐसे कई स्टार्स के किड्स हैं, जो साल 2025 में बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।

### संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर



संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। खबर है कि वह दक्षिण भारत की फिल्म वृषभ में नजर आएंगी। फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। संजय कपूर की बीवी का नाम महीप कपूर है।

### शाहरुख के बेटे आर्यन खान



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे भी बॉलीवुड में आ रहे हैं। लेकिन वह बतौर डायरेक्टर-राइटर इस इंडस्ट्री में आएंगे। वह वेब सीरीज से इंडस्ट्री में कदम रखेंगे। उनकी सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसे शाहरुख खान प्रोड्यूज कर रहे हैं।

### अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी बॉलीवुड में अपने जलवे दिखाने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तया नंदा के साथ फिल्म इक्कीस में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन करने वाले हैं।

### अब्राहिम अली खान खुशी कपूर

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान नादानियां के अलावा सरजमीन फिल्म में नजर आएंगे। उनके साथ एक्ट्रेस काजोल भी नजर आने वाली हैं। जल्द ही इस फिल्म की बाकी अपडेट भी आएगी। नादानियां में सैफ के साथ श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर भी नजर आएंगी।

## परिणीति चोपड़ा ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, चलो शूटिंग पर डे 7 जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है।



## ब्रीफ न्यूज

### स्व. रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान गीतकार रामकिशोर नाविक को दिया जाएगा

**सीहोर।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर तथा सृजन साहित्य परिषद के बैनर तले आगामी 10 मार्च 2025 को प्रदेश के वरिष्ठ गीतकार स्व. रमेश गोहिया की जन्म जयंती पर होने वाले काव्य समागम एवं सम्मान समारोह में गीतकार स्व. रमेश गोहिया स्मृति साहित्य साधक सम्मान से इटारसी के वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक को अलंकृत किया जाएगा। इसकी घोषणा चयन समिति द्वारा कर दी गई है। ज्ञात रहे कि विगत दिनों चयन समिति का गठन किया गया था जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार पंडित शैलेष तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप एस. चौहान एवं साहित्य परिषद अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल के नाम शामिल थे। सम्मान समारोह का आयोजन नगर के रुकमणी गोबिंद गार्डन में सुबह 11 बजे से किया गया है। आयोजन समिति ने नगर के सभी साहित्यकार, गीतकार एवं कविगणों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं

**अशोकनगर।** प्रति सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिले के विभिन्न अंचलों से आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना एवं मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्यामूलक 155 आवेदन प्राप्त हुए । जनसुनवाई में वार्ड नंबर 2 अशोकनगर निवासी राजकुमारी अहिरवार द्वारा बिजली का मीटर लगवाए जाने, ग्राम बासाखेड़ी निवासी नारायण सिंह विश्वकर्मा द्वारा भूमिका नक्शा दुरुस्त कराए जाने ,ग्राम ठेका निवासी गोंदा जाटव द्वारा भूमि को कम्प्यूटर पर अमल कराए जाने, ग्राम ठेका निवासी खेरू अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाये जाने, ईसागढ़ निवासी मालती बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त दिलाए जाने, ग्राम सेमरा बामोरा निवासी गुड्डी बाई द्वारा जमीन पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम प्यासी निवासी मलखान सिंह द्वारा भूमिका सीमांकन कराए जाने, ग्राम खोपरा निवासी रुक्मिणी बाई द्वारा संबल योजना अंतर्गत सहायता राशि दिलाए जाने ,तुलसी सरोवर वार्ड नंबर 4 अशोकनगर निवासी आनंदराव मराठा द्वारा गरीबी रेखा की सूची में नाम जुड़वाए एवं वृद्धावस्था पेंशन दिलाये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

### केबल प्रतिस्थापन कार्य हेतु विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक ने बताया कि 05 मार्च 2025 दिन बुधवार को 33/11 केव्ही अशोकनगर उपकेन्द्र अंतर्गत आरडीएसएस योजना केन्द्र शासन अंतर्गत केबल प्रतिस्थापन कार्य किया जा रहा है। जिससे 11 केव्ही फीडर विदिशा रोड फीडर अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र संजय स्टेडियम वाला ट्रांसफार्मर , आजाद मौहल्ला, सब्जी मंडी, राज स्टूडियों, पारासर मौहल्ला का सुबह 10 से सायं 5 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

# भवन नया, ढर्रा पुराना : जिला अस्पताल में नहीं सुधर रही सफाई व्यवस्था, लगा गंदगी का अंबार

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

सीहोर जिला अस्पताल ना केवल सीहोर जिले के बल्कि आसपास के जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए इलाज का सबसे प्रमुख केंद्र है और अब तो इसे नया और भव्य भवन भी मिल गया है जिससे अब ये आसपास के क्षेत्र में सबसे बड़ा अस्पताल बन गया है लेकिन नया भवन मिलने के बाद भी यहां की व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं आया है और यहां अभी भी पुराने ढर्रे पर ही सारा काम हो रहा है । कभी यहां डॉक्टर ड्यूटी से नदारद रहते हैं तो कभी पैरामेडिकल स्टॉफ मरीजों के परिजनों से अभद्रता करता दिखाई देता है तो कभी यहां की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं और अभी तो एक मामले ने पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड ही बना दिया जब ड्यूटी डॉक्टर के स्थान पर दो अन्य बाहरी डॉक्टर यहां मरीजों का इलाज करते पाए गए थे और मरीजों की जान से खिलवाड़ वाले इस




मामले में भी अन्य सभी मामलों की तरह कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि मरीजों की जान को खतरे वाले इस मामले में ना सिर्फबाहरी डॉक्टरों बल्कि उनसे ऐसा करवाने वाले उस ड्यूटी डॉक्टर पर भी मुकदमा कायम कर उन सभी का पंजीयन रद्द किया जाना चाहिए था लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा ऐसा ना किया जाना चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्णहै ।

ताजा मामले में भी जिला अस्पताल के नए भवन में उसी पुराने ढर्रेसे काम होने की बात सामने आई है जिससे यहां की सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुलती नजर आ रही है । सरकार ने करोड़ों रुपए लगाकर सीहोर जिला अस्पताल में नई बिल्डिंग तो बना दी लेकिन यहां के प्रबंधन के लापरवाहीपूर्णऔर मनमाने रवैए के चलते ये नया भवन भी ज्यादा दिन नहीं चलेगा और रखरखाव के अभाव में जल्द ही ये भवन भी जजर्ज़ हो जाएगा तथा शासन के करोड़ों रुपए बर्बाद हो जाएंगे । इस भवन के शौचालय में तथा अन्य सभी जगह साफ सफाई के अभाव में गंदगी के बड़े बड़े ढेर लग गए हैं जिससे मच्छर पनप रहे हैं और यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन स्वस्थ होने के बजाय और अधिक बीमार हो जाते हैं ।

अब देखना ये होगा कि नए भवन में प्रबंधन नए तरीके से काम करते हुए सफाई व्यवस्था में बदलाव लाता है या उसी पुराने ढर्रेपर चलते रखकर मरीजों तथा उनके परिजनों की परेशानियों को और बढ़ाने का कारण बने रहता है ।


## करीला मेले को देखते हुए कचनार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 254 लीटर कच्ची शराब जब्त 7600 लीटर लहान नष्ट

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

अशोकनगर पुलिस ने आगामी करीला मेले को ध्यान में रखते हुए अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम माधौगढ़ की ओर नदी में छापेमारी कर 254 लीटर कच्ची शराब जब्त की, जबकि 7600 लीटर लहान मौके पर नष्ट कर दिया।

इस जब्त व नष्ट किए गए मादक पदार्थों का कुल बाजार मूल्य 7,98,100 आंका गया है। डीआईजी/एसपी विनीत कुमार जैन के निर्देश पर एएसपी गजेन्द्र कंवर व एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कचनार पुलिस ने यह



कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि पारदी बाहुल्य क्षेत्र माधौगढ़ में नदी के पास अवैध हाथ भट्टी शराब का बड़े पैमाने पर निर्माण हो रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कचनार, थाना देहात, थाना बहादुरपुर, थाना पिपरई और पुलिस लाइन के 45-50 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई। टीम ने जब ओर नदी में दबिश दी तो वहां सीमेंट, प्लास्टिक व लोहे की टंकियों में गुड़ लहान का इस्तेमाल कर बड़े पैमाने पर शराब बनाई जा रही थी। पुलिस को आता देख 2-3 अज्ञात आरोपी मौके से भाग निकले और शराब की टंकियों को तोड़कर पानी में बहाने लगे। पुलिस ने मौके से 254 लीटर कच्ची शराब (अनुमानित मूल्य 38,100) और 7600 लीटर लहान (अनुमानित मूल्य ?7,60,000) जब्त किया। पुलिस ने अवैध लहान को नष्ट कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कचनार, थाना देहात, थाना बहादुरपुर, थाना पिपरई और पुलिस लाइन की टीम शामिल रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी अवैध शराब के खिलाफ इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 2,000 लीटर महुआ लाहन और 50 लीटर अवैध शराब जब्त

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

करीला मेला को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 4 मार्च 2025 को कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी



अधिकारी के मार्गदर्शन में वृत्त अशोकनगर के उमरिया गांव और वृत्त मुंगावली के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई के दौरान 10 लोहे और प्लास्टिक की टंकियों में रखा 2,000 लीटर महुआ लाहन और 50 लीटर हाथभट्टी शराब जब्त की गई। जब्त लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही, मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 34(द्व) के तहत 5 प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 2,12,000 आंकी गई है। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी ने किया। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, राकेश सिंह कुशवाहा, शिवानी भिलाला एवं नगर सैनिकों का विशेष योगदान रहा। करीला मेले को देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा आगे भी अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा।

## पीएम आवास योजना की जांच में उलझे 862 अपात्र हितग्राही, अध्यक्ष ने आयुक्त को लिखा पत्र




**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर/ शाढ़ौरा**

शाढ़ौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना हमेशा विवादों में रहने से हितग्राही परेशान हैं। 20 माह पूर्व योजना में धांधली और मनमानी के आरोपों पर तत्कालीन कलेक्टर ने जांच दल का गठन किया था, जिसमें 862 हितग्राहियों को अपात्र मानकर उनकी अगली किस्तें रोक दी गई थीं। ये हितग्राही अभी तक जांच के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन जांच है कि पूरी होने का नाम ही नहीं लेती। इन 862 अपात्र हितग्राहियों की समस्या को लेकर नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक माहौर ने नगरीय प्रशासन आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र किस्त जारी करने का अनुरोध किया है। तत्कालीन सीएमओ यशवंत राठौर को निलंबित कर दिया गया, लेकिन इस कारण सैकड़ों पात्र हितग्राही भी आवास योजना से वंचित रह गए। कुछ को एक तो कुछ को दूसरी किस्त मिल चुकी है, लेकिन कई आवास आधे अधूरे बनकर रह गए हैं। इस समस्या को लेकर नगर परिषद के 9 पार्षदों ने आयुक्त से भेंट की और हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ देने का आग्रह किया।

### अब तक शुरू नहीं हुई जांच

आयुक्त ने 31 जनवरी 2025 को की गई जांच को अपूर्ण मानते हुए 5 समितियों के माध्यम से एक माह में जांच कराकर पात्र हितग्राहियों को आवास देने के आदेश दिए थे। इसको भी एक माह से अधिक समय बीत चुका है और अभी तक जांच शुरू नहीं हो सकी है। 14 फरवरी को पीड़ित हितग्राही नगर परिषद कार्यालय में विरोध कर चुके हैं, जिसके बाद सीएमओ शमशाद पठान और अध्यक्ष अशोक माहौर ने 3 सप्ताह में पात्र हितग्राहियों को आवास की किस्त देने का आश्वासन दिया था। अभी 3 सप्ताह पूरा होने वाला है और जांच न होने की चिंता ने अध्यक्ष को परेशान कर दिया है। उन्होंने हाल ही में समस्या के समाधान के लिए नगरीय प्रशासन आयुक्त को पत्र लिखा है।

# कैंपस में लोकतांत्रिक माहौल बचाने के लिए आगे आएं : एआईडीएसओ

### पश्चिम बंगाल में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए हमलों के खिलाफ एआईडीएसओ के महासचिव शिवाशीष प्रहराज ने प्रेस को जारी वक्तव्य में कहा

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

गत 1 मार्च को जादवपुर विश्वविद्यालय में पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री के काफिले ने बर्बरता से उन छात्रों पर गाड़ी चढ़ा दी जो छात्र संघ चुनाव की मांग कर रहे थे। इस बर्बर और अपराधिक रवैया के विरोध में 3 मार्च को एआईडीएसओ की बंगाल राज्य कमेटी के आह्वान पर आयोजित राज्यव्यापी कॉलेज-विश्वविद्यालय छात्र हड़ताल को पश्चिम




बंगाल के छात्र समुदाय ने पूर्ण समर्थन देते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। सभी छात्र ने दोषियों को उदाहरणमूलक सजा देने और कैंपस में भय और भ्रष्टाचार की संस्कृति को समाप्त करने के लिए आवाज़ को बुलन्द करने की मांग उठाई। राज्यभर में, केवल परीक्षा देने वाले छात्रों को छोड़कर, सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों ने स्वत-स्फूर्त रूप से कक्षाओं का बहिष्कार कर इस हड़ताल का समर्थन किया। इसी दौरान, जब हड़ताल के समर्थन में विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन किये जा रहे थे, तब सत्तारूढ़ पार्टी के छात्र संगठन टीएमसीपी और टीएमसी समर्थित गुंडों ने कई जगहों पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर हमले किए जिसमें राज्य की पुलिस ने भी टीएमसीपी के साथ सहभागिता निभाते हुए छात्रों के साथ मारपीट की। इन हमलों में एआईडीएसओ के 35 कार्यकर्ता घायल हुए हैं, जिनमें से 13 को गंभीर चोटें आई हैं। इसके अलावा, पूरे राज्य में संगठन के 11 नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा बेरहमी से पीटा गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया। वहीं देर शाम जादवपुर यूनिवर्सिटी गेट पर एबीवीपी द्वारा भी छात्रों पर हमला किया गया और वामपंथी छात्र संगठनों के झंडे-बैनर, पोस्टर फाड़े गए। लेकिन सभी छात्रों ने हिम्मत से इसका सामना किया ।

## 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में पैरालीगल वालंटियर्स की

### समीक्षा बैठक एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रकाश चंद्र आर्य की अध्यक्षता में व जिला न्यायाधीश राकेश कुमार पाटीदार, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश श्री ध्रुव अग्रवाल, श्रीमती गौरी सक्सेना एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेश पटेल की उपस्थिति में मंगलवार को ए0डी0आर0 सेंटर, अशोकनगर में पैरालीगल वालंटियर्स द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा, आगामी नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स को 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के विषय पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों पर भी विचार विमर्श किया गया।

# जिले में भव्यता के साथ मनाई जायेगी डॉ.अम्बेडकर संयुक्त जयंती

### धनराज थरेले जयंती अध्यक्ष व सुरेश जांगड़े बने चलसमारोह अध्यक्ष

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

डॉ. अंबेडकर धर्मशाला सीहोर में 14 अप्रैल को संयुक्त जयंती कार्यक्रम को लेकर कमलेश दोहरे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष उपाध्यक्ष का एवं चल समारोह अध्यक्ष चयन किया गया बहुजन उत्सव समिति सीहोर अध्यक्ष धनराज सिंह थरेले को बनाया गया चल समारोह अध्यक्ष सुरेश जांगड़े को बनाया गया शहरी क्षेत्र अध्यक्ष प्रवेश परिहार को बनाया गया उपाध्यक्ष विक्की महोबिया को बनाया गया महिला शक्ति महिला विंग सरिता दोहरे को बनाया गया मुख्य रूप से कमलेश दोहरे, एन.पी. सागर, धनराज थरेले, हरिओम बौद्ध, गेंदालाल सर्यवंशी, महेश सूर्यवंशी, राजेश जांगड़े, अर्जुन बड़ोदिया,



दीपक बड़ोदिया, राकेश जांगड़े, सचिन कटारिया, लाड़ सिंह कटारिया, नईम खान, कपिल चौधरी, वीरू जाटव, जितेंद्र मंगरोलिया, हरि सिंह परिहार, हरि बाबा परिहार, आनंद बरेला, अजय नागोलिया, जसपाल सिंह राणावत, अभिषेक सूर्यवंशी, अनिल मालवीय, शुभम, जयदीप नागवंशी, रीतिक पुरबिया, नरेंद्र सूर्यवंशी, तेजपाल सिंह चौहान, जोरावर सिंह, अखिलेश मालवीय, सोमनाथ धावरे, विक्की जाटव, शैलेंद्र दोहरे, नीरज, करण सिंह राठौड़, कैलाश बनोरिया, चेतन सर्यवंशी, हरिओम, अभिषेक मालवीय, रवि गैहरवाल, संजीव बामनिया, नवीन महोबिया, सचिन जाटव, विशाल मालवीय, राजकुमार मालवीय, गोपाल मालवीय, नीरज जावरिया, सरिता दोहरे, कृष्णा सर्यवंशी, पवन सर्यवंशी, राहुल सूर्यवंशी, मिथुन जांगड़े , वीरेन्द्र जांगड़े, दिनेश जांगड़े, जितेंद्र मालवीय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। आगामी 9 मार्च दिन रविवार 2025 को सुबह 10:00 बजे अंबेडकर धर्मशाला में मीटिंग रखी जाएगी।

## फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**अशोकनगर।** जिले में भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्रीस्टैंक योजना के अंतर्गत प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री बनाये जाने की कार्यवाही हेतु संदर्भित निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान किया जा रहा है। जिससे कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत फार्मर प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। मार्च 2025 के उपरांत पीएमकिसान योजना का लाभप्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,उप संचालक कृषि एवं समस्त तहसीलदारों को आदेश जारी कर निर्देशित किया गया है कि युद्धस्तर पर समस्त पीएमकिसान हितग्राहियों हेतु फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही की जाये। जिले में 144161 फार्मर आईडी बनाए जाने का लक्ष्य है, जिसमें से 83727 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। शेष 60434 फार्मर आईडी 20 मार्च 2025 तक बनाए जाने के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कैम्पों का आयोजन किया जाये। इस कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर को जिला नोडल अधिकारी नामित किया जाता है एवं भूको सहायक (नियमित) अभिलेख अधीक्षक-जिला नोडल अधिकारी बनाया जाता है। सहायक नोडल अधिकारी कैम्प की जानकारी अद्यतन करने एवं कैम्प आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय एवं अधिकारियों द्वारा कैम्प भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## कार्रवाई

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 लाख की प्रतिमा तथा करोड़ों रूपये के

# स्वींगपुल में भ्रष्टाचार पर आष्टा नपा परिषद के विरूद्ध कार्यवाही की मांग

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले व साथियों ने सीहोर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई कायज्क्रम में ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि सीहोर जिले की आष्टा नगर पालिका द्वारा भारतीय जनता पार्टी के स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री की 65 लाख की प्रतिमा व करोड़ों रूपये के स्वींगपुल में भयानक तरीके से किये गये भ्रष्टाचार की जाँच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। नरेन्द्र खंगराले ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेय की प्रतिमा लगाये जाने तथा स्वींगपुल निर्माण के पूर्व कितने ठेकेदारों द्वारा टेण्डर प्रक्रिया में शामिल हुए थे। र्सचना के




अधिकार में जानकारी प्रदान नही की जा रही है व तीन राष्ट्रीय समाचार पत्रों में टेण्डर विज्ञप्ति जारी की जानी थी किन्तु नाम मात्र एक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी की गई है, जो नियम विरूद्ध है। नवनिर्मित स्वींगपुल में चोरों द्वारा स्वींगपुल की लाखों रूपये की विद्युत सामग्री तथा दरवाजे खिडक़ी एवं टायलेट शीट, नल के सावर तथा नलों को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। स्वींगपुल के अन्दर बड़े-बड़े घास पेड़ खड़े हुए हैं नवनिर्मित स्वींगपुल खण्डर अवस्था में चोरों की भेट चड़ गया है। स्वींगपुल में विद्युत कनेक्शन नही कराये जाने से ठेकेदार द्वारा स्वींगपुल को संचालित नही किया जा रहा है। इस कारण से शासन की व जनता की गाढ़ी कमाई का नगर पालिका आष्टा द्वारा गवन किया जा रहा है, जिसे लेकर आष्टा के नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले द्वारा कलेक्टर बाला गुरु के को जनसुनवाई कार्यक्रम में ज्ञापन सौंपकर शीघ्र र्सचना के तहत जो अधुरी जानकारी प्रदान की गई है उक्त जानकारी को पूर्णदिलाई जावे तथा तीन वर्ष पूर्व निर्मित स्वींगपुल में विद्युत कनेक्शन कराये जाकर ठेकेदार को स्वींगपुल संचालित के निर्देश दिये जावे एवं उचित जाँच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावे। ज्ञापन की प्रति से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन इओडब्लु व लोकायुक्त कार्यालय तथा निर्माण की जाँच करने वाली मध्य प्रदेश शासन की गुणवत्ता परिषद को भी अवगत कराया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डॉ.अनीस खान, सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले,धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंरगाले, धन्नालाल परचौले, मांगीलाल टिमरई, बी.एस.पेठारी, कमल अहिरवार, आशा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ सीहोर**

मंगलवार को जिला कांग्रेस के पूर्वमहासचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से पंकज शर्माने महामहिम राज्यपाल से वृद्धावस्था पेंशन को छह सौ रुपए से बढ़ाकर एक हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने का निर्देश राज्य सरकार को देने की मांग करते हुए कहा कि मप्र सहित कई राज्यों में विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं को एक हजार दो सौ पचास से लेकर तीन हजार रुपए प्रतिमाह तक दिए जा रहे हैं लेकिन मप्र में वृद्धजनों को केवल छह सौ रुपए प्रतिमाह ही मिल रहे हैं जो कि कतई तकज़्संगत नहीं है क्योंकि वृद्धावस्था में इनका शरीर कमजोर हो जाता है और ये कोई भी शारीरिक श्रम करने में असमर्थ हो जाते हैं तथा इनको कई शारीरिक और मानसिक बीमारियां भी हो जाती हैं और ऐसे में इनके अपने भी इनसे कन्नी काट लेते हैं और इनको अकेलेपन का सामना करना पड़ता है ।

पंकज शर्माने कहा कि अकेले रहने और कमजोरी, बीमारी के कारण ये कोई काम नहीं कर पाते और पूरी तरह इस पेंशन पर ही निर्भर रहते हैं तथा ऐसी स्थिति में इतनी कम पेंशन में इनका गुजारा होना बहुत ही मुश्किल होता है इसलिए इनकी पेंशन को तत्काल बढ़ाकर एक हजार रुपए प्रतिमाह किया जाना चाहिए ।

## ब्रीफ न्यूज

### विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर निकाली जनजागृति रैली



**उज्जैन।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी देते हुवे बताया कि 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यकम अंतर्गत बहरेपन और सुनने की क्षमता में कमी की समस्या के बारे में जागरूकता बढाने एवं कान और श्रवण संबधित देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय दिवाकर के मागदर्शन में जिला स्तर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली प्रातः मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से गुजरी। रैली मे नाक, कान, गलारोग चिकित्सक डॉ. बीआर रत्नाकर, डॉ. अंशु वर्मा, डॉ. रेखा कारखुर, डॉ. चंद्रेखर मिश्रा एवं मनीष भद्रावले जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, विनिशा सोलंकी जिला अर्लीइंटरवैशन मेनेजर, आरबीएस के शहरी टीम एवं डीईआईसी स्टाफ एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स उपस्थित हुए। रैली के माध्यम से बधिरता संबंधी जागरूकता संदेश दिया गया साथ ही नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञों द्वारा हितग्राहियों का श्रवण परीक्षण किया गया जिसमें लगभग 45-50 मरीजों का श्रवण / नाक, कान, गला रोगसे संबंधित परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया।

### किराए के फ्लैट से पकड़ाई ऑनलाइन सट्टा गैंग

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने एक बिल्डिंग में छापेमारी कर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे छह युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 29 मोबाइल, लैपटॉप और दो कंप्यूटर सीपीयू बरामद किए गए हैं। वे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए लोगों को सट्टे में फंसा कर उनसे पैसा कमाते थे। देर रात सभी आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने छावनी मैदान स्थित विकास तिवारी की बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर पर छापा मारा, जहां से हिमांशु (निवासी महावीर नगर), रविंद्र (उत्तर प्रदेश), विवेक (भरतपुर, राजस्थान), अमित कुमार और कृष्ण कुमार (मधुबनी, बिहार) कन्हैया (छपरा, बिहार) को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी हिमांशु ने कुछ महीने पहले यह फ्लैट किराए पर लिया था और यहां से ऑनलाइन सट्टा एप का संचालन कर रहा था। आरोपी 'हब एप' नामक वेबसाइट के जरिए लोगों से दांव लगवाते थे। वे ग्राहकों को आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराते थे और बदले में उनसे पैसे ट्रांसफर करवाते थे। पुलिस को इनके पास से हब वेबसाइट की आईडी भी मिली है, जो किसी अन्य राज्य से संचालित हो रही थी। आरोपियों ने कबूल किया कि वे लगभग एक साल से इस अवैध कारोबार को चला रहे थे। क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को पहले जानकारी नहीं दी गई थी। जब पुलिसकर्मी रात में गुप्त रूप से बिल्डिंग में दाखिल हुए, तो अंदर मौजूद युवकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

### श्री मौनतीर्थ महापीठ में बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान का दीक्षांत समारोह

# साहित्यकारों को मंच देकर नई दिशा दे रहा बिलासा साहित्य संस्थान

सत्ता सुधार ■ उज्जैन

साहित्य समाज का दर्पण होता है। महिलाएं इस क्षेत्र में लगातार आगे आ रही हैं और बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान महिलाओं को मंच उपलब्ध करा रहा है। इससे समाज को एक नई दिशा मिलेगी। यह बात निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 परम सुमनानन्द महाराज ने श्री मौनतीर्थ महापीठ में बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त की।

कार्यक्रम में गोविंद शर्मा खंडवा के मुख्य आतिथ्य, देवेंद्र शर्मा इंदौर, मनोहर मोयदे उज्जैन के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक बिलासा साहित्य शैक्षणिक संस्थान की जनसंपर्क अधिकारी एवं श्रीमौन तीर्थ पीठ उज्जैन की सचिव डॉ. निर्मला शर्मा ने कहा कि श्री मौनतीर्थ पीठ उनकी आत्मा है यहाँ उनके प्राण बसते हैं। उन्होंने 2016 में जब मौनी बाबा के चरण- स्पर्श किए और उनका वरदहस्त उनके मस्तक पर पड़ा तो उनका जीवन 360 डिग्री घूम गया। इस दिव्यपावन भूमि पर बिलासा महालय का दीक्षांत समारोह करने का अर्थ है कि बिलासा महालय उनके लिए सबसे अधिक महत्व रखता है। उन्होंने आगे कहा कि दोनों ही संस्था उनके दो नेत्रों के समान हैं और दोनों गुरुजी भी उनके दो नेत्रों के समान हैं। बिलासा महालय की अध्यक्ष डॉक्टर माधुरी मुदिता ने बताया कि 21 अगस्त 2019 को स्थापित बिलासा छंद महालय के संस्थापक परम गुरुदेव डॉ. रामनाथ साहू ननकी, अध्यक्ष डॉ . माधुरी डड्सेना मुदिता, सचिव डॉ. ओमकार साहू मृदुल के अथक प्रयत्नों से बिलासा छंद महालय न केवल छंदों को पुर्नस्थापित कर रहा है, वरन नव प्रस्तारित छंदों के माध्यम से साहित्य क्षितिज की नित नई ऊंचाइयां भी छू रहा है।

श्री मौनतीर्थ के पावन, शांत, सुरम्य वातावरण में एक दिन पूर्व ही बिलासा छंद महालय के संस्थापक डॉ. रामनाथ साहू %ननकी, अध्यक्ष डॉ. माधुरी मुदिता सहित अनेकानेक साधक पटल प्रेरक, पटल प्रमुख, पटल गुरुओं साधक का आना प्रारंभ हो गया था। बिलासा महालय ने उनके प्रात~से लेकर रात्रिकाल तक स्वल्पाहार, भोजन, आवास का समुचित प्रबंधन किया। अगले दिवस प्रातत्काल से सभी दीक्षांत साधकों से तीर्थ क्षेत्र जागृत हो उठा। यथा समय सभी अतिथियों गोविंद शर्मा खंडवा, देवेंद्र शर्मा इंदौर, मनोहर मोयदे उज्जैन का आगमन पश्चात आदि छंदाचार्य गणपति, मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।




उज्जैन की दिव्य भूमि का प्रताप ही कहा जाएगा कि एक साथ 25 किताबों का विमोचन भी किया गया। विमोचन के पश्चात प्रथम सत्र समाप्त करते हुए भोजन अवकाश में साधकों द्वारा अपने गुरुजनों का सम्मान एवं काव्यपाठ भी किया गया। द्वितीय सत्र डॉ. गजेंद्र हरिहारनो दीप, राजश्री शर्मा ,डॉ .निर्मला शर्मा ,निशा अतुल्य डॉ. सुषमा शर्मा श्रुति, डॉ .अनुराधा पारे अवि, रश्मि मोयदे रागिनी के विशिष्ट आतिथ्य में वर्णावली ग्रन्थ महालय ग्रन्थ एवं 2024 के पटल प्रेरकों पटल प्रमुखों पटल गुरुओं , साधकों को महालय के स्मृति चिन्ह ग्रंथों, मैजिक वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया।

सभी का आभार डॉ. माधुरी ने व्यक्त किया। प्रथम सत्र का बेहद सुंदर सारगर्भित ,गरिमापूर्ण संचालन राजश्री शर्मा एवं द्वितीय सत्र का सुंदर संचालन अदिति अत्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी साधकों ने अभूतपूर्व योगदान दिया किंतु लक्ष्मीकांत वैष्णव मनलाभ ,कमलेश पटेल ,दिव्य सृजन शर्मा ,रश्मि मोइदे दंपति का योगदान अभूतपूर्व रहा।

# 48 घंटे में 8 लोगों के हुए नेत्रदान, 16 लोगों की जिंदगी होगी रोशन

### एक देह, दो त्वचा भी डोनेट, हर महीने होते हैं 100 नेत्रदान

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में पिछले 48 घंटों में आठ लोगों के निधन के बाद उनके नेत्रदान किए गए। इनमें से एक की देह और दो लोगों की त्वचा भी डोनेट की गई है। इन आठ लोगों की आंखों से अब 16 लोगों की अंधेरी दुनिया में उजियारा होगा।

इंदौर में पिछले कुछ समय से हर माह औसतन 100 नेत्रदान हो रहे हैं। संभवत~मप्र में यह सबसे ज्यादा है। डॉक्टरों और एनजीओ कर्ताधर्ताओं के मुताबिक देह दान, अंग दान और अब नेत्रदान की ओर इंदौर के तेजी से बढ़ते कदम से काफी लोग भी प्रेरित हो रहे हैं। शहर में दो दिनों में जिन 8 लोगों के नेत्रदान हुए हैं, उनमें सभी की मृत्यु स्वाभाविक हुई है। इनमें से इंदौर के, एक शुजालपुर और एक उज्जैन निवासी हैं। यह पहला मौका नहीं है कि 48 घंटों में आठ लोगों के नेत्रदान हुए हैं। इसके पूर्व भी हो चुके हैं। दो साल पहले हुए बावडी हादसे में तो कई नेत्रदान हुए थे।

आठ लोगों के नेत्रदान किए उनके नाम आई स्पेशलिस्ट डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, कुशल सराफ, महेश राजदेव, ओमप्रकाश भाटिया, शंकर रिझवानी, मंजूला व्यास, हीरामणि जैन और सीमा जैन हैं। इनमें कुशल सराफ (80) की देह और त्वचा भी डोनेट की गई।




**तीन की हार्टअटैक से हुई मौत :** डॉ. अनुराग श्रीवास्तव (62), सीमा जैन (शुजालपुर) और शंकर रिझवानी (45) की मौत हार्टअटैक से हुई है। खास बात यह कि शंकर रिझवानी को छोड़कर बाकी सभी की उम्र 62 साल से 80 साल के बीच थी। शंकर रिझवानी द्वारा मृत्यु पूर्व नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा गया था जबकि बाकी 7 लोगों के परिजन खुद ही इसके लिए आगे आए हैं।

जीतू बगानी (सेवादार, मुस्कान ग्रुप) ने बताया कि नेत्रदान शंकरा आई बैंक, एमवायएच आई बैंक और एमके इंटरनेशनल आई बैंक के सहयोग से किए जाते हैं। जरूरी यह है कि मृत्यु स्वाभाविक रूप से हुई हो या असामयिक, इनमें से किसी दिवंगत ने मृत्यु पूर्व संकल्प भरा हो तो उनकी आंखें तो डोनेट हो ही रही हैं। इसके अलावा अब खुद लोग ऐसे नेक काम के लिए आगे आ रहे हैं और अपने परिवार के दिवंगतों की आंखें डोनेट करने के लिए सहमति दे रहे हैं, यह अपने आप में एक सुखद पहलू है।

#### इसलिए जरूरी है नेत्रदान

आई बैंकों की जानकारी के मुताबिक नेत्रदान में 67 से 70त्न तक की आंखें दूसरों की जिंदगी में उजियारा करती है। दरअसल, आई डोनेट के लिए जब ब्लड सैंपल लिए जाते हैं तो उसमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी, एचआईवी आदि की जांच होती है। अगर ऐसा कुछ पाया जाता हो या कोई तकनीकी दिक्कत हो तो 30त्न तक कार्निया तकनीकी रूप से काम नहीं आती है। अब तो इंदौर ही नहीं आसपास के शहरों के लोग भी जीवन मूल्यों को लेकर काफी जागरूक हो रहे हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के बेटे की बारात इंदौर से रवाना

### देर रात भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, 6 मार्च को जोधपुर में होगी शादी



सत्ता सुधार ■ इंदौर

पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय की बारात कल देर रात इंदौर पहुंची। बसों से आई बारात आज इंदौर एयरपोर्ट से जोधपुर के लिए रवाना हो गई। बारात का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि पहुंचे। कार्तिकेय का विवाह जोधपुर में होना है, जिसके लिए पिछले तीन-चार दिनों से विवाह की रस्में उनके भोपाल स्थित निवास पर चल रही थीं। पिछले महीने उनके छोटे पुत्र का विवाह भोपाल में संपन्न हुआ था। कल रात बारात जोधपुर जाने के लिए इंदौर पहुंची। भोपाल से बसों में आई बारात को बायपास स्थित एक होटल में ठहराया गया था। रात 1 बजे पहुंची बारात का स्वागत मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, राजेश सोनकर, सावन सोनकर, सुमित मिश्रा, गौरव रणदिवे सहित कई भाजपा नेताओं ने किया। बताया जा रहा है कि कल रात भोपाल से इंदौर आते समय पूरे रास्ते में भाजपा नेताओं ने शिवराज सिंह चौहान के बेटे की बारात का स्वागत किया।

**जोधपुर में हो चुकी हैं सभी तैयारियां :** 6 मार्च को शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान की शादी अमानत बंसल से उम्मेद भवन पैलेस में होने जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंगलवार, 4 मार्च को शिवराज सिंह चौहान अपने परिवार के साथ जोधपुर पहुंच चुके। अमानत बंसल चौहान परिवार की बड़ी बहू बनेंगी। अमानत बंसल ने लंदन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी की पढ़ाई की है।

# फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यासागर सोशल ग्रुप को मिले अवॉर्ड



### सतीश जैन श्रेष्ठ अध्यक्ष चुने गए

सत्ता सुधार ■ इंदौर

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर, इंदौर ने फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में पुष्पगिरी, देवास में आयोजित अधिवेशन में भाग लिया। विद्यासागर सोशल ग्रुप इंदौर को कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्राप्त हुए।

ग्रुप को श्रेष्ठ अध्यक्ष- सतीश- सरिता जैन, श्रेष्ठ धार्मिक गतिविधियां, सामाजिक गतिविधि, जेपीएल में शानदार सहभागिता आदि अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फेडरेशन की देश-विदेश में करीब 361 शाखाएं हैं। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में करीब डेढ़ हजार सदस्य पहुंचे। देवेंद्र कांसल राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। अधिवेशन में ग्रुप के परामर्शदाता आरके सुमन जैन, अध्यक्ष सतीश- सरिता जैन, सचिव- अरविंद जैन, कोषाध्यक्ष आरके जैन, पूर्व अध्यक्ष जेके जैन, ओम- मालती जैन, शैलेंद्र- उषा जैन, संतोष जैन, रविंद्र- सरिता जैन, अंकित- पूजा जैन, दिनेश जैन, डॉक्टर प्रमोद- अल्पना जैन, रविकांत- सुषमा जैन, अशोक जैन पवन- अभिलाषा जैन सहित अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

### मां को बचाने के प्रयास में युवक की मौत, झोपड़ी में लगी आग बुझाने के दौरान हुआ हादसा

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में झोपड़ी में लगी आग बुझाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। घटना के समय वह अपनी मां को बचाने में लगा था, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से वह जलती झोपड़ी में गिर गया और गंभीर रूप से झुलस गया। उपचार के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। कनाड़िया पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय आशिक, पुत्र मनोहर राजवंश, ग्राम कलमा का निवासी था। 2 मार्च की रात परिजन उसे एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। आशिक के भाई असीम ने बताया कि वे मूल रूप से ललितपुर के रहने वाले हैं और करीब दो साल पहले अपने माता-पिता के साथ इंदौर आकर लक्ष्मण वर्मा के यहां काम करने लगे थे। रविवार रात को उनकी मां रूपा झोपड़ी के पास खाना बना रही थीं, तभी नजदीक की घास में आग लग गई, जो धीरे-धीरे झोपड़ी तक फैल गई। आग देखकर आशिक तुरंत वहां पहुंचा और पहले अपनी मां को सुरक्षित हटाया। इसके बाद उसने झोपड़ी से सामान निकालने और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह अंदर गिर गया। इस हादसे में उसका चेहरा, छाती और हाथ बुरी तरह जल गए। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# बीआरटीएस रैलिंग तोड़ने तक शुरू कर सकते हैं नई व्यवस्था : महापौर



सत्ता सुधार ■ इंदौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा है कि बीआरटीएस की बस लाइन में निजी बस और कार चलाने की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। बीआरटीएस को तोड़ने का काम एक महीने बाद शुरू होगा, तब तक इस नई व्यवस्था को लागू किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा और फिर उसके बाद न्यायालय द्वारा अनुमति दिए जाने के परिणाम स्वरूप अब इंदौर का बीआरटीएस तोड़ा जाना निश्चित हो गया है। नगर निगम द्वारा जीपीओ चौराहा से लेकर व्हाइट चर्च चौराहा तक के क्षेत्र में बीआरटीएस की बस को अलग करने वाली जालियां निकालने का काम किया जा रहा है। यह तो स्पष्ट है कि नगर निगम अपने दम पर 11.5 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस की जालियां निकालकर उन जालियों के बेस को तोडने का काम नहीं कर सकेगा।

ऐसे में नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा फैसला लिया गया है कि अब एक-दो दिन के अंदर ही अलग से टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस टेंडर के माध्यम से बीआरटीएस के कॉरिडोर को तोडने का काम ठेके पर निजी क्षेत्र को दे दिया जाएगा। यह टेंडर जारी होने, ठेकेदार को काम सौंपने और फिर काम शुरू होने में काम से कम डेढ़ महीने का वक्त लगेगा। इससे स्पष्ट है कि डेढ़ महीने बाद जाकर बीआरटीएस तोडने का काम शुरू हो सकेगा। इस स्थिति में बीआरटीएस के कॉरिडोर पर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को राहत देने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा एक नए प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

भार्गव ने बताया कि इस अवधि में बीआरटीएस की बस लेन में निजी बस और चार पहिया वाहन के रूप में कार के संचालन की अनुमति दी जा सकती है। इस बारे में अभी विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव के गुण-दोष देखे जा रहे हैं। इस गुण-दोष के आधार पर इस नई व्यवस्था को लागू करने का फैसला हो सकता है। ध्यान रहे कि पूर्व में भी इस बस लाइन में निजी वाहन चलाने की अनुमति दी गई थी। जब यह अनुमति दी गई थी तो इस अनुमति के कारण सामान्य वाहनों के आने-जाने वाले स्थान पर यातायात कम हो गया था और लोगों को राहत मिली थी। अब बीआरटीएस को तोडने में हो रही देरी के बीच में इस राहत वाले हालात को फिर से बनाया जा सकता है।

**आंदोलन** | कलेक्टर ने समस्या का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया

# 40 गांव के किसानों ने कलेक्टोरेट का किया घेराव

सत्ता सुधार ■ बुरहानपुर

धुलकोट तहसील के 40 गांवों के 500 से अधिक आदिवासी किसान कलेक्टर कार्यालय गए। गांव के सुक्ता नदी पर डेम बनाने की मांग को लेकर आदिवासी आंदोलन कर रहे है।

अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण आदिवासी किसान तेज धूप में करीब 2 घंटे तक बैठे रहे। उन्होंने कहा कलेक्टर से मिलकर ही ज्ञापन देंगे। जब कलेक्टर ने आदिवासियों से मिलने से इनकार किया तो आदिवासी अपनी जिद पर अड़े रहे और चेतावनी देते हुए कहा कि आधे घंटे में कलेक्टर नहीं आये तो बुरहानपुर अंकलेश्वर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम किया जाएगा। जिसके बाद कलेक्टर आदिवासियों से मिले और उनकी समस्या सुन जल्द हल करने का आश्वासन दिया।



बुरहानपुर जिले के धुलकोट तहसील क्षेत्र के करीब 40 गांव के आदिवासी किसान पहुचे कलेक्टर कार्यालय जंहा आदिवासी किसानों ने आंदोलन करते हुए कलेक्टर से मिलने की मांग की गई किन्तु कलेक्टर हर्ष सिंह ने आदिवासी किसानों से मिलने से इंकार कर दिया जिससे गुस्साए आदिवासी किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। वे कलेक्टर से मिलने के इंतजार में कलेक्टर कार्यालय परिसर में जमीन पर आंदोलन करने बैठ गए। अंतर सिंह बर्डे, आदिवासी किसान नेता ने बताया हमारी मांग है कि गांव के सुक्ता नदी पर डेम निर्माण करने किया जाए, ताकि इस डेम से आसपास के करीब 40 गांव के किसान लाभान्वित होंगे इस डेम की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी की थी और वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी घोषणा की है, इसे लेकर पूर्व में सर्वे भी हो चुके है कई लोगो को मुआवजा भी मिल चुका है किंतु अब यह कार्य नही हो रहा है जिससे ग्रामीण आदिवासी किसानों की चिंताएं बढ़ गई है, क्योंकि अभी से पानी की किल्लत देखने को मिल रही है।

पूरा गर्मी का मौसम बाकी है, इसी मांग को लेकर आज करीब 500 से अधिक आदिवासी किसान पहुचे कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। गणसिंह पटेल, आदिवासी किसान नेता ने बताया जब इस सम्बंध में एडीएम वीरसिंह चौहान से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि आदिवासी किसानों की मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा और आदिवासी किसानों की मांगों को जल्द ही पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# गायिका शहनाज अख्तर ने किए महाकाल दर्शन



सत्ता सुधार ■ उज्जैन

प्रसिद्ध गायिका सुश्री शहनाज अख्तर ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची व श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये।

दर्शन उपरांत पुरोहित रूपम शर्मा व नवनीत शर्मा की प्रेरणा से सुश्री अख्तर द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान को दो लाख एक हजार रुपए का दान किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के वीरेन्द्र शर्मा द्वारा रसीद प्रदान कर दानदाता का सम्मान किया।

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर ने अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के जारी किये निर्देश

**मुरैना।** मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र 10 मार्च से प्रारंभ हो रहा है जो कि 24 मार्च 2025 तक जारी रहेगा।जिसके तहत विधान सभा प्रश्नों के जवाब समय-सीमा में प्रतिदिन भिजवाना आवश्यक होता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर ने सभी जिला कार्यालय प्रमुख, जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि वह मुख्यालय पर निवास करते हुए शासकीय कार्य संपादित करें।साथ ही यह निर्देश दिये हैं कि बिना कलेक्टर की अनुमति के किसी भी प्रकार के अवकाश पर अधिकारी प्रस्थान नहीं करेंगें और ना ही बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ेंगे। उन्होंने कहा है कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी निर्देशित करें कि वह भी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृति के उपरांत ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

### चम्बल भवन में जनसुनवाई में 11 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त विकास राजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 11 आवेदकों की समस्याओं को सुना।संयुक्त आयुक्त विकास श्री सिंह ने 11 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### क्षत्रिय समाज के आंदोलन के बाद अब गुर्जर समाज की महापंचायत आज, एसपी को देंगे ज्ञापन

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवि गांव में विगत दिवस महेश सिंह परमार एवं साधू सिंह की मारपीट कर घायल किए जाने के मामले में क्षत्रिय समाज द्वारा सोमवार को बैठक आयोजित कर विशाल रैली निकालकर कानून व्यवस्था के खिलाफपुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया था, जिसके जवाब में अब गुर्जर समाज खड़ा हो गया है और समाज के जण्डेल सिंह गुर्जर द्वारा वीडियो जारी कर इस मामले में सफाई दी गई और कहा गया है कि क्षत्रिय समाज के लोग तमाम लोगों की जमीन, मकान, दुकान पर कब्जा किए हुए हैं तथा उनके द्वारा बैरियर से लेकर चंबल राजघाट तक वाहनों से अवैध वसूली की जाती है। श्री गुर्जर ने अपने बयान में कहा है कि जिस जमीन का विवाद बताया जा रहा है, वहां पूर्व में सीमांकन हो चुका है, लेकिन भू-माफिया द्वारा कीमती जमीन के कारण यह सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मामले की निष्पक्ष जांच करें, ताकि वस्तु स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि रेस्ट हाउस पर 5 मार्च बुधवार की सुबह 10:30 बजे महापंचायत होगी और उसके बाद पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जाएगा।

# हुटर बजाना बना ग्लैमर, गाड़ियों पर नंबर प्लेट की जगह पद नाम डालकर दिखा रहे रूतबा

## राजनीतिक संरक्षण की वजह से पुलिस नहीं दिखा पा रही हिम्मत

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर एवं जिलेभर में इन दोनों चार पहिया वाहनों में हुटर बजाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है और अधिकांश वाहन जो किसी भी शासकीय या राजनीतिक मापदंड में नहीं आते, वह भी इसका उपयोग कर रहे हैं और इसका गलत संदेश लोगों में जा रहा है। चिंता की बात यह है कि जगह-जगह चौराहों पर पुलिस चेकिंग अभियान चलाती रहती है, लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, वहीं तमाम चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर पद नाम या जातीय शब्द लिखकर कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाया जा रहा है।

पिछले काफी समय से मुरैना शहर व जिले में चार पहिया गाड़ियों में हुटर लगाकर उसे बजाने का फैशन चल गया है और यह फैशन कभी-कभी पुलिस पर भी भारी पड़ रहा है। शहर में पुलिस की आंखों के सामने




हुटर बजाते हुए तमाम ऐसे वाहन निकल जाते हैं और वर्दी कोई कार्रवाई नहीं कर पाती। कभी-कभी अपराधी किस्म के लोग भी ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं और वारदात कर हुटर बजाते निकल जाए तो पुलिस को पता भी नहीं पड़ेगा। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानिया के समय ऐसे हुटर वाले वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बाद से मुरैना जिले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण हुटर का दुरुपयोग किया जा रहा है। शहर व जिले में नंबर प्लेट न लगाकर पद नाम वाली प्लेट चिपका दी जाती है या फिर उस पर ठाकुर, ब्राह्मण, क्षत्रिय, गुर्जर आदि की प्लेट लगा दी जाती है। ऐसे हजारों वाहन जिले में घूम रहे हैं, लेकिन पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही, यह समझ से परे है। पिछले कुछ वर्षों से मुरैना में यह ट्रेंड चल निकला है और अधिकांश चार पहिया वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर बड़े-बड़े अक्षरों में पार्षद, सभापति, महापौर, विधायक, पूर्व विधायक, सचिव, सरपंच, अध्यक्ष सहित तमाम पद लिखे रहते हैं और नंबर छोटे अक्षरों में दिखाई देते हैं अथवा कई वाहनों पर तो होते भी नहीं है, जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इन पर पुलिस को तत्काल कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन मुरैना पुलिस लगता है अपना दायित्व भूल चुकी है और दबंगो के आगे नतमस्तक नजर आ रही है। यही हाल टू व्हीलर वाहनों का है, उन पर तो नंबर ही दिखाई नहीं देते और बड़े-बड़े अक्षरों में ठाकुर, ब्राह्मण, गुर्जर लिखकर रोब दिखा रहे हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि कानून की अनदेखी करने का मुख्य कारण राजनीतिक संरक्षण है और उसी के कारण यह लोग कानून व्यवस्था को मजाक समझ रहे हैं। इस तरह की गतिविधियां करने वालों पर पुलिस को तत्परता पूर्वक कार्रवाई करना चाहिए।

**इनका कहना है......**

**पिछले 3 महीने के अंदर जिन पर नंबर नहीं है और ब्राह्मण, ठाकुर, क्षत्रिय लिखा था, करीब 1500 वाहनों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई है, वहीं 200 से अधिक चार पहिया वाहन जो अनाधिकृत रूप से हुटर का प्रयोग कर रहे थे, उनके भी चालान किए गए थे। चेकिंग के दौरान जब भी समय-समय पर ऐसे वाहन मिलते हैं तो कार्रवाई की जाती है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।**

**संतोष सिंह भदोरिया,**
यातायात प्रभारी, मुरैना

## युवक पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले की अंबाह तहसील के ग्राम रूअर फुट्टापुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारकर घायल करने वाले आरोपी शातिर बदमाश सोनू तोमर को पुलिस ने सोमवार की रात्रि गांव से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर कट्टा एवं एक कारतूस बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। उक्त जानकारी थाना प्रभारी सत्येंद्र कुशवाहा ने दी। उल्लेखनीय है कि रविवार की शाम 6:45 बजे के लगभग रूअर गांव में पारिवारिक विवाद के चलते आरोपी सोनू तोमर ने विजय तोमर को गोली मार दी, जो पेट में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव में गोली की वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकला और परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घायल युवक को उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया और इधर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया। घटना के बाद से ही अंबाह थाना पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।

## लड़की से गाली-गलौज एवं फायरिंग करने वाले 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ कैलारस

गांव के ही युवकों द्वारा एक लड़की से गाली-गलौज एवं रंगदारी दिखाते हुए फायरिंग करने के मामले में कैलारस थाना पुलिस द्वारा 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

फरियादिया जूली भदौरिया पुत्री अनार सिहं उम्र 18 साल निवासी बड़ागाँव ने कैलारस थाने गत 1 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि मेरे साथ मेरे रास्ते में पढ़ने जाते समय आशू सिकरवार आया और मुझसे मेरी इंस्टाग्राम आईडी मांगने लगा, जो मैने देने से मना कर दिया और बापस घर आकर अपने परिवार वालों को सारी बात बताई। लड़की के परिजनों द्वारा आशू सिकरवार के घरवालों को बुलाकर समझाने का प्रयास किया गया था। इसी रंजिश पर 3 मार्च सोमवार की शाम करीब 06.20 मिनट पर मैं अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी वहां आशू सिकरवार पुत्र गम्भीर




सिह सिकरवार, लालू सिकरवार पुत्र रुप सिहं, हितेन्द्र सिकरवार पुत्र रतन सिहं निवासीगण बड़ागाँव आये और गालियां देने लगे, मेरे भाई राहुल भदौरिया, बिन्दा भदौरिया ने गालियां देने से मना किया तो हितेन्द्र सिकरवार ने कट्टा से हवाई फायरिंग की व उसके साथी आशू ने भी कट्टा से फायरिंग की। कैलारस थाना पुलिस ने जूली की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरुद्ध धारा 125, 296, 351(3), 3(5) बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

## अग्रवाल महासभा के चुनाव को लेकर चारों पदों के लिए आज भरे जाएंगे नामांकन

सत्ता सुधार ■ जौरा

अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष सहित महामंत्री के पदो का निर्वाचन संपन्न कराने के लिए अग्रवाल महासभा के निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है। निर्वाचन अधिकारी भरोषी लाल गोयल के मुताबिक अग्रवाल महासभा के चारों पदों के लिए आज बुधवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे नया बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। वहीं प्राप्त नामांकनों की जांच उपरांत सायं 4 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव को लेकर समाज बंधुओं की राय यह भी है कि समाज के वरिष्ठजन आपसी सहमति बनाकर समाज हित में कार्य करने वाले नए व्यक्तियों को मौका दिया जाए। चर्चाओं के आधार पर देखा जाए तो इस बार अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंघल भाजपा नेता व चेंबर ऑफकॉमर्स के सदस्य सुनील सिंघल अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष अशोक गर्ग के नाम शामिल हैं।

### 9 बर्ष पूर्व मतदान से हुआ था चयन, अब फिर संभावना

अग्रवाल महासभा के पदाधिकारियों का चयन लंबे समय से ज्यादातर समाज बंधुओं के द्वारा आपसी तालमेल बिठाकर निर्विरोध रुप से किया जाता रहा है अब से पहले बर्ष 2016 में जब आपसी सहमति नहीं बनी तो मतदान के जरिए पदाधिकारियों का चयन हुआ था वर्तमान में भी 2016 की स्थिति दोहराए जाने की संभावना बनती नजर आ रही है। चुनाव को लेकर अधिकांश समाज बंधुओ की राय यह है कि पदाधिकारियों का चयन आपसी सहमति से निर्विरोध तौर पर ही हो तो बेहतर होगा क्योंकि चुनाव होने से समाज में विघटन और मनमुटाव की स्थिति बनती है।

## ग्रापं भवन बडापुरा उसैथ में बनवाने ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

अंबाह तहसील के अंतर्गत बडापुरा उसैथ ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत भवन जो नवीन स्वीकृत हुआ है, उसे मुख्यालय पर ना बनाते हुए मजरा फूलसहाय का पुरा जिसकी आबादी पांच सैकड़ा है, वहां जबरन बनवा रही है, जबकि बडापुरा उसैथ की आबादी 5 से 6 हजार के बीच है। ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में पुनः नया सचिवालय ग्राम पंचायत भवन स्वीकृत हुआ है जो कि ग्राम मुख्यालय बडापुरा उसैथ में निर्मित होना है, परंतु ग्राम पंचायत महिला सरपंच श्रीमती सरोज सिंह तोमर अपने हठ एवं अपने बल का नियम बिरुद्ध प्रयोग कर ग्राम मुख्यालय बडापुरा उसैथ से हटाकर एवं मजरा फूलसहाय का पुरा में पंचायत भवन अपने घर के पास बनवा रही है। समस्त ग्राम वासियों द्वारा उक्त कृत्य की शिकायत जनपद सी.ई.ओ. को भी की गयी है। सरपंच निरंतर यही बोल रही है कि यदि पंचायत भवन मजरा फूलसहाय का पुरा में नही बना तो कहीं अन्य जगह भी नहीं बनने देंगी।

### करहधाम गौशाला को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**मुरैना।** जिले के प्रसिद्ध सिद्ध स्थान करह धाम मैं संचालित गौशाला को पशु सेवा के क्षेत्र में केंद्र सरकार के एनिमल वेलफेयर बोर्ड द्वारा सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। श्रीश्री 1008 रतन दास जी महाराज के नाम से यह सम्मान पत्र मिला है। यह सम्मान पाने वाली करह धाम की गौशाला मुरैना की प्रथम गौशाला है। यहां संचालित गौशाला में साधु संत एवं अन्य लोग पशुओं की पूर्ण रूप से सेवा करते हैं और उनकी देखभाल की जाती है।




## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 128 आवेदनकर्ताओं को सुना

### अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन काटने के दिये निर्देश



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मंगलवार को 128 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जिनमें 2 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में ही संभव था। कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई के आवेदनों पर विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों की शिकायतों का समय पर निराकरण हो सकें। जनसुनवाई के दौरान पीएमजीएसवाय, जिला रोजगार अधिकारी के अनुपस्थित रहने के कारण एक दिन का वेतन काटने एवं डीईओ ट्रायबल के तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये।

## नेशनल लोक अदालत के लिये प्रचार वाहन रवाना किया गया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के मार्गदर्शन में 08 मार्च 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, तहसील विधिक सेवा समिति जौरा, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके व्यापक रूप से प्रचार-




प्रसार के लिये 04 फरवरी को एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर मुरैना से श्रीमती संगीता मदान प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोक अदालत में दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंकों के प्रकरण, विद्युत प्रकरण, चैक के अनादरण से संबंधित प्रकरण एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों के आपसी समझौते के आधार पर किया जावेगा।




### सबलगढ़ एसडीएम ने आंगनबाड़ी एवं परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**मुरैना।** सबलगढ़ एसडीएम अरविंद माहौर ने ग्राम पंचायत अटार के रावतपुरा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और समूह संचालक को नोटिस जारी। इसी प्रकार टीएल में निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा के संवेदनशील केन्द्रों का निरीक्षण किया।

## नपा को 10 वर्षों से सेवाएं दे रहे उपयंत्री ऋषिकेष शर्मा का

**जौरा।** बीते 10 वर्षो से नपा में बतौर उपयंत्री के पद पर आसीन रहकर शासकीय सेवक के रुप में अपनी सेवाएं दे रहे ऋषिकेश शर्मा का स्थानांतरण सिवनी के लिए किया गया है। मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा 3 मार्च को जारी किए गए आदेश में प्रदेश के कई नगरीय निकायों में पदस्थ उपयंत्रियो व सहायक यंत्रियो का स्थानांतरण कर इधर से उधर किया गया है। आदेश के मुताबिक जौरा नपा में पदस्थ उपयंत्री अब सिवनी जिले में अपनी सेवाएं देंगे। उपयंत्री ऋषिकेष शर्मा पर 2 बर्ष तक नपा सीएमओ का प्रभार भी रहा, इनके कार्यकाल में निकाय में स्थित सभी पार्कों व मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण किया गया। वहीं शहर की कई जर्जर हालत में पड़ी सड़कों का निमार्ण कार्य पूर्ण किया व इनके समय में ही जौरा नगर परिषद को नगर पालिका के रुप में अपग्रेड किया गया एवं दशकों पुरानी पचवीघा में जलभराव की समस्या से भी निजात दिलाई गई। शासन आदेश के मुताबिक अभी जौरा नपा में उपयंत्री ऋषिकेष शर्मा की जगह किसी अन्य उपयंत्री को नहीं भेजा गया है।



## ब्रीफ न्यूज

### श्रवण हानि-बहरेपन की समस्या के प्रभावी उपचार प्रबंधन हेतु शिविर संपन्न



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने बताया विश्व श्रवण दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित डी.ई.आई.सी. भवन में श्रवण हानि-बहरेपन की समस्या के प्रभावी उपचार-प्रबंधन हेतु एक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न आयुवर्ग के बच्चें, स्त्री-पुरूष, बुजुर्ग शामिल रहे। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ सुधीर आर्य द्वारा शिविर में पहुंचे 157 लोगों को स्वास्थ्य सेवायें दी गई। शिविर दौरान कान से जुड़ी समस्याओं को विशेषकर कान में दर्द, मवाद आना, कम सुनाई देना जैसी स्वास्थ्य परेशानियों का समाधान किया। शिविर में सुनने-बोलने में परेशानी वाले बच्चों की जांच ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटेल द्वारा की गई। उनके द्वारा बच्चों एवं परिजनों को परामर्श दिया गया कि कान की श्रवण क्षमता को बनाये रखने, सुनने की समस्या से बचने के लिए ईयरफोन का इस्तेमाल कम से कम करें।

### किशोरी बालिकाओं को पुलिस थाना हटा का भ्रमण कराकर कार्यप्रणाली से कराया अवगत




**दमोह।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जयवंत सिंह वर्मा के निर्देश एवं परियोजना अधिकारी हटा श्री शिवराय के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को पुलिस थाने हटा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान उपस्थित किशोरी बालिकाओं को महिलाओं से जुड़े अधिकार ईव टीजिंग, पॉक्सो एक्ट, किशोरी बालिकाओं के परामर्श संबंधी जानकारियां एवं सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई एवं थाने के अंदर होने वाली समस्त गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया । जिससे बच्चे सहज महसूस कर सके और अपनी समस्याओं को व्यक्त कर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। इस दौरान समस्त उपस्थित छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181एवं साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# चितरॉव निवासी रमिया बैगा ने वन संरक्षक एवं कलेक्टर शहडोल से लगाई न्याय की गुहार

सत्ता सुधार ■ शहडोल

शहडोल जिले में अजब गजब कहानी एक तरफ भारत सरकार द्वारा जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तो कही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति परिवारों के लिए पक्का मकान की स्वीकृति दे रहे है, पर शहडोल जिले में कुछ अलग ही चल रहा है मंगलवार को रमिया बाई बैगा अपने पति के साथ आकर कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य वन संरक्षक कार्यालय न्याय की गुहार लगाते हुए लिखित आवेदन दिया है कि वन खण्ड आर.एफ. 224 ग्राम डाबाडहिया के दावा क्रमांक-ह150113100009 के आवेदन पर वनाधिकार का पट्टा दिलाये जाने एवं पूर्व से महुआ के पेड़ों के संबंध में वन सुरक्षा समिति द्वारा लिये गये लगान की राशि पर महुआ के पेड़ों का पट्टा दिया जाकर समरथ पिता परसू चमार सा0 चितरॉव के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। और उसने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया ग्राम चितरॉव प0ह0 चितरॉव वन परिक्षेत्र अमझोर में स्थित आराजी खसरा क्रमांक-1584 का जुज भाग 2.023 हे0 भूमि पर आवेदिका के ससुर मुल्लू बैगा 50 वर्ष पूर्व से काबिज थे उनके अस्वस्थ्य हो जाने के



बाद वाद भूमि पर मैं प्रार्थिया काबिज होकर काश्त करती चली आ रही हूँ और 08 पेड़ महुआ के फूल व फल का उपयोग व उपभोग कर रही हूँ। उक्त वर्णित आराजी के पट्टा प्राप्त करने का आवेदन भी माननीय महोदय के समक्ष वन सुरक्षा समिति चितरॉव से तस्दीक कराकर जैसा कि सभी अनुसूचित जनजाति के काश्तकारों के द्वारा पट्टा के लिये आवेदन किया गया ठीक उसी तरह मैं भी आवेदन की हूँ लेकिन दुर्भाग्यबस अभी तक पट्टा नहीं हो पाया है।3- यह कि मैं प्रार्थिया बैगा जाति की आदिवासी महिला हूँ जो गरीब हूँ गरीबी के चलते आज तक मुझे पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि कालान्तर से कब्जा होने के कारण पट्टा उक्त वन भूमि का वनाधिकार के नियमानुसार पाने की पात्रता व अधिकारिता मुझ प्रार्थिया को है, क्योकि मैं निराभूमिहीन बैगा जाति की आदिवासी हूँ। समरथ पिता पडसू चमार जो अपने आप को पण्डा बताता है डिप्टी साहब से ताल मेल रखता है वह मुझे आये दिन परेशान करता व कराता है मेरे कब्जे की भूमि व महुआ के पेड़ों को हड़प लेना चाहता है, आये दिन अश्लील गाली गलौज और विवाद करता है, इसलिए मौके की जाँच आवश्यक है और मुझे शासन के नियमानुसार पट्टा दिया जाना न्यायसंगत होगा। वन खण्ड आर.एफ. 224 ग्राम चितरॉव की भूमि पर प्रार्थिया रमिया बैगा पति हेतराम बैगा के पूर्वजों एवं स्वयं का कब्जा 08 पेड़ महुआ है जिसे प्रार्थिया आज दिनांक तक कब्जा करते एवं महुआ फूल बिनते चले आ रहे है। प्रार्थिया के पास इसक अलावा जीविको पार्जन के लिये कोई और अन्य साधन नहीं है। उसने यह भी बताया कि मेरे पास महुआ पेड़ का रसीद सन 1989 से आज तक की है एवं वर्तमान तक कब्जा है।

वन अधिकारियों के पास आपकी गुहार सुनाने जाती हूं तो बोला जाता है कि हमारे वन के भीतर नहीं है राजस्व में राजस्व वाले जाने। जबकि मुनारा सीमा के अंदर है। श्रीमान जी से निवेदन है कि वन भूमि मुनारा की पैमाईश कराकर प्रार्थिया को न्याय एवं वनाधिकार पट्टा दिये जाने की कृपा हो। एवम समरथ पिता पडसू चमार के ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाए।

# बिजली चोरी से लो वोल्टेज की समस्या गंभीर

## ग्रामीण अंचल में कंटिया फंसाकर खुले आम की जा रही बिजली चोरी

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले में बिजली चोरी थम नहीं रही है। जिसके लो वोल्टेज की समस्या के साथ-साथ कटिया (आंकड़ी) फंसाने के दौरान दो विद्युत तार के आपस में टच हो जाने के कारण पंखा, टी.वी., कूलर, फ्रिज, एसी, बल्ब, हीटर, इंडक्शन आदि जल जाते हैं। जहां एक और बिजली चोरी करने वाले बिल जमा करने से बच रहे हैं वही दूसरी और कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बिजली बिल जमा करना पड़ रहा है। इतना ज्यादा बिल आता है कि लोग परेशान हो जाते हैं।

**अभी तक नहीं लगी केवल :** बिजली चोरी रोकने के लिए नंगे तारों की जगह केबिल वाले तार बिछाने का काम चला। कुछ जगह लगा और कुछ जगह आज भी नंगे तार है। जिसके कारण खुले आम कटिया फंसा कर बिजली चोरी कर रहे हैं। कनेक्शनधारी ज्यादा लोग कटिया फंसा कर बिजली चोरी कर रहे हैं। हर ग्राम पंचायत और क्षेत्र की एक जैसी स्थिति है। बिजली चोरी से राजस्व के रूप में भारी क्षति हो रही है फिर भी इसका कोई मतलब नहीं निकल रहा है। अभियान चलाकर बिजली चोरी रोकने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। बिजली चोरों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराकर कठोर कार्यवाही की जाये तो निश्चित रूप से बिजली चोरी में अपेक्षित गिरावट आ सकती है, किंतु इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**कंपनी को बढ़ रहा राजस्व नुकसान:** बिजली चोरी के कारण कंपनी को काफी राजस्व नुकसान हो रहा है। वार्षिक समीक्षा की जाये तो चौंकने वाली स्थिति है। जिसके कारण विद्युत मंडल भी घाटे के कारण निजीकरण की स्थिति बन रही है। कटिया फंसाने के कारण विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर में खपत अनुपात से अधिक दिखता है जिसके कारण बिजली बिल भी काफी अधिक जमा करना पड़ता है। बिल अधिक होने से अधिकांश कनेक्शन धारी परेशान है। खपत से अधिक बिल आने की शिकायत करते हैं। इसकी भी सुचारू रूप से सुनवाई नहीं की जाती है। हरदा, खिरकिया और टिमरनी ब्लाक अंतर्गत ग्रामीण अंचलों की स्थिति ज्यादा खराब है। चेकिंग और वसूली अभियान तत्परता से करने में कर्मचारी रूचि नहीं दिखा रहे हैं। अधिकांश तो सांठगांठ करके संरक्षण प्रदान कर रहे हैं जिसके चलते ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।





### फ्यूज उड़ना, लो वोल्टेज की समस्या

समूचे क्षेत्र में लो वोल्टेज और फ्यूज उड़ने की समस्या आम हो गई है। बिजली चोरी के कारण ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक भार हो जाता है जिसके कारण लो वोल्टेज की समस्या सदैव बनी रहती है। मोटर, पंखे, कूलर आदि सुचारू रूप से नहीं चल पाते हैं। कनेक्शन लेने वाले लंबे समय से इस समस्या से त्रस्त है इसकी जानकारी देने के बाद भी अभियान चलाकर कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे बिजली चोरी करने वालों के हौसंले बुलंद है।

### क्या कहते जबाबदार



ग्रामीण अंचल में विद्युत चोरी का मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है इसकी जांच पड़ताल कराकर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**-विनीत बागरे, महाप्रबंधक, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, हरदा।**

# जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा ने किया लायंस भोजन सेवा केंद्र का अवलोकन



## लायंस क्लब खंडवा की सेवा गतिविधि को सराहा

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जिला चिकित्सालय परिसर में लायंस क्लब खंडवा द्वारा संचालित लायंस भोजन सेवा केंद्र का अवलोकन जिला पंचायत सीईओ एवं जिला चिकित्सालय के नोडल अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा ने किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दादू, सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल सहित अन्य अधिकारी व स्टाफ भी मौजूद रहा।

**लायंस भोजन सेवा केंद्र- 25 वर्षों से सतत सेवा:** लायंस क्लब खंडवा द्वारा वर्ष 2000 से संचालित भोजन सेवा केंद्र जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। लायंस क्लब के अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष वसीम कुरैशी, भोजन सेवा केंद्र के चेयरमैन गांधी प्रसाद गदले, को-चेयरमैन नारायण बाहेती व राजीव शर्मा के नेतृत्व में यह सेवा संचालित की जा रही है।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भोजन सेवा केंद्र में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के 250 से अधिक परिजन प्रतिदिन टेबल-कुर्सी पर बैठकर दाल, चावल, कढ़ी, सब्जी, रोटी, नमकीन और मिठाई का भोजन ग्रहण करते हैं। यह सेवा शाम को भी जारी रहती है।

**दानदाताओं के सहयोग से संचालित सेवा:** यह सेवा शासन के किसी अनुदान पर निर्भर नहीं है, बल्कि इसे लायंस क्लब के सदस्यों और शहर के दानदाताओं के आर्थिक एवं अनाज सहयोग से संचालित किया जाता है।

**नागार्जुन गौड़ा ने की सराहना:** अवलोकन के दौरान नागार्जुन बी. गौड़ा ने भोजन व्यवस्था, सफाई और सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब खंडवा द्वारा जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना एक प्रेरणादायक सेवा कार्य है।

**लायंस क्लब की दीर्घकालिक सेवा गतिविधियाँ:** लायंस क्लब खंडवा द्वारा 1978 से रेलवे स्टेशन परिसर में ÷लायंस रोटी सेवा केंद्र÷ और जल सेवा केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों व जरूरतमंदों को भोजन और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

इस अवसर पर झोन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, सुशीला गदले, बी.आर. तिरोले, समाजसेवी सुनील जैन, नारायण बाहेती, घनश्याम वाधवा, सनत श्रीमाली, सुरेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ओंकारेश्वर शिवलिंग खंडित होने से बचा, गर्भगृह में पुजारियों की वापसी के बाद श्रद्धालुओं ने ली राहत की सांस

सत्ता सुधार ■ ओंकारेश्वर (खंडवा)

प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री ओंकारेश्वर मंदिर में हाल ही में एक बड़ा विवाद सामने आया, जब गर्भगृह में सेवा देने वाले पुजारियों को गुरुवार शाम से हटा दिया गया। इस निर्णय के विरोध में सोशल मीडिया पर भक्तों और श्रद्धालुओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दीं। विरोध के चलते तीन दिन बाद पुजारियों को पुनः गर्भगृह में बैठाया गया।

**शिवलिंग को नुकसान पहुंचने की आशंका:** पुजारियों की गैर-मौजूदगी के दौरान, श्रद्धालु बड़े लोटों से सीधे जल, फूल, बेलपत्र और नारियल शिवलिंग पर चढ़ाने लगे। गनीमत रही कि किसी ने भारी वस्तु या नारियल सीधे ज्योतिर्लिंग पर नहीं फेंका, अन्यथा शिवलिंग खंडित हो सकता था। इस घटना के बाद से



श्रद्धालुओं में चिंता बढ़ गई है। जनता में यह चर्चा जोरों पर है कि अगर ऐसी कोई घटना हो जाती, तो इसका दोषी कौन होता? क्या प्रशासन को इस विषय में पहले से उचित कदम नहीं उठाने चाहिए थे?

**प्रशासन की भूमिका पर सवाल:** इस पूरे घटनाक्रम के बाद प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। भक्तों का कहना है कि गर्भगृह में पुजारियों की उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। अब देखना यह होगा कि मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन इस घटना से क्या सबक लेता है और भविष्य में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की सुरक्षा को लेकर क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### 13 मार्च को आईटीआई में रोजगार मेला

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 13 मार्च को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक- युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी श्री सिलोटे ने बताया कि मेले में भाग लेने के इच्छुक युवा अपने सभी मूल दस्तावेज अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड व परिचय पत्र की फोटोकॉपी, समग्र आईडी तथा 4 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर मेले का लाभ प्राप्त कर सकते है। मेले में भाग लेने के लिये किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# खंडवा में सनसनीखेज हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



सत्ता सुधार ■ खंडवा

शहर के रामनगर इलाके में हुई एक अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना 2 मार्च 2025 की शाम की है, जब सरोजबाई (42) ने अपनी सास कमलाबाई की संदिग्ध मृत्यु की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब जांच की, तो मृतिका के गले पर नाखूनों के निशान और अन्य संदिग्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्य मिलने के बाद हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जांच शुरू की गई, जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**कैसे हुआ खुलासा?:** शुरुआती जांच में पुलिस को मृतिका के गले पर चोटों के निशान मिले। घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और परिजनों के बयान के आधार पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने जांच के दौरान संदेही शैलेन्द्र चौहान (50), निवासी रामनगर, खंडवा एवं मुंबई को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने कमलाबाई की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वह 8 दिन पहले मुंबई से खंडवा आया था और घटना के दिन घर में अकेली कमलाबाई के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने गला दबाकर हत्या कर दी।

**गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई:** आरोपी शैलेन्द्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है, और उससे जुड़े अन्य संभावित सबूतों की जांच जारी है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** इस मामले का खुलासा करने में थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जांच में पुलिस चौकी रामनगर के प्रभारी संतोष सांवले, उनि मनोज दवे, साइबर सेल टीम और फिंगरप्रिंट शाखा के विशेषज्ञों का भी योगदान रहा। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से शहर में फैली सनसनी के बीच राहत की खबर आई है। अब पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



### रोड को रिपेयर करने के लिए की शिकायत



सत्ता सुधार ■ हरदा

खिरकिया से आशापुर तक का मार्ग बहुत बहुत खराब हो चुका है। युवा उपभोक्ता कल्याण समिति जिलाध्यक्ष संजय गंगराड़े के द्वारा इस बात की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर की गई। संबंधित विभाग को भी इस बात से अवगत कराया गया, इस मार्ग पर वाहन लेकर जाना बहुत मुश्किल है इस बात से पहले भी संबंधित विभाग को अवगत करा चुके हैं। उनके द्वारा आश्वासन भी दिया गया था कि इस पर शीघ्र निर्माण कार्य किया जायेगा, लेकिन आज तक भी इस मार्ग पर मरम्मत कार्य नहीं किया गया। हाईवे मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर बहुत आवागमन होता है। ग्रामीणों द्वारा मरीज को लेकर इस मार्ग पर खंडवा भी जाते हैं लेकिन मार्ग अत्यंत खराब होने के कारण बहुत परेशान होना पड़ता है। कभी-कभी तो यह नौबत आती है कि रास्ते में ही मरीज की जान चली जाती है। इस मार्ग के खराब होने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बहुत फर्क पड़ता है। आए दिन इस रोड पर बहुत एक्सीडेंट होते रहते हैं, इस कार्य को शीघ्र ही नवीनीकरण किया जाए जिसकी मांग समिति के द्वारा की गई है।

# केशवाही पुलिस द्वारा की गई पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से 25 नग मवेशी जब्त

सत्ता सुधार ■ शहडोल

थाना बुढ़ार, चौकी केशवाही क्षेत्रांतर्गत दिनांक 02.03.25 को दौरान कस्बा भ्रमण के मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को क्रूरतापूर्वक पीट-पीटकर ग्राम कोटी अंतर्गत जंगल की तरफ से एक व्यक्ति 25 नग भैंस-पड़वा ग्राम धुम्माडोल की तरफ ले जा रहा है। सूचना पर केशवाही पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सूचना स्थान पर दबिश देने पर कोटी के जंगल में सघन खोज-बीन शुरु की गई जिसपर 01 व्यक्ति 24 नग पड़वा, 01 नग



भैस, कुल 25 नग (मवेशियों) को क्रूरतापूर्ण तरीके से हांकते, रगड़ते, दौड़ाते हुये ले जा रहा था, उक्त अज्ञात व्यक्ति पुलिस को देखकर जंगल के रास्ते भाग गया, खोज-बीन करने पर नहीं मिला, जिसकी पता-तलाश जारी है। अज्ञात आरोपी न मिलने से दस्तयाबशुदा मवेशियों को पुलिस द्वारा केशवाही गौशाला लाया गया।

जिस पर केशवाही पुलिस द्वारा उक्त 25 नग मवेशियों को जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पशुक्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अज्ञात आरोपी की खोज-बीन जारी है।

### सराहनीय भूमिका -

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी केशवाही उ.नि. आशीष झारिया के नेतृत्व में सउनि. रामेश्वर पाण्डेय एवं सउनि. संतोष सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आरोपी गिरफ्तार - मोटरसाईकिल बरामद

# थाना खैरहा द्वारा मोटरसाईकिल चोरी का खुलासा

सत्ता सुधार ■ शहडोल

थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत फरियादी दुर्गा प्रसाद लोधी, पिता सम्मारी लोधी, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम चौराडीह, थाना खैरहा जिला शहडोल (म.प्र.), का दिनांक 24.01.25 को सूचना दिया कि दिनांक 23.01.25 को ग्राम चौराडीह में अपने रिस्तेदार के यहां शादी समारोह में रात करीब 10 बजे गया था, अपनी मोटर सायिकल एमपी 18 एम.ए. 2913 को बाहर खडी मोटर सायकिल जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बरतरा का सन्देही अनिल उर्फ बन्टी ढीमर, जिसकी तलाश लगातार दिन-रात एक माह से की जा रही थी। सन्देही अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा दिनांक 03.03.25 को उक्त आरोपी को उसके घर से दस्तयाब किया गया, पूछताछ करने पर आरोपी बन्टी ढीमर द्वारा अपराध करना स्वीकार किया एवं प्रकरण में चोरी गयी मोटर सायकिल एमपी 18 एम.ए. 2913 कीमती



करीब 25,000 रूपये की बरामदगी आरोपी अनिल उर्फ बन्टी ढीमर पिता बचलू ढीमर उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरतरा, थाना खैरहा, जिला शहडोल के आधिपत्य से बरामद की गई। आरोपी थाना खैरहा का निगरानी बदमाश जो आदतन अपराधी है। पूर्व में भी मोटर सायकिल चोरी के प्रकरणो में गिरफ्तार किया जा चुका है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा उप. निरी. दिलीप सिंह द्वारा प्रधान आरक्षक रामनाथ बांधव, आरक्षक 702 सतीश कुमार, आर. 509 रावेन्द्र बडकरे एवं म. आर. 468 मनीषा सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में ग्राम नहालखेड़ा के ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल के पास मैदान तैयार कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने स्थानीय जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश




दिये। ग्राम कोटल्याखेड़ी निवासी राजेश वर्मा ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास की मांग की।

जिस पर उन्होने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की पात्रतानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम बैड़ागांव, रेलवां, ऊंटपड़ाव, धनगांव व सेमल्या गांव के किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर मक्का फसल के लिये नहर के पानी की समय सीमा बढ़ाने की मांग की, जिस पर उन्होने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम नहालखेड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि नहालखेड़ा में बिजली के पोल आढ़े हो गये है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने विनित बागरे महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को पोल को सीधे कराने के निर्देश दिये। खेड़ीपुरा हरदा निवासी राजेन्द्र गिरी ने अपने पैतृक मकान के मुख्य दरवाजे के सामने अतिक्रमण हटावाने का अनुरोध कलेक्टर श्री सिंह से किया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

# भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

सत्ता सुधार ■ देवरी(सागर)

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत ''राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस'' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताओं का संचालन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने सुरक्षा के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। व्याख्यान गतिविधि के अंतर्गत जनभागीदारी अध्यक्ष दीपक ठाकुर, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. मनीषा पाण्डे एवं डॉ. रिजवान खान ने सुरक्षा से संबंधित अपने-अपने विचार साझा किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम परिचर्चा प्रतियोगिता में राजेश चढ़ार बी.ए द्वितीय वर्ष ने प्रथम, कु. खुशी राय बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय एवं



सत्यम बोहरे बी.ए. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में कु. स्वेच्छा उपाध्याय बी.एस-सी. तृतीय वर्ष ने प्रथम, कु. नैनसी विश्वकर्मा बी.एस-सी. चतुर्थ वर्ष ने द्वितीय एवं कु. जागृति लोधी बी.ए. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन डॉ. आशीष जैन एवं आभार डॉ. अनामिका पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. जी.आर. चौहान, डॉ. ओमना सेनानी, धर्मेन्द्र अलावा, भगवत सिंह पटेल, डॉ. किरण ठाकुर, डॉ. महेन्द्र चौरसिया, डॉ. शिवेन्द्र पाठक, डॉ. राजेन्द्र कुमार नागेश, राजेश गिरवाल, विनोद सोनी, प्रेमनारायण साहू एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### निगम कर्मचारी संघों की बैठक बुधवार को

**सागर।** नगर निगम के सभी कर्मचारी संघों द्वारा कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य मांगों के संबंध में बुधवार को दोपहर 2 बजे से निगम सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। नगर निगम, नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेन्द खटीक ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों के लंबित वेतन एवं अन्य मांगों के संबंध में चर्चा कर आगामी रूपरेखा के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

### नगर परिषद बंडा का घेराव करेगी कांग्रेस पार्टी

**बंडा(सागर)।** बंडा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने नेतृत्व में जन हित के मुद्दो को लेकर नगर मे पेयजल की गंभीर समस्या, एक सप्ताह से भी अधिक दिनो मे नलो का आना, नगर मे नियमित सफाई ना होने को लेकर बंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आम जनो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दिनांक 05 मार्च 2025 दिन बुधवार समय 12 बजे से बरा चौराहा बंडा पर धरना-प्रदर्शन कर नगर परिषद बंडा का घेराव करेगी एवं ज्ञापन सोपेगी। पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी के अगुवाई में होने वाले इस आन्दोलन में ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बमूरा शहर अध्यक्ष संतोष सराफ ने समस्त कांग्रेस जन एवं आम नगर वासी बंडा, विधान सभा के कार्यकर्ताओं से आन्दोलन में शामिल होने की अपील की है।

# विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा

सत्ता सुधार ■ सागर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में हो रही समस्याओं को लेकर प्रशासन के विरुद्ध व्यापक प्रदर्शन कर कुलपति के नाम कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा जिसमें करीब 20 प्रकार की माँगों का उल्लेख है।विश्वविद्यालय प्रशाशन द्वारा छात्रों को घंटों बाहर बैठाये रखा, विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन उग्र करने की चेतावनी के बाद कुलसचिव बाहर आये और छात्रों के मुद्दों को सुना। परिषद द्वारा कुलपति पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर परिसर की तमाम समस्याओं के समाधान का आग्रह किया गया।बीते सोमवार को कार्यकर्ताओं द्वारा एक 10 प्रश्निय पत्रक पर छात्रों के बीच सर्वे किया गया जिसमें हज़ारों छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ अपने मत दिए।

इस दौरान इंटर कैंपस बस का संचालन, कैंटीन, परिसर को नशा मुक्त घोषित करना,



सुरक्षा जैसे विभिन्न मुद्दे रहे। विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनिकेत कुर्मी ने बताया कि किस प्रकार से विश्वविद्यालय प्रशासन में लगातार हर विभाग में विद्यार्थियों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन इन समस्याओं की अनदेखी कर रहा है । इसके पहले भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इन समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर चुकी है।

प्रदर्शन में इकाई मंत्री आराधना सिंह छात्राओं के अनेक प्रकार के विषय भी सभी विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं के बीच रखे। साथ ही विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है यदि इस समय में उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो आगे एक व्यापक आंदोलन व विरोध प्रदर्शन की बात कही है। प्रदर्शन में सागर जिला संयोजक दीनदयाल सिंह , विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री मनु तिवारी, नगर मंत्री आदित्य घोषी, महिमा प्यासी, मित्रा जैन, गौरव मिश्रा, अंकित कठोदिया, विवेक खरे, अमन प्रजापति,निकिता तिवारी, हरवंश पाठक, दीपक कुर्मी, युवराज सिंह, अर्पिता रॉय, अनुराग पाण्डे, शिवम द्विवेदी, अमन मेहरा,नयन त्रिपाठी,स्वाती रावत, सूर्या चौबे, शैलेंद्र पटेल, सार्थक उपाध्याय, अनुराग जैन, आयुष सिंह, निखिल तिवारी, आर्यन बोहरे, दिव्यांश साहू, पूनम रैकवार, खुशबु पटेल, शुभी पटेल, राज ठाकुर,कृष्णा जैसवाल, आयुष मिश्रा, कार्तिकेय चौबे, हर्ष केशरवानी, शुभ शर्मा आदि अन्य कार्यकर्ता एवं समस्त विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं युवा कल्याण व खेल मंत्री विश्वाश सारंग से मिले जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी



सत्ता सुधार ■ सागर

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी मंगलवार को भोपाल प्रवास पर रहें प्रवास के दौरान उन्होंने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं युवा कल्याण व खेल मंत्री विश्वाश सारंग से भेंट की जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने खेल मंत्री विश्वाश सारंग से सागर जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त सागर सिटी स्टेडियम और खेल परिसर मैदान में उपयुक्तता अनुरूप विधाओं की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं सहयोग हेतु आग्रह किया साथ ही उन्होंने ग्रीष्मकालीन सत्र में विभिन्न खेलों से संबंधित शिविरों के आयोजन का आग्रह किया खेल मंत्री विश्वाश सारंग ने जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी को आश्वासित किया है जल्द ही सागर में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु प्रयास करेंगे व सागर में खेल गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में कार्य करेंगे। भोपाल प्रवास के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।



# समाज सेवी अखिलेश मोनी केसरवानी ने वरिष्ठ चिकित्सक सतनाम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

सत्ता सुधार ■ सागर

सतनाम नर्सिंग होम,सतनाम वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरोन परिवार के मार्गदर्शक, जनसेवक मनी गुरोंन एवं डॉ अमनदीप चावल के पूज्य दादाजी श्री सतनाम सिंह के निधन उपरांत राम सरोज समूह के संचालक उद्योगपति समाजसेवी अखिलेश मोनी केसरवानी ने मनी गुरोंन के सतनाम निवास पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री केसरवानी ने कहा कि श्री सतनाम सिंह जी वरिष्ठ चिकित्सकों में से एक थे उनके मार्गदर्शन में कई डॉक्टर ने कार्य किया है। आज उनके दिखाए हुए मार्ग पर उनके नाती मनी गुरोन चल रहे हैं और समाज सेवा कर रहे हैं।

# दिव्यांग छात्र के परिजन ने केंद्र अध्यक्ष और सहायक को दी धमकी, केस दर्ज

## बीना में बोर्ड परीक्षा में नकल कराने की मांग

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना के भानगढ़ में बोर्ड परीक्षा केंद्र पर सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान एक दिव्यांग छात्र के परिजनों ने नकल कराने की मांग को लेकर हंगामा किया।

पहले से ही नकल कराने के लिए स्टाफ पर दबाव बना रहे थे। सोमवार को छात्र के चाचा प्रदीप यादव ने भी परीक्षा केंद्र पहुंचकर नकल कराने की मांग की।



### नकल कराने की मांग को लेकर परिजन का हंगामा

केंद्र अध्यक्ष मुमताज लकरा और सहायक केंद्र अध्यक्ष केके जैन ने जब इनकार किया तो चाचा ने केंद्र पर हंगामा किया। इसके बाद पिता कुलदीप राजपूत ने बीना में सहायक केंद्र अध्यक्ष के घर जाकर उनके बड़े भाई अभयकुमार जैन से अभद्रता की और धमकी दी।

### छात्र के पिता-चाचा पर केस

केंद्र अध्यक्ष की शिकायत पर भानगढ़ पुलिस ने प्रदीप राजपूत के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बीना में सहायक केंद्र अध्यक्ष ने शाम 5 बजे कुलदीप राजपूत के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।करोंदा हाईस्कूल के दिव्यांग छात्र को केंद्र अध्यक्ष ने राइटर की सुविधा दी थी।

# खिमलासा फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते बरदौरा अंडरब्रिज खिमलासा वैकल्पिक व्यवस्था का सुझाव

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

बीना में खिमलासा रोड पर बन रहे ओवरब्रिज के लिए रेलवे फाटक को बंद करने का निर्णय लिया गया है। लोक निर्माण विभाग ब्रिज कॉरपोरेशन वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कर रहा है। स्थानीय नागरिकों ने इस वैकल्पिक मार्ग को अनुपयुक्त बताते हुए मंगलवार को एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार सुशील खरे को ज्ञापन सौंपा है।उनका सुझाव है कि रेलवे फाटक को केबिन की ओर 25-30 फीट शिफ्ट किया जाए। यह रेलवे गेट मालखेड़ी-महादेव खेड़ी रेलवे लाइन पर स्थित है। सरस्वती शिशु मंदिर स्टाफ और प्रबंध समिति ने बताया कि कटरा मंदिर के पास बरदौरा अंडरब्रिज से होकर खिमलासा रोड को जोड़ने की योजना उचित नहीं है।इस मार्ग से बस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड



जैसे आपातकालीन वाहन नहीं गुजर पाएंगे। बारिश के मौसम में कीचड़ की समस्या से वाहन चालकों को परेशानी होगी। प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग में कई समस्याएं हैं। यह मार्ग संकरा है, जिससे वाहनों की क्रॉसिंग मुश्किल होगी। इसमें अंधे मोड़ हैं, जहां वाहनों के पलटने का खतरा है।

### कच्चे मार्ग पर बारिश में कीचड़ की समस्या रहेगी

ज्ञापन देने वालों में महेश अग्रवाल, शिशु मंदिर प्राचार्य सुनील मुड़ौतीया सहित अन्य लोग शामिल थे। उनका मानना है कि रेलवे फाटक को केबिन की तरफ स्थानांतरित करने से सामान्य यातायात प्रभावित नहीं होगा और यह बेहतर समाधान होगा।

# बीना में शराब के नशे में दो युवकों का हंगामा

## एक व्यक्ति को कुल्हाड़ी मारी, बाइक चालक और किसान को भी पीटा

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

किराना दुकान के पास खड़े बृजेंद्र ठाकुर के साथ की गई मारपीट। बीना के छोटी बजरिया चौकी क्षेत्र में सोमवार को दो शराबी युवकों ने दो अलग-अलग स्थानों पर हमला कर दहशत फैला दी। गणेश वार्ड के चार्लीराजा बुंदेला और सोनल रैकवार ने पहला हमला शाम 6 बजे नौगांव में किया। दोनों ने किराना दुकान पर खड़े ब्रजेंद्र ठाकुर पर बिना किसी कारण हमला किया।





इसके बाद दोनों आरोपी अपने चार अन्य साथियों के साथ बरोदिया घाट पहुंच गए। शाम 7 बजे के करीब शेखपुर निवासी नीरज यादव अपनी पत्नी के साथ बाइक पर जा रहे थे। आरोपियों ने उनकी बाइक रोक ली। विवाद के बाद चार्लीराजा और उसके साथियों ने नीरज के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिया। दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। नीरज यादव की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सागर रेफर किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**किसान को भी पीटा:** इसी दिन शाम को गुनगी गांव में एक अन्य घटना हुई। बसाहरी के किसान धेना बंजारा को कुछ लोगों ने पीट दिया। धेना गुनगी में ठेके पर खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोग उनकी फसल चोरी करते थे। विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जाती थी। घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पीड़ित परिवार से मिले क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह

## कठोर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया

**सागर।** सुरखी थानांतर्गत ग्राम गुरैया अन्तर्गत बीते दिनों एक नाबालिग किशोरी की संदेहास्पद परिस्थितियों में शव मिलने की घटना हुई थी। मंगलवार को क्षत्रिय महासभा सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ग्राम गुरैया में पीड़ित परिवार से भेंट की। क्षत्रिय महासभा सागर के अध्यक्ष लखन सिंह ने पीड़ित परिवार से जानकारी ली कि इस दुखद घटना वे क्या कार्रवाई कराना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया की अगर शीघ्र इस घटना के परिपेक्ष्य में प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो क्षत्रिय महासभा वे सभी कदम उठाएगा जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने पीड़ित परिवार से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। लखन सिंह ने इस दुखद घटना को लेकर पीड़ित परिवार जनों को क्षत्रिय महासभा द्वारा अधिकारियों से हुई चर्चा की जानकारी दी और किए गए प्रयासों से अवगत कराया।

# पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र की 6 शराब दुकानों को हटाए जाने पत्र लिखे

सत्ता सुधार ■ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न 6 स्थानों पर संचालित शराब दूकानों के स्थान परिवर्तन के लिए कलेक्टर पत्र लिखा है। पूर्व गृहमंत्री ने कलेक्टर सागर से इस संबंध में दूरभाष पर भी चर्चा करके अवगत कराया कि क्षेत्र में 6 शराब दूकानें मुख्य बस्ती, धार्मिक क्षेत्र, मुख्य बाजार व शैक्षणिक संस्थानों के पास स्थित होने के कारण इनका अन्यत्र स्थानांतरण आवश्यक है।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कलेक्टर सागर को 3 मार्च, 2025 को लिखे गए पत्रों में जिन 6 शराब दूकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने को कहा है उनमें बरोदिया नौनगर में मुख्य बाजार एवं स्टेंड पर स्थित देशी/अंग्रेजी शराब दूकान, खुरई नगर के गढ़ौला नाका स्थित डा आंबेडकर प्रतिमा के पीछे स्थित देशी/अंग्रेजी शराब दूकान, खुरई नगर में सागर नाका चौराहा राधारमण पेट्रोल पंप के पास स्थित देशी/अंग्रेजी शराब



दूकान, मालथौन बस स्टैंड एवं मालथौन खिमलासा मुख्य मार्ग पर स्थित देशी/अंग्रेजी शराब दूकान, बांदरी में श्री हनुमान मंदिर के सामने देशी/अंग्रेजी शराब दूकान, बरोदिया कलां के धामौनी चौराहा स्थित बस स्टेंड के मुख्य बाजार की देशी/अंग्रेजी दूकानें शामिल हैं। कलेक्टर सागर को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि इन दूकानों से महिलाओं, छात्र छात्राओं, श्रद्धालुओं, यात्रियों व आमजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन क्षेत्रों की जनता द्वारा लगातार इस संबध में आपत्तियां व शिकायतें मिलती रही हैं इसलिए आगामी वित्तीय वर्ष से उक्त सभी 6 शराब दूकानों को वर्तमान स्थान से अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया जाए।

**पंचकल्याणक महामहोत्सव** | बीना में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव में विधायक ने दी शुभकामनाएं

# पाषाण से भगवान बनने की प्रक्रिया है पंचकल्याणक : विधायक

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

नाभिनंदन दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य मुनिश्री सुब्रत सागर महाराज जी के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महामहोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सभी जैन बंधुओं ने अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ इस पावन अवसर पर सहभागिता की।

पंचकल्याणक उत्सव के दौरान विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे भी इस आयोजन में शामिल हुई उन्होंने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर श्री जी के दर्शन किए इस अवसर पर उन्होंने समस्त जैन धर्म लंबियों को बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस महोत्सव में भगवान के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की दिव्य झलकियां देखने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि मैं इटावा क्षेत्र की निवासी हूं और यहां वर्षो पर पुराना इस इटावा जैन मंदिर से मेरा काफी लगाव रहा है मैं कई बार दर्शनों के लिए यहां आती रहती हूं उन्होंने कहा कि पाषाण से भगवान बनाने की जो प्रक्रिया है वह पंचकल्याणक कहलाती है हम सभी को मोक्ष प्राप्ति का अध्याय बताते हुए जैन मुनि हमेशा आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं के हृदय को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह पर्व हमें धर्म, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन धर्म लंबी एवं भाजपा के नेता का शामिल हुए।आज श्री नाभिनंदन दिगंबर जैन मंदिर में पूज्य मुनिश्री सुब्रत सागर महाराज जी के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महामहोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी जैन बंधुओं ने अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ इस पावन अवसर पर सहभागिता की।इस महोत्सव में भगवान के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की दिव्य झलकियां देखने को मिलीं, जिसने सभी श्रद्धालुओं के हृदय को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह पर्व हमें धर्म, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

## ब्रीफ न्यूज

### ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में ग्रुप एक के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। इस मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में दो बदलाव किये गये हैं। वहीं भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ। दोनो ही टीमें इस मुकाबले में जीत का प्रयास करेंगी। ये दोनो ही टूर्नामेंट की सबसे बेहतर टीमें रही हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को पलड़ा भारी है पर अगर फार्म की बात की जाये तो इस बार भारतीय टीम काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसका लक्ष्य पिछले कुछ साल में नॉकआउट मुकाबलों में मिली हार से बाहर आना रहेगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में हारने वाली टीम को मिलेंगे 4.89 करोड़ रुपये

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मुकाबले हारने वाले टीमों को भी मोटी रकम मिलेगी। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए कुल 6.9 मिलियन डॉलर की इनामी राशि तय की है। ये साल 2017 सत्र के मुकाबले 53 फीसदी अधिक है। इसमें विजेता टीम को 2.24 मिलियन डॉलर तकरीबन 19.5 करोड़ रुपये और उपविजेता को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.78 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे। वहीं जो टीम सेमीफाइनल में हारेगी उसको आईसीसी 560,000 डॉलर तकरीबन 4.89 करोड़ रुपये इनाम देगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की 8 साल के बाद वापसी हुई है। साल 2017 में अंतिम बार इसका आयोजन हुआ था। तब पाकिस्तान ने खिताब जीता था पर इस बार पाक टीम अपनी मेजबान के बाद भी शुरुआत में ही हारकर बाहर हो गयी है। इस बार ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें थीं जबकि ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें थीं।

### चैम्पियंस ट्रॉफी में अबतक बरकरार है जडेजा का ये रिकार्ड

**दुबई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में इस बार ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का प्रदर्शन खास नहीं रहा है पर इसके बाद भी उनका एक दशक से अधिक समय पुराना गेंदबाजी रिकार्ड बना हुआ है। इस टूर्नामेंट में अब तक दो भारतीय गेंदबाजों ने 5-5 विकेट लिए हैं पर वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत में जडेजा से पीछे ही हैं। इस बार तेज गेंदबाज मोहम्मद ने पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 5 विकेट लिए। शमी ने 10 ओवर में 53 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 रन देकर पांच विकेट लिए।

### ऋषभ को मिलेगा लॉरियस 'वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भीषण कार हादसे के बाद भी खेल में जबरदस्त वापसी के लिए प्रतिष्ठित लॉरियस 'कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। ऋषभ को ये अवार्ड 21 अप्रैल को मैड्रिड में एक समारोह में दिया जाएगा।



नौटिंघम में एफए कप फुटबॉल में भाग लेते हुए खिलाड़ी।

## भारत और द. अफ्रीका के बीच होगा खिताबी मुकाबला : डिविलियर्स

एजेंसी ■ जोहांसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। लीग मुकाबलों के बाद चार टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंची हैं। भारतीय टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। डिविलियर्स ने भविष्यवाणी की है कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ही फाइनल खेला जाएगा। डिविलियर्स ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनलिस्ट बताना संभव नहीं है पर मेरी अंतरात्मा कहती है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप फाइनल की तरह ही यहां भी मुकाबला करेंगी। इंग्लैंड के खिलाफ जीत से दक्षिण अफ्रीका का मनोबल बढ़ा है।



डिविलियर्स ने कहा, मुझे अफ्रीकी टीम का लुक पसंद है। मार्को जेनसन शानदार फॉर्म में हैं, क्लासेन जैसे खिलाड़ी फॉर्म में हैं। रासी वैन डेर डुसेन, केशव महाराज सभी। मुझे लगता है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल बेहद रोमांचक होगा हालंकि आप निश्चित रूप से न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की उपेक्षा नहीं कर सकते। ये दो भी उतनी ही मजबूत टीमें हैं। विशेषकर जब आईसीसी ट्रॉफी की बात आती है।

# आईपीएल 25 में नई जर्सी में नजर आयेंगे केकेआर के खिलाड़ी

### जर्सी पर तीन स्टार्स को कोरबो-लड़बो-जीतबो का सिंबल बताया गया है

एजेंसी ■ मुम्बई

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल 2025 में नई जर्सी में नजर आयेगी। गत विजेत केकेआर ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी नई जर्सी जारी कर दी है। सोशल मीडिया पर जो नई जर्सी पेश की गयी है उसमें तीन स्टार बने हुए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने नई जर्सी का वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में टीम की जर्सी पर तीन स्टार्स को कोरबो-लड़बो-जीतबो का सिंबल बताया गया है। गौरतलब है कि केकेआर ने अभी तक तीन बार आईपीएल खिताब जीता है। इस तरह से यह तीन स्टार उसके तीन आईपीएल खिताब के बारे में भी बताते हैं। इसके अलावा जर्सी पर गोल्डन बैज भी लगा है। केकेआर ने नई जर्सी का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में 'कुछ कुछ होता है' फिल्म में स्टार्स काउंट करने वाला छोटा बच्चा, यहां पर भी स्टार्स काउंट कर रहा है। वह स्टार काउंट करते हुए बोलता है, कोरबो,



लड़बो, जीतबो। इसके अलावा केकेआर के कई स्टार खिलाड़ी भी वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। इन खिलाड़ियों में वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह समेत कई अन्य क्रिकेटर्स शामिल हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2024 में केकेआर ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी। इस सत्र के लिए हालांकि अभी तक टीम के कप्तान को नाम सामने नहीं आया है। वहीं हाल ही में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने कहा था कि अगर उन्हें अवसर दिया गया तो वह कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबले के साथ होगी। इसका समापन भी 25 मई को इसी जगह होगा।

### आईपीएल के लिए अभ्यास में लगी है पंजाब किंग्स

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की टीम इसी माह शुरु होने वाले आईपीएल के 18वें सत्र की तैयारियों में लग गयी है। इस बार पंजाब की टीम नये कप्तान रेयस अय्यर के साथ उतरेगी। आईपीएल कार्यक्रम जारी होने के बाद से ही पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरु कर दिया। टीम यहां के धर्मशाला स्टेडिमय में अभ्यास कर रही है। अभ्यास में प्रभ सिमरन सिंह, शशांक सिंह, यजुवेंद्र चहल सहित करीब 10 खिलाड़ी शामिल रहे। इस अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने पिच पर भी अभ्यास कर उनका अंदाजा लेने का प्रयास किया। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ियों को भी पंजाब के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का अवसर मिला। वहीं इस सत्र के साथ ही पंजाब की टीम यहां अभ्यास मैच भी खेलेगी। इन मैचों का आयोजन मौसम के हालात पर निर्भर करेगा, साथ ही यह मैच किसके साथ होगा, यह इसकी स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।गौरतलब है कि पंजाब किंग्स के लिए घरेलू मैदान माने जाने वाले धर्मशाला स्टेडियम में इस साल 3 आईपीएल मैच खेले जाएंगे। इन 3 मैचों में पंजाब की टीम का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा।

## अब रिचर्ड्स बोले, दुबई में खेलने का भारतीय टीम को मिल रहा लाभ

### आईसीसी एक ही जगह मैच रखने पर जवाब दे

एजेंसी ■ जमैका

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि आईसीसी ने भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में रखे हैं जिसका लाभ उसे मिल रहा है। रिचर्ड्स से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस और कुछ अन्य क्रिकेटरों ने भी कहा था कि दुबई में ही मैच होने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है जबकि अन्य टीमों को अलग-अलग मैच स्थलों पर जाना पड़ रहा है। रिचर्ड्स के अनुसार भारतीय टीम को एक ही जगह खेलने की सुविधा दी गयी है जिसको लेकर उन्होंने सवाल भी उठाये हैं। रिचर्ड्स ने ये भी कहा कि आईसीसी को चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया



और दक्षिण अफ्रीका को पता नहीं था कि उनके सेमीफाइनल मुकाबले कहां होंगे जबकि भारतीय टीम को पता था कि उ से दुबई के एक ही मैदान पर खेलना है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने भी ये सवाल उठाया था। रिचर्ड्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के दौरान कहा, हो सकता है कि लोगों का अनुमान सही हो। मुझे भी लगता है कि ऐसा राजनीति के कारण होता है। मैं राजनीति पक्ष में नहीं जाना चाहता पर मेरा मानना है कि आईसीसी को इस बारे में विचारा करना चाहिये था। आईसीसी की ही ये समस्या है और उसे जवाब देना चाहिये।

## बीसीबी ने बढ़ाया वेतन पर शाकिब को नहीं मिली पिछले चार महीने की बकाया राशि

**ढ़ाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने खिलाड़ियों की मैच फीस के साथ ही उनका वेतन भी बढ़ा दिया है पर टीम के पूर्व कप्तान व ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अभी पिछले चार माह का ही वेतन नहीं मिला है। बीसीबी ने भी इस बात को स्वीकार किया है पर कहा है कि सरकार ने शाकिब के खाते फ्रीज कर दिये हैं, इसी कारण उन्हें वेतन नहीं दिया जा सका है। शाकिब सुरक्षा कारणों से अभी स्वदेश नहीं लौटे हैं। वहीं बीसीबी के एक अधिकारी ने कहा शाकिब को सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर का वेतन अभी तक नहीं दिगया गया है और इसका मुख्य कारण यह है कि उनका बैंक खाता फ्रीज है। शाकिब को टैक्स को छोड़कर बीडीटी 48 लाख (यूएसडी 38400) यानी करीब 33 लाख रुपये मिलने हैं। पिछले साल 12 फरवरी को हुई बोर्ड की नौवीं बैठक के दौरान बीसीबी ने साल 2024 के लिए केंद्रीय संपर्क



सूची की घोषणा की थी, जिसमें शाकिब को सभी प्रारूपों के लिए अनुबंधित किया गया था। शाकिब ने भारत दौरे में टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा जताई थी पर शर्त रखी थी कि उन्हें सुरक्षा गारंटी दी जाए लेकिन बीसीबी ने कहा कि ये उनके हाथ में नहीं है जिसके बाद शाकिब स्वदेश नहीं लौटे थे। शाकिब शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के सांसद थे पर उनपर नई सरकार ने हत्या के आरोप लगा दिये थे।

# मुंबई के दिग्गज स्पिनर शिवालकर नहीं रहे

### गावस्कर और एमसीए अध्यक्ष सहित कई क्रिकेटरों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ■ मुम्बई

मुंबई के दिग्गज स्पिनर पद्माकर शिवलकर का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। शिवलकर 84 साल के थ। वह भारत के सबसे अच्छे स्पिनरों में शामिल थे हालांकि उन्हें भारतीय टीम की ओर से खेलने का अवसर कभी नहीं मिला। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। इसके अलावा लिस्ट ए क्रिकेट में उनको 16 विकेट मिले। इस तरह 600 से ज्यादा विकेट लेने के बाद भी उनको भारतीय टीम में अवसर नहीं मिल सका। इसी को लेकर पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि शिवालकर भारत के लिए खेलने के



अधिकारी थे पर उन्हें जगह नहीं मिलना हैरानी की बात थी। इस स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में प्रवेश करने के बाद 48 साल की उम्र तक खेला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2017 में सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने शवलकर के निधन पर कहा, ''मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। उन्हें खेल में योगदान के साथ ही सबसे बेहतर स्पिनर के तौर पर याद किया जाएगा।' वहींगावस्कर ने शिवालकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'कुछ अन्य की तुलना में वह भारतीय टीम में खेलने के अधिक योग्य थे।' गावस्कर ने शिवालकर के निधन पर एक भावुक संदेश लिखा और कहा, ''यह वाकई बहुत दुखद खबर है। कुछ ही समय में मुंबई क्रिकेट ने अपने दो दिग्गज खिलाड़ियों मिलिंद और पद्माकर को खो दिया है। यह दोनों कई जीत के सूत्रधार थे।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय कप्तान के तौर पर मुझे इस बात का अफसोस है कि मैं राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को उन्हें टेस्ट टीम में शामिल करने के लिए राजी नहीं कर पाया।''



इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलती हुई रुस की एनासटेशिया जखारोवा।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

## सत्ता न्यूज

### पूर्व पाक क्रिकेटर ने भारतीय टीम को दी चुनौती

# बेहतर है तो खेलें 10-10 मुकाबले

एजेंसी ■ लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहित उसके दिग्गज क्रिकेटर भारतीय टीम को पाक दौरे पर भेजने का लगातार अनुरोध करते रहे है पर भारतीय बोर्ड सुरक्षा कारणों से उसे ठुकराता रहा है। पीसीबी ने आईसीसी के जरिये भी भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया था पर जब आईसीसी ने मना कर दिया तो पाक के पूर्व क्रिकेटर घटिया स्तर पर उतर आये हैं। इस कड़ी में पाक के पूर्व स्पिन गेंदबाज सकलेन मुश्ताक ने भारतीय टीम को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय टीम वास्तव में हमसे





बेहतर टीम है तो पाकिस्तान के साथ 10 टेस्ट, 10 एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलकर दिखाये। सकलेन ने ये बात पाकिस्तानी मीडिया में कही। इस दौरान वहां पूर्व क्रिकेटर इंजमाम-उल-हक भी उपस्थित थे। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंदिता पर कई पूर्व दिग्गजों ने सवाल उठाते हुए कहा कि ये अब पहले की तरह रोमांचक नहीं रही क्योंकि अब मुकाबले एकतरफ हो रहे हैं क्योंकि पाक टीम काफी कमजोर हो गयी है। हाल के मैचों में भारत का प्रदर्शन पाकिस्तान से कहीं बेहतर रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारत ने पाकिस्तान को आसाने से हरा दिया था।

वहीं सकलेन इस बात से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर हम राजनीतिक बातों को छोड़ दें तो उनके खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं और वे अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। सकलेन ने साथ ही कहा, अगर आप सच में एक अच्छी टीम हैं, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक सीरीज खेलें तब सब कुछ साफ हो जाएगा। सकलेन का मानना है कि कुछ मैचों के आधार पर दोनों टीमों की तुलना करना सही नहीं है। ज्यादा मैच खेलने से असली तस्वीर साफ होगी। सकलेन ने भी माना कि इस समय पाकिस्तान टीम में सब कुछ ठीक नहीं है। लेकिन उनका मानना है कि सही इरादे से इसे ठीक किया जा सकता है। सकलेन मुश्ताक ने कहा, अगर हम अपनी तैयारी सही तरीके से करें और चीजों को सही दिशा में ले जाएं, तो हम ऐसी स्थिति में होंगे जहां हम दुनिया और भारतीय टीम को भी करारा जवाब दे सकते हैं।

### बाबा निराला की शरण में पहुंचे चहल

**मुम्बई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल आजकल खराब दौर से गुजर रहे हैं। पत्नी धनश्री वर्मा से भी उनका तलाक को गया है। वहीं इसी बीच चहल का एक ऐसा वीडिया सामने आया है जिसे देखकर आप हंसे बिना नहीं रह पायेंगे। इस पोस्ट में परेशान नजर आ रहे चहल बाबा निराला से सहायता मांगते दिख रहे हैं। पिछले हफ्ते एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सत्र का दूसरा पार्ट रिलीज हुआ था।



मुरादाबाद के आईजी पीएसी के आवास पर सिपाही शुभम कुमार (25) ने इंसास रायफल से गर्दन के नीचे गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रायफल में टीआरबी सिस्टम लगा होने के चलते एक के बाद एक तीन गोलियां चलीं, जिससे सिपाही के सिर के चीथड़े उड़ गए। शुभम यहां संतरी के रूप में तैनात था।



# काशी के मॉडल पर 2047 तक विकसित होगा भारत

## बचाएंगे संस्कृति-धरोहर...आधुनिक विकास को देशभर में लागू करने की चल रही कवायद

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

काशी के विकास के मॉडल पर भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। यहां पर संस्कृति-धरोहर बचाने के साथ हुए आधुनिक विकास को देश भर के शहरों में लागू करने की प्लानिंग चल रह रही है।

बीएचयू पहुंचे नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने ये बात कही। स्वतंत्रता भवन में भारतीय अर्थमिति सोसायटी के 59वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि काशी को पूरे देश में विकास के मॉडल की तरह से प्रस्तुत किया जाएगा। क्योंकि आज से 12 साल पहले काशी में विकास की कल्पना बहुत बड़ी बात थी। उन्होंने कहा, बनारस की दूसरी विजिट में मैंने देखा कि यहां पर विकास के साथ विरासत भी बचाई जा रही है। अब पूरे देश में ये ही मॉडल लागू करने की योजना बनाई



जा रही है। काशी और बीएचयू ज्ञान की राजधानी रही है। मानव पूंजी का निर्माण करने वाली बहुत बड़ी फैक्टरी है। इसी आधार पर भारत को विकसित बनाने की मुहिम चल रही है। महाकुंभ के श्रद्धालु भी मानव पूंजी ही हैं। इनके अलावा संस्कृति, विद्वता और एकेडमी पर भी काम करके देश को विकसित बना सकते हैं।सुमन बेरी ने कहा कि योजना आयोग पहले पैसे के वितरण की बात करता था।

### निवेश आधारित विकास होगा

नीति आयोग राज्यों को अवसर देता है कि लोकल फॉर वोकल और वहां के स्थानीय उत्पादों की पहचान बन सके। हमारा काम सरकार को नीति दस्तावेज सुझाना है। जिससे विकसित भारत के उद्देश्यों को सुनिश्चित किया जा सके। विकसित भारत बनाने के लिए हर वर्ष जीडीपी में 6.5 से 7.5 फीसदी के बीच वृद्धि की जरूरत है। 2025-35 के लिए निवेश आधारित विकास होगा।

# जयंत और राजकुमार की 13 करोड़ की सांसद निधि

## दोनों नहीं भेज रहे प्रस्ताव, कैसे होगा विकास

एजेंसी ■ बागपत

केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह और उनकी ही पार्टी रालोद के सांसद राजकुमार सांगवान की 13 करोड़ की निधि पड़ी हुई है। मगर, वह उसको खर्च करने के लिए प्रस्ताव ही नहीं दे रहे। इनमें जयंत की निधि के तीन करोड़ तो दो साल से बचे हुए हैं। अधिकारी भी अब प्रस्ताव मांगकर थक चुके हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री व रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने राज्यसभा सांसद बनने के बाद बागपत को अपना नोडल जिला बनाया था। यहां से उनका खाता संचालित होता है और उनके खाते में निधि के करीब आठ करोड़ रुपए बाकी है। वह अपनी निधि को केवल खेल सुविधाओं पर खर्च करने की बात कह चुके हैं। मगर, खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए भी फिलहाल उनका कोई प्रस्ताव नहीं आया है। उनकी निधि के तीन करोड़ तो दो साल पहले से पड़े हैं और वह उसको भी खर्च नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारियों ने पहले उनसे कई बार प्रस्ताव भेजने के लिए भी कहा, मगर प्रस्ताव नहीं आने पर अब अधिकारी भी शांत हो गए।



### सांगवान के केवल प्रस्ताव आए

रालोद के सांसद राजकुमार सांगवान की निधि के पांच करोड़ रुपये आए हुए भी करीब चार महीने बीत चुके हैं। मगर, उनकी तरफ से अभी तक उस निधि को खर्च करने के लिए विकास कार्यों के प्रस्ताव नहीं मिले हैं। उन्होंने अपने पत्र पर लिखकर प्रस्ताव दिए थे जो अधिकारियों ने ऑनलाइन देने की बात कहकर वापस लौटा दिए थे। इसके बाद से अधिकारी उनके प्रस्ताव का इंतजार कर रहे हैं। उनकी तरफ से अभी तक केवल मोदीनगर विधानसभा के छह प्रस्ताव दिए हैं। अन्य किसी विधानसभा के प्रस्ताव नहीं दिए गए हैं। इस तरह प्रस्ताव देने में कई-कई महीनों का समय लिया जा रहा है तो विकास कार्य किस तरह जल्दी हो सकते हैं।

## धर्म बदलने 20, तो शादी कराने पर 15 हजार रुपए देने का प्रलोभन

# यूपी में मिशनरियों का चल रहा मिशन मुस्लिम

## धर्मांतरण के लिए जिलों में मजबूत नेटवर्क

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मिशनरियों के मिशन मुस्लिम में हर काम के लिए धनराशि तय है। पूरे परिवार का धर्मांतरण कराने वाले को 20 हजार तो धर्म बदलने वाले युवक से शादी कराने पर 15 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। इस काम में कुछ चर्चित स्कूल और प्रतिष्ठित संस्थान हवाला एजेंट के रूप में कार्य करते हुए मिशनरियों तक मोटी धनराशि पहुंचा रहे हैं, जिसका उपयोग धर्मांतरण में किया जा रहा है। इसके लिए गांव स्तर पर प्रचारक नियुक्त किए गए हैं। प्रचारक का काम आर्थिक परेशानी और बीमारी को दूर करने का लालच देकर लोगों को प्रार्थना सभा में लाना है। मिशनरियों ने हर वर्ग के अनुसार प्रचारक नियुक्त किया है, जिससे उन्हें समझाने और धर्मांतरण के लिए राजी करने में आसानी होती है। यह पूरा अभियान प्रचार, पास्टर और पादरी के मध्यम से चल रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार इन्हें कुछ चर्चों से भी पैसे मिलने की जानकारी सामने आई है। आईबी के पूर्व अधिकारी संतोष सिंह बताते हैं कि धर्मांतरण के पूरे जाल को समझने के लिए जोशुआ प्रोजेक्ट की वेबसाइट को देखना होगा। अध्ययन के नाम पर धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।



### श्रावस्ती में पंजाब का कनेक्शन

उत्तर प्रदेश में पंजाब मॉडल पर धर्मांतरण की आशंका सच साबित होने लगी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र में धर्मांतरण के प्रयास में जिस हरीश सिंह के शामिल होने की बात सामने आई है, उसने पंजाब में करीब पांच वर्ष पहले ही धर्म बदल लिया है। वहां से गांव लौटा तो झोपड़ी में ही हर रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित से गायब हो गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने शिकंजा कसा तो वह घर से गायब हो गया। एसपी घनश्याम चौरसिया के अनुसार मामले की जांच के लिए सीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है।

### देवीपाटन मंडल में पुलिस सक्रिय

नेपाल सीमा से सटे देवीपाटन मंडल के संवेदनशील श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर और गोंडा में धर्मांतरण के मामले में पुलिस सक्रिय हुई है। पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने बताया कि चारों जिलों के एसपी से कहा गया है कि धर्मांतरण के मामले पर नजर रखें और त्वरित कार्रवाई करें। संदिग्ध लोगों का विवरण तैयार करें। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएं। धर्मांतरण के लिए जिलेवार टीमें बनाई गई हैं। प्रदेश में सर्वाधिक टीमें प्रयागराज में काम कर रही हैं।

| जिला | टीम |
|---|---|
| श्रावस्ती | 310 |
| बहराइच | 374 |
| बलरामपुर | 330 |
| गोंडा | 340 |
| अंबेडकरनगर | 347 |
| सीतापुर | 326 |
| अयोध्या | 333 |
| महराजगंज | 398 |
| सिद्धार्थनगर | 345 |
| अमेठी | 317 |
| रायबरेली | 323 |
| पीलीभीत | 346 |
| प्रयागराज | 443 |

# ब्रज की होली में मुस्लिम एंट्री बैन

## दुकानें भी रहें बंद, साधु-संतों की मांग

### भाजपा के विधायक ने भी दिया समर्थन

**इधर,** मथुरा में होली उत्सव पर मंदिरों के आसपास गैर हिंदुओं की दुकानें लगाने व उत्सव में शामिल होने का मामला गरमाता जा रहा है। साधु-संतों के विरोध के बाद बीजेपी विधायक भी उनके समर्थन में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि अल्पसंख्यकों के हिंदू त्योहार में शामिल होकर लव जिहाद और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका रहती है। अखिल भारतीय संत समिति और धर्म रक्षा संघ के साधु-संतों ने मांग का स्वागत किया है। दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा ने खून से पत्र लिखकर सीएम योगी से मंदिरों के आसपास मुस्लिमों के दुकान नहीं लगाने की मांग की थी। उन्होंने पत्र में लिखा था कि होली के पवित्र त्योहार पर मुसलमानों को दूर रखा जाए। उनके समर्थन में भाजपा विधायक के साथ अन्य साधु-संत भी उतर आए हैं। मांट से भाजपा विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि होली पवित्रता, आपसी भाईचारे का त्योहार है। कोई विधर्मी आकर हमारे त्योहार में विघ्न डालेगा तो स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### साधु-संतों ने भी खोला मोर्चा

महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद महाराज ने बरेली के कुछ मुस्लिमों द्वारा खून की होली खेलने की चेतावनी का विरोध किया। साथ ही कहा है कि ब्रजमंडल की होली से गैर हिंदू समाज के जिहादी तत्वों पर प्रतिबंध लगाया जाए। वृंदावन में चिंतामणि कुंज में आयोजित धर्म रक्षा संघ की बैठक के दौरान यह बात कही। वहीं धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा है कि जिहादी मानसिकता के लोग होली पवित्र त्योहार में रंग में भंग डालना चाहते हैं। आचार्य बद्रीश महाराज, महंत अतुल कृष्ण दास, महंत मोहिनी बिहारी शरण, महंत दशरथ दास महाराज समेत अन्य साधु-संत मौजूद रहे।

### गैर हिंदुओं पर लगे प्रतिबंध

अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा है कि वृंदावन के संतों की गैर हिन्दू, गैर सनातनी का होली में प्रतिबंध लगाने की मांग का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि न जाने क्यों सनातन धर्मावलंबियों से गैर हिंदुओं को आपत्ति हुई है। वह हिंदुओं के त्योहारों में रंग में भंग डालना चाहते हैं। हम यूपी सरकार से मांग करते हैं कि मथुरा-वृंदावन में होने वाली होली में गैर हिंदुओं का प्रतिबंध होना चाहिए।

# सीबीआई ने मारा छापा, नौ लोको पायलट गिरफ्तार

## मैरिज लॉन पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

एजेंसी ■ चंदौली

मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कालीमहाल स्थित राज मैरिज लॉन में सोमवार की देर रात सीबीआई की टीम ने छापा मारकर नौ लोको पायलट को पकड़ लिया। ये सभी प्रमोशन की परीक्षा के लिए लॉन में ठहरे हुए थे। इन लोगों को पीडीडीयू नगर रेलवे में तैनात एक कर्मचारी ने ठहराया था। आरोप है कि परीक्षा पास कराने के नाम पर लोको पायलट से लाखों रुपए वसूले गए थे और प्रमोशन के पेपर भी उपलब्ध करा दिए गए थे। फिलहाल, सीबीआई की टीम सभी को मुगलसराय कोतवाली लेकर गई है और उनसे पूछताछ कर रही है। लोको पायलट से इंस्ट्रक्टर लोको पायलट की प्रमोशन परीक्षा तीन



दिन बाद पीडीडीयू नगर में होनी है। सोमवार की देर रात पांच बाइकों से सीबीआई की टीम के 10 सदस्य राज मैरिज लॉन पहुंचे। इसके बाद लॉन में ठहरे सभी लोको पायलट को धर दबोचा। छापे से पहले कोतवाली पुलिस और पीएसी बुलाई गई ताकि किसी तरह के विवाद से बचा जा सके। इस मामले में पुलिस-प्रशासनिक और रेलवे के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सीबीआई की टीम पकड़े गए लोगों से कोतवाली में पूछताछ कर रही है।

### आकाश आनंद को आरपीआई में आने का अठावले ने दिया ऑफर

**लखनऊ।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने आकाश आनंद को बसपा से निकाले जाने पर कहा कि आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख मायावती का अनुसरण कर रहे थे। उन्हें अब पार्टी से निकाल दिया गया है तो उन्हें हमारी पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए। हम रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया में उन्हें उचित सम्मान देंगे। आकाश आनंद बहुजन समाज के मिशन को आगे बढ़ा रहे थे। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बारे में केंद्रीय मंत्री अठावले ने कहा कि उनका चरित्र बदल गया है। वो लगातार महाकुंभ पर टिप्पणी करते रहे जो कि सही नहीं है। वो खुद भी कुंभ में डुबकी लगाने गए लेकिन बयानबाजी करते रहे। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। वो हमारे मित्र हैं लेकिन अब वो बदल गए हैं।

# पान खाकर विस के प्रवेश द्वार पर मारी पिचकारी, अध्यक्ष हुए लाल

## तत्काल पहुंचकर कराई सफाई और दी सख्त हिदायत

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा की गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। साथ ही एक अनुशासनहीन घटना पर नाराजगी जताई। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला थूके जाने की सूचना मिली। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल पहुंचकर सफाई कराई। इस व्यवहार की भर्त्सना की। इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है। परंतु किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है।



**स्वयं आगे आकर स्वीकार करें...:** विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से अपील की है कि यदि भविष्य में किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें। विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। महाना ने यह भी कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह स्वयं आगे आकर स्वीकार करें। अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा।

## संभल पुताई मामले में मस्जिद पक्ष ने दाखिल की आपत्ति

# एएसआई ने वहां निरीक्षण किया, जहां जरूरत ही नहीं थी

सत्ता सुधार ■ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जामा मस्जिद पुताई मामले की सुनवाई हुई। एएसआई की रिपोर्ट के खिलाफ मस्जिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की है। कहा कि एएसआई ने वहां-वहां का निरीक्षण किया, जहां पर पुताई की जरूरत नहीं थी। उन स्थानों को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया जहां पर पुताई की जरूरत थी। मस्जिद में पिछले 100 वर्षों से रंगाई पुताई होती रही है। एएसआई ने कभी भी इस पर आपत्ति नहीं की। एएसआई ने मस्जिद कमेटी के आपत्ति पर जवाब दाखिल करने के लिया समय मांगा है। एएसआई के वकील ने कहा कि मस्जिद की पेंटिंग की जरूरत नहीं दिखी है।



न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई के लिए 10 मार्च की तिथि नियत की है। एएसआई की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मस्जिद में अभी रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। 28 फरवरी को न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को मस्जिद के परिसर की सफाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन इसकी पुताई के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया था।

### जवाब पेश करने का मांगा समय

मंगलवार को जब मामले की सुनवाई हुई तो मस्जिद समिति के वकील ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, जिस पर एएसआई के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। मस्जिद समिति के वकील ने यह भी कहा कि न्यायालय के पूर्व आदेश के अनुपालन में एएसआई की निगरानी में सफाई का काम चल रहा है।

## शिकंजा: भाग रहा था विदेश, ईडी ने एयरपोर्ट से दबोचा, कंपनियों का इतिहास और हकीकत जांचने के निर्देश

# 13,500 करोड़ का एमओयू करने वाला निकला ठग

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में 750 डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने को आगे आई कंपनी व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और व्यूनाउ इंफ्राटेक फर्जी निकली। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कागजों में फर्जीवाड़ा कर अफसरों की आंखों में धूल झोंक एमओयू की चाल चली। शीर्ष अधिकारियों ने कंपनी की कुंडली नहीं खंगाली। इसी एमओयू की आड़ में मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरोर ने अपनी टीम के साथ 3558 करोड़ निवेशकों से बटोर लिए। विदेश भागने से पहले ईडी ने उसे पत्नी सहित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर



गिरफ्तार कर लिया। निवेश के मामले में भी सरकार ने गलतियां रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति को लागू किया था और उसके आधार पर ही निवेश के प्रस्तावों को मंजूरी भी दी जा रही है। इसके मद्देनजर ही उच्च स्तर से वैश्विक निवेशक सम्मेलन में निवेश का समझौता करने वाली सभी कंपनियों का इतिहास और हकीकत जांचने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। परीक्षण में संदिग्ध पाई जाने की स्थिति में कंपनियों द्वारा किए गए एमओयू को रोकने या रद्द करने के भी निर्देश दिए गए हैं। लेकिन डाटा सेंटर के लेकर किए गए एमओयू में अधिकारी गच्चा खा गए। 20 नवंबर 2022 को तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की मौजूदगी में व्यूनाउ के एमडी और मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह खरोर ने एमओयू किया था।

### बिग डाटा टेक्नोलाजी के उपयोग की तैयारी थी

13,500 करोड़ के एमओयू के तहत व्यूनाउ इंफोटेक को प्रदेश के सभी जनपदों में डाटा सेंटर स्थापित करना था। मुख्य सचिव ने कहा था कि एमओयू के बाद प्रदेश में एज सेंटर का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क स्थापित होगा। इन्हीं डाटा सेंटरों की मदद से भविष्य में 5जी नेटवर्क, ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डाटा टेक्नोलाजी के उपयोग की तैयारी थी।

**निवेशकों को एमओयू की आड़ में फंसाया:** एमओयू के दौरान मास्टरमाइंड सुखविंदर सिंह ने बताया था कि उनकी कंपनी राज्य के सभी 75 जिलों में 750 डाटा सेंटर बनाएगी। राज्य सरकार के साथ इस एमओयू को उसने जमकर भुनाया। इसकी आड़ में उसने क्लाउड पार्टिकल घोटाला कर दिया। निवेशकों को फर्जी सेल एंड लीज-बैक मॉडल के जरिए फंसाया गया। इसके तहत डाटा सेंटर की स्टोरेज क्षमता को छोटे-छोटे हिस्सों में लीज पर देने का ऑफर दिया।

**पद्मश्री गोदावरी सिंह का निधन:** शिल्पकार पद्मश्री गोदावरी सिंह नहीं रहे। पिछले कई दिनों से ये बीमार चल रहे थे। लकड़ी के खिलौने को काशी से उठाकर देश और विदेश तक पहुंचाया।

किराये पर देना है

D.D. Nagar Gwalior Sector A स्थित एक मकान में स्वतंत्र पोर्सन 2 कमरे (एक बड़ा, एक साधारण), किचन, लेट - बॉथ एवं बाहर आगे एवं पीछे खुला, किराए से देना है एवं 3 BHK, एमराल्ड ग्रीन टाउनशिप एक डीलक्स, फ्लैट (एक ड्राइंग रूम,डाइनिंग , दो लेट-बाथ तथा तीन बालकनी, लिफ्ट फर्स्ट फ्लोर का है किराए से देना है

संपर्क करें 9179416408

घर बैठे कमाए

indus TOWERS

सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट छत पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस आयें या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं

8319401203
8278191967

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910